

डिजिटल लुटेरा : यूपीआई सुरक्षा को चकमा दे रहे साइबर ठग - 12




कच्चा तेल उछलने से फिसला बाजार सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, 5.14 लाख करोड़ डूबे - 12



विपक्ष अब ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए देगा नोटिस - 13



टीम भावना ने पर्दे के पीछे निभाई अहम भूमिका : सूर्यकुमार - 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.22
सूर्यास्त 06.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी 06:29 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 12 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 205, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# एलपीजी सिलेंडर किल्लत की अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं : मुख्यमंत्री



लखनऊ में एजेंसी पर गैस की किल्लत से जूझते लोगों की लगी कतार।

- सीएम ने जिलाधिकारियों व पुलिस अफसरों को कार्रवाई के दिए निर्देश
- सिलेंडर की कालाबाजारी व कृत्रिम कमी दिखाने वालों पर भी शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच उप्र में तेल व गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर मुख्यमंत्री योगी ने सख्त रुख अपनाया है। कहा कि गैस और तेल की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों और पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया है कि एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल या डीजल की कालाबाजारी करने या कृत्रिम कमी दिखाने वालों पर भी बेहद कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में अवसर तलाशने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि गैस और पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या कृत्रिम कमी दिखाकर कीमत बढ़ाने की कोशिश करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय से लेकर जिला स्तर तक निगरानी तेज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर नजर रखी जा रही है। जिलों की पुलिस को पेट्रोल पंपों के आसपास निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशासन ने शुरू किया सख्त निरीक्षण

● जिलों में पेट्रोल पंप और गैस गोदामों का औचक निरीक्षण ● कालाबाजारी और अवैध भंडारण की जांच ● सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी ● घरेलू सिलेंडर के कमर्शियल इस्तेमाल पर कार्रवाई

### गैस कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर

● भारत गैस : 1800-22-4344 ● इंडेन गैस : 1800-2333-555 ● एचपी गैस : 1800-2333-555
(उपभोक्ता डीलर द्वारा गैस न देने या शिकायत होने पर इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।)

### कई जिलों में फील्ड में उतरीं प्रशासनिक टीमें

सीएम की सख्ती के बाद कई जिलों में प्रशासनिक टीमें फील्ड पर उतर आई हैं। लखनऊ, नोएडा, कानपुर और प्रयागराज समेत कई शहरों में पेट्रोल पंपों, गैस गोदामों और वितरण केंद्रों पर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को घरेलू गैस सिलेंडर के कमर्शियल इस्तेमाल और अवैध भंडारण की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार प्रदेश में गैस या पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। गैस वितरण में कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों से देरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिसकी वजह गैस कंपनियों का सर्वर डाउन होना बताया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की गड़बड़ी की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- लोग घबराहट में न करें सिलेंडर बुकिंग

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि एलपीजी सिलेंडर की घबराहट में बुकिंग करने की जरूरत नहीं है और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए करीब 2.5 दिन का सामान्य आपूर्ति चक्र बरकरार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है और तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से इतर मार्गों के जरिए भी मंगाया जा रहा है। सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों के चलते देश में एलपीजी उत्पादन में 25% की वृद्धि हुई है। भारत करीब 40 देशों से कच्चा तेल आयात करता है। इसकी कच्चे तेल की दैनिक खपत करीब 55 लाख बैरल है। विविध स्रोतों से खरीद किए जाने से अब देश का लगभग 70 प्रतिशत कच्चा तेल आयात ऐसे मार्गों से हो रहा है जो होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर हैं, जबकि पहले यह अनुपात करीब 55 प्रतिशत था। शर्मा ने कहा कि फिलहाल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के दो जहाज भारत की तरफ आ रहे हैं और अगले कुछ दिन में इनके पहुंच जाने से देश में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति और मजबूत होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### गेन बिटकॉइन घोटाला मामले में आयुष वार्ष्णेय को किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 20,000 करोड़ रुपये के गेन बिटकॉइन मुद्रा घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल एवं डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने वार्ष्णेय के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था। वार्ष्णेय को सोमवार को देश से भागने की कोशिश करते समय मुंबई हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया। उसे मंगलवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई के अनुसार, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल बुनियादी ढांचे को डिजाइन और विकसित किया था जो कथित फर्जी उद्यम गेन बिटकॉइन के परिचालन की रीढ़ था।

### जयशंकर और लावरोव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की

**मॉस्को।** भारत और रूस के विदेश मंत्रियों, क्रमश: एस. जयशंकर एवं सर्गेई लावरोव ने बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने ईरान को लेकर स्थिति पर अपने विचार साझा किए और इसे शीघ्र ही स्थिति सामान्य होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थिति को शांत करने और सभी पक्षों के वैध हितों के संतुलन पर आधारित स्थायी समाधान प्राप्त करने की परिस्थितियों के निर्माण में एससीओ और ब्रिक्स की भूमिका का समर्थन करने पर भी जोर दिया।

### टेलीग्राम को 3,100 से अधिक चैनल निष्क्रिय करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को त्वरित संदेश मंच टेलीग्राम को कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करने वाले 3,100 से अधिक चैनल को तीन घंटे के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह पाया था कि इन चैनल पर कुछ सामग्री मालिकों, ओटीटी मंचों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले या उनके लाइसेंस-प्राप्त कार्यक्रमों को बिना कानूनी अनुमति के साझा और वितरित की जा रही थीं।

# ईरान का बड़ा वार, होर्मुज में समुद्री पोतों व खाड़ी में हवाई अड्डे व तेल क्षेत्र पर दागे ड्रोन

## ट्रंप बोले- ईरान से जंग जल्द खत्म होगी, हमने सब तबाह कर दिया, हमले के लिए कुछ नहीं बचा

दुबई, एजेंसी

ईरान ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट बढ़ने और तेल-समृद्ध क्षेत्र पर दबाव बनाने के अपने अभियान को तेज करते हुए फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया व दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों के तेल क्षेत्र को निशाना बनाया। ईरान के दो ड्रोन दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गिरे। इस हमले में चार लोग घायल हुए हालांकि उड़ान परिचालन जारी रहा। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जंग बेहतरीन चल रही है और यह जंग जल्द खत्म होगी क्योंकि हमने सब तबाह कर दिया है। अब वहां हमला करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है।

ईरान के संयुक्त सैन्य कमान ने पश्चिम एशिया में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने की कवायद शुरू करने की घोषणा की। इससे विशेष रूप से दुबई, सऊदी अरब और बहरीन द्वीप समूह खतरे में पड़ सकते हैं। ईरान ने इजराइल पर सबसे बड़ा हमला कर अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। साथ ही धमकी दी है कि वह अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी निशाना बनाएगा।




होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री पोत में लगी आग।

- भारत आ रहे थाई पोत पर हमला, ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 लापता
- ईरान ने इजराइल पर किए बड़े हमले, अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं
- ईरान इजराइल में स्थित अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी बना सकता है निशाना

### चीन बोला- हम खाड़ी देशों पर हो रहे हमलों से सहमत नहीं

चीन ने कहा है कि वह खाड़ी देशों पर हो रहे हमलों से सहमत नहीं है। ऐसे हमलों में आम लोगों और गैर-सैन्य जगहों को नुकसान पहुंच रहा है, जो ठीक नहीं है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों और जरूरी इमारतों को निशाना बनाना गलत है और इससे इलाके में तनाव और बढ़ सकता है। हालांकि चीन ने अपने बयान में किसी देश का नाम नहीं लिया।

इससे पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के तट पर थाइलैंड के एक मालवाहक जहाज पर एक मिसाइल गिरी, जिससे पोत में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह पोत भारत आ रहा था। थाइलैंड के समुद्री विभाग के अनुसार, ओमान की नौसेना द्वारा 20 लोगों को बचाए जाने के बाद अधिकारी मयूरी नारी जहाज पर तैनात चालक दल के तीन लापता सदस्यों की तलाश कर रहे हैं। ईरान ने इस संकरे जलडमरूमध्य में माल ढुलाई को लगभग पूरी तरह रोक दिया है।

### 778 नाविकों के साथ 28 भारतीय जहाज फंसे

**नई दिल्ली।** फारस की खाड़ी में 28 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं, जिन पर 778 नाविक सवार हैं। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इनमें से 24 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में 677 नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि चार जहाज चालक दल के 101 सदस्यों के साथ पूर्वी भाग में हैं। सिन्हा ने कहा, हम सभी जहाजों की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। पोत परिवहन महानिदेशालय ने भारतीय ध्वज वाले सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा उपायों को अपनाने सहित 'रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल' का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

### दो भारतीयों की मौत एक लापता : जायसवाल

**नई दिल्ली।** युद्ध के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत हो गई और एक लापता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। कहा कि भारत खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

## बिरला के खिलाफ प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

# सदन में शाह बोले- राहुल गांधी सदन में बोलना नहीं चाहते या उन्हें नियमानुसार बोलना नहीं आता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आचरण और सदन की कार्यवाही में उनकी भागीदारी पर तीखी टिप्पणियां करते हुए बुधवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्हें निचले सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा, आप प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव लाइए। हम मुद्दों पर जवाब देंगे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव को मैं सामान्य बात नहीं मानता।

शाह के भाषण के बाद, सदन ने ध्वनिमत से विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता का यह आरोप सही नहीं है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष की पार्टी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाई, उस पर भी वह नहीं बोले। वह बोलना ही नहीं चाहते। बोलना चाहते हैं तो नियमानुसार बोलना नहीं आता। यह कोई सभा (रैली) नहीं है, यहां नियमानुसार बोलना होता है। गृह मंत्री ने बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह बहुत अफसोसजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा, जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आप सदन के संचालन के नियमों को नजरअंदाज करेंगे तो अध्यक्ष का दायित्व है कि ऐसे सदस्य को रोकें, टोकें और बाहर निकाल दें। शाह ने कहा कि भाजपा और राजग के विपक्ष में रहते अध्यक्ष के खिलाफ कभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया और हमने हमेशा रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम किया। शाह ने कहा, जो नियमानुसार नहीं चलेगा, उसका माइक बंद हो ही जाएगा, बंद हो ही जाना चाहिए।

- कहा- जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा, ये सदन मेला नहीं
- लोकसभा में विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का जोरदार प्रहार



# थाइलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला, नोज गियर टूटा

**मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान ने बुधवार को थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर हार्ड लैंडिंग की जिससे उसके आगे के दोनों पहिए अलग हो गए और नोज गियर टूट गया। विमान ने हैदराबाद से फुकेट के लिए उड़ान भरी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भवन ले जाया गया और कोई घायल नहीं हुआ है। बोइंग 737-मैक्स 8 में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका। रनवे पर विमान के फंसे होने के कारण हवाई अड्डे का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और विमान को खींचकर बे (हवाई अड्डे का वह हिस्सा जहां विमान को खड़ा किया जाता है) की ओर ले जाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि फुकेट हवाई अड्डे पर विमान के आगे के पहिए में खराबी आ गई थी और चालक दल ने सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया व यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।



- फुकेट हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में कराई गई हार्ड लैंडिंग 133 लोग थे सवार

# ऊर्जा संकट पर मोदी बोले- अफवाहों पर मत दें ध्यान

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से अपील की कि वे पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रसाई गैस आपूर्ति में आई बाधा के मद्देनजर अफवाहों पर ध्यान न दें और आग्रह किया कि केवल सत्यापित जानकारी ही प्रसारित की जाए।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी देशभर में होटल उद्योग को प्रभावित करने वाली व्यावसायिक एलपीजी की कमी और इस मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना के साथ-साथ आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत या कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच आई है। मोदी ने यहां राजग की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तमिलनाडु में द्रमुक शासन की भी आलोचना की और कहा कि लोग ऐसी सरकार चाहते हैं जो हर परिवार के लिए काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए।

उन्होंने कहा, मैं लोगों से अपील करना चाहूंगा कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं। जाहिर तौर पर उनका इशारा खाड़ी क्षेत्र को प्रभावित करने वाले अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण आपूर्ति में व्यवधान से उत्पन्न एलपीजी संकट की ओर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि हमारी सरकार हमेशा भारत के हितों को सर्वोपरि रखती है। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में हम हर परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।



- पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रसाई गैस आपूर्ति में आई बाधा पर प्रधानमंत्री ने की अपील

# मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश को एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

अतिथियों ने प्रदेश में निवेश के लिए तैयार हो रहे सकारात्मक औद्योगिक वातावरण की सराहना की। बैठक में लोहम कंपनी द्वारा प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। यह भी चर्चा हुई कि उन्नत मटेरियल साइंस के क्षेत्र में अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन को जोड़कर प्रदेश को एक नए तकनीकी केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है। पहला, टू-डी मटेरियल (जैसे ग्रैफीन) का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा और आयु बढ़ाना।



### कौन हैं नोवोसेलोव

● विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता ● ग्रैफीन की खोज के लिए मिला नोबेल पुरस्कार ● उन्नत मटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ ● वर्तमान में लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर

## एनसीईआरटी पुस्तक विवाद | सुप्रीम कोर्ट ने 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पाठ्यक्रम शामिल करने के मामले में दिए सख्त निर्देश

# संबंधित लेखकों से खुद को अलग करें केंद्र और राज्य

- विवादित चैप्टर बनाने वाली प्रो. मिशेल को बैन करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि केंद्र व राज्य सरकारें एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में विवादास्पद अध्याय तैयार करने में शामिल तीन विशेषज्ञों से अपना संबंध तोड़ लें।

कोर्ट ने इस अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर आपत्तिजनक सामग्री शामिल किए जाने को लेकर यह सख्ती बरती है। न्यायालय ने केंद्र सरकार को एक सप्ताह के भीतर विषय-विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का निर्देश दिया, ताकि एनसीईआरटी की कानूनी अध्ययन की पाठ्यचर्या को अंतिम रूप दिया जा सके, जो केवल आठवीं कक्षा ही नहीं, बल्कि उच्च कक्षाओं के लिए भी लागू होगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया गया कि यह अध्याय प्रोफेसर मिशेल डैनिनो की अध्यक्षता में बनी पाठ्यपुस्तक विकास टीम द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार सदस्य के रूप में शामिल थे। इस पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। पीठ ने कहा, प्रारंभ में हमारे पास यह संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि प्रोफेसर मिशेल व उनके सहयोगी सुपर्णा तथा आलोक को भारतीय न्यायपालिका के बारे में उचित और पर्याप्त जानकारी नहीं है और/या उन्होंने जानबूझकर तथा सोच-समझकर तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है, ताकि छात्रों के सामने कोर्ट की नकारात्मक छवि पेश की जा सके। विवादित चैप्टर बनाने वाली प्रो. मिशेल को बैन करने के निर्देश दिए।



### पीठ ने सरकार से ऐसे वेबसाइट व उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों का विवरण मांगा

पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति (एनएसटीसी) की संरचना पर भी फिर से विचार करना चाहिए, विशेष रूप से उन लोगों के संबंध में, जिनके साथ पाठ्यपुस्तक विकास टीम के सदस्यों द्वारा विवादित अध्याय को डिजिटल रूप से साझा किया गया था। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि 26 फरवरी को इस मामले में आदेश पारित करने के बाद तथाकथित सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों ने गैर-जिम्मेदाराना ढंग से कार्रवाई और प्रतिक्रियाएं दीं। पीठ ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि समस्या का सीधे सामना किया जाना चाहिए। इसलिए हम भारत सरकार को निर्देश देते हैं कि ऐसे वेबसाइट और उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान करे और उनका पूरा विवरण हमें उपलब्ध कराए, ताकि हम उचित कार्रवाई कर सकें।

# समाज कल्याण विभाग में 'घोटाला सिंडिकेट' से लड़ना आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- वर्षों पुराने फर्जीवाड़े पर कार्रवाई में हुई देर, नेता-लिपिक और दलालों का भंडाफोड़ मुश्किल
- पांच महीने में छह समाज कल्याण अधिकारी हुए बर्खास्त, अभी कार्रवाई की जद में दर्जनों

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सालों पुराने समाज कल्याण विभाग के 'घोटाला सिंडिकेट' कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ रही है। पांच माह में छह समाज कल्याण अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद अभी दर्जनों कतार में हैं। हालांकि तत्कालीन मंत्री-शासन-प्रशासन से लेकर रातोंरात करोड़पति बनने वाले लिपिकों और दलालों को अंजाम तक पहुंचाना सपने जैसा है।

समाज कल्याण विभाग की कई योजनाओं में लंबे समय से फर्जीवाड़े के आरोप सामने आते रहे हैं। जांच में छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन और आर्थिक सहायता योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। कई मामलों में करोड़ों रुपये की वसूली और सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में कटौती तक के आदेश दिए गए हैं। ताजा कार्रवाई में अमेठी के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला और हरदोई के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। अमेठी में विभाग के ही प्रधान लिपिक गोकुल प्रसाद जायसवाल ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने उन्हें चैंबर में बुलाकर धमकाया और मोबाइल छीनकर फोन-पे के जरिए उनकी पत्नी के खाते में 40 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। विभागीय जांच में आरोप सही पाए गए। हरदोई में तत्कालीन अधिकारी हर्ष मवार पर भुगतान और खरीद में टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर वित्तीय नियमों के विपरीत काम कराने के आरोप सिद्ध हुए। जांच में पाया गया कि कोटेशन के आधार पर भुगतान कर सरकारी धन के उपयोग में गंभीर अनियमितताएं की गईं।

इससे पहले श्रावस्ती की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव को भी सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। उन पर मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभार्थियों के खातों में हेरफेर कर सरकारी धन का गबन कराने के आरोप सिद्ध हुए। मथुरा के तत्कालीन अधिकारी करुणेश त्रिपाठी के मामले में जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। 11 मान्यता विहीन संस्थानों को 2.53 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति जारी कर दी गई और फर्जी छात्रों के नाम पर भुगतान हुआ। यहां तक कि 2 साल से 51 साल तक की उम्र के लोगों को आईटीआई छात्र दिखाया गया। हापुड़ के संजय कुमार ब्यास और शाहजहांपुर के राजेश कुमार के खिलाफ भी करोड़ों रुपये की अनियमितताओं के बाद बर्खास्तगी और वसूली की कार्रवाई हो चुकी है। वहीं औरैया के श्रीभगवान, मथुरा के विनोद शंकर तिवारी और उमा शंकर शर्मा जैसे सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती के आदेश दिए गए हैं।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, विभाग में घोटालों का नेटवर्क सिर्फ जिलों तक सीमित नहीं था। योजनाओं के नाम पर फर्जी लाभार्थी जोड़ना, रिकॉर्ड में हेरफेर और मान्यता विहीन संस्थानों को भुगतान कर करोड़ों रुपये का खेल चलता रहा। अब जांच की आंच कई अन्य अधिकारियों, लिपिकों और कथित दलालों तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### जिम्मेदारों तक कार्रवाई पहुंचेगी : असीम अरुण

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का कहना है कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं जो वर्षों से दबे पड़े थे। अब सभी मामलों में जांच कर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### ऐसे चलता था घोटाले का खेल

- योजनाओं में फर्जी लाभार्थी जोड़कर भुगतान
- छात्रवृत्ति के नाम पर मान्यता विहीन संस्थानों को धनराशि
- रिकॉर्ड में हेरफेर कर खातों में बदलाव
- टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर भुगतान
- कर्मचारियों पर दबाव और वसूली के आरोप

### अब तक की बड़ी कार्रवाई

- पांच माह में 6 जिला समाज कल्याण अधिकारी बर्खास्त
- कई मामलों में करोड़ों रुपये की वसूली के आदेश
- 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती
- कई अन्य अधिकारी-कर्मचारी अभी जांच के दायरे में

# कृषि क्षेत्र के लिए 31.43 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 31.43 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं। यह धनराशि बीज स्वावलंबन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना और कृषि विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण पर खर्च की जाएगी।

सरकारी जानकारी के अनुसार बीज स्वावलंबन नीति के तहत खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के बीज उत्पादन के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम के लिए 12.26 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अलावा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन और एरियर के भुगतान के लिए 8.79 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत इटावा स्थित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कार्मिकों के वेतन-भत्तों के लिए 3.47 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इन योजनाओं से कृषि अनुसंधान, बीज उत्पादन और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज में दो मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 3.46 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ/प्रयागराज :** संगम नगरी प्रयागराज में पर्यटन विभाग करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के विकास पर कुल 3.46 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि फलाहिरी बाबा मंदिर के विकास के लिए 1.64 करोड़ रुपये और दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के सौंदर्यीकरण व पर्यटन सुविधाओं के लिए लगभग 1.82 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। परियोजना के तहत फलाहिरी बाबा मंदिर के लिए 40 लाख रुपये और दुर्गा मंदिर के लिए 45 लाख रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

### अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगी नि:शुल्क बस यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए 14 व 15 मार्च 2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को परिवहन बस की निशुल्क यात्रा की सुविधा नहीं मिलेगी। विभागीय अधिकारी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त सूचना को भ्रामक बताया है, जिसमें बताया गया है कि परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाकर नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। परिवहन निगम में प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने बुधवार को समस्त क्षेत्रीय-सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त भ्रामक सूचना के खंडन के सम्बन्ध में बस अड्डों पर हेल्प डेस्क के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें।

### सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि 14 मार्च को प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए विभागवार नोडल अधिकारी नामित किए जाएं और अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन मामलों की पहचान कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव बुधवार को मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए और आमजन को इसके लाभों के बारे में जागरूक किया जाए। बैंक रिकवरी, बिजली कंपाउंडिंग, मोटर वाहन अधिनियम के लंबित चालान, राजस्व, नगर निगम कर, अतिक्रमण और अन्य विभागीय मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

# रेसिपी आधारित पुष्टाहार लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा यूपी

## अप्रैल से आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू होगी नई पौष्टिक भोजन व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुपोषण के खिलाफ प्रदेश सरकार के अभियान को मिलेगी मजबूती



**अमृत विचार:** प्रदेश में बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अप्रैल से प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था लागू की जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत लागू होने वाली इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत लाभार्थियों को तय पोषण मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी, वहां नैफेड के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने चेहरा पहचान प्रणाली (फेस रिकग्निशन सिस्टम) लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अनुपूरक पुष्टाहार का ऑफलाइन वितरण अमान्य होगा और केवल एफआरएस प्रणाली के माध्यम से ही वितरण मान्य माना जाएगा। इससे लाभार्थियों तक सही तरीके से पोषण सामग्री पहुंचाने और धांधली पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

सरकार का मानना है कि रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू होने से प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ चल रही लड़ाई को नई ताकत मिलेगी और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों तथा महिलाओं को बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### किसे क्या मिलेगा

- 6 माह–1 वर्ष : आटा-बेसन हलवा
- 1–3 वर्ष : आटा-बेसन हलवा
- 3–6 वर्ष : आटा-बेसन बर्फी व दलिया-मूंग-सोया खिचड़ी
- गर्भवती व धात्री महिलाएं : आटा-बेसन-सोया बर्फी व दलिया-मूंग-दाल खिचड़ी

### अतिकुपोषित बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था

- 6 माह–1 वर्ष : पौष्टिक हलवा
- 1–3 वर्ष : 'बाल संजीवनी' पौष्टिक हलवा
- 3–6 वर्ष : पौष्टिक हलवा और पौष्टिक दलिया

### व्यवस्था की खास बातें

- आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी आधारित पुष्टाहार
- फेस रिकग्निशन सिस्टम से वितरण
- 301.19 करोड़ रुपये का फंड मंजूर
- पोषण मानकों में 11 माइक्रोन्यूट्रिएंट शामिल

## भाजपा के 'अच्छे दिनों' का सिलेंडर अब खाली हो चुका है : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रसोई गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के "अच्छे दिनों" का सिलेंडर अब खाली हो चुका है और आम जनता गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि कई जगह उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगने के बाद बताया जा रहा है कि बिना डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के सिलेंडर नहीं मिलेगा। ऐसे में अगर गैस कंपनियों का सर्वर डाउन है तो इसके लिए जनता जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वर चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसकी खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भोजन बनाने के संकट से जूझ रहे परिवारों की मजबूरी का फायदा उठाकर ब्लैक मार्केट में सिलेंडर कई गुना अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कोरोना काल में लोग ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए भटकते रहे और अब रसोई गैस के सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर मौलाना सलीम का पुतला जलाते लोग।

## प्रधानमंत्री 14 को जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर को पूरे देश में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यूपी सरकार ने इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शासनादेश के अनुसार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर होगा। प्रदेश के सभी जिलों, विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में किसानों को इस कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जोड़ने के लिए आयोजन किए जाएंगे।

# जिलों में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि जारी की गई

**अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने जा रही है। इन विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को एक ही परिसर में आधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद सहित बहराइच, चंदौली, मिर्जापुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर, गाजियाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, कौशांबी, फर्रुखाबाद, अमेठी और उन्नाव समेत कई जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 23 से 28 करोड़ रुपये तक की लागत स्वीकृत की गई है तथा प्रथम किश्त के रूप में संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में आधुनिक कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल मैदान, पुस्तकालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# नगर निकायों को 1350 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के तहत मार्च माह के लिए स्वीकृति

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 के लिए नगरीय निकायों को 1350 करोड़ रुपये की सामान्य समनुदेशन राशि जारी करने की स्वीकृति दे दी है। यह धनराशि नगर निगम, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्धारित नियमों के तहत उपलब्ध कराई जाएगी।

वित्त विभाग के आय-व्ययक अनुभाग-2 की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार यह राशि लेखा शीर्ष 3604 (स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन) के अंतर्गत जारी की जाएगी। कुल स्वीकृत धनराशि निदेशक, स्थानीय निकाय के निवर्तन पर रखी जाएगी और वहीं से विभिन्न नगरीय निकायों में आवंटित की जाएगी। शासनादेश में कहा गया है कि धनराशि का आवंटन पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार किया जाएगा। संबंधित निकायों को कोषागार के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। यदि किसी निकाय पर पहले से कोई समायोजन या कटौती लंबित है तो पहले उसका समायोजन किया जाएगा, उसके बाद ही शेष राशि जारी की जाएगी। इसके साथ ही निदेशक, स्थानीय निकाय को निर्देश दिया गया है कि निकायों द्वारा धनराशि के आहरण की सूचना वाउचर संख्या और तिथि सहित प्राप्त कर वित्त विभाग और नगर विकास विभाग को उपलब्ध कराएं। शासन स्तर पर धनराशि के उपयोग की समीक्षा भी की जाएगी।

### स्वीकृत राशि

- कुल स्वीकृति : 1350 करोड़ रुपये
- नगर निगम : 607.50 करोड़ रुपये
- नगर पालिका/नगर पालिका परिषद : 472.50 करोड़ रुपये
- नगर पंचायत : 270.00 करोड़ रुपये

# एक रनवे के साथ शुरू होगा नोएडा एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण का 95 प्रतिशत निर्माण पूरा, प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानों का अनुमान



**अमृत विचार:** गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तेजी से संचालन की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का करीब 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी।

अधिकारियों के अनुसार, एयरपोर्ट से प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंचेगी, एयरपोर्ट पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट लगभग 7 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। एयरपोर्ट के पहले चरण में करीब 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि अतिरिक्त 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित करने की योजना है। एयरपोर्ट के लिए भूमि खरीद पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7,000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे बड़े और आधुनिक हवाई अड्डों में विकसित करने की योजना है। परियोजना के पूर्ण होने पर यहां कुल पांच रनवे होंगे और एयरपोर्ट का क्षेत्रफल लगभग 11,750 एकड़ तक पहुंच जाएगा। अंतिम रूप से तैयार होने के बाद इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 30 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शामिल हो सकता है।

### पहले चरण के मुख्य बिंदु

- एक रनवे के साथ होगा संचालन
- सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता
- प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें
- 95% निर्माण कार्य पूरा

### पूरी परियोजना की रूपरेखा

- कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़
- पांच रनवे विकसित किए जाएंगे
- 30 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष
- लॉजिस्टिक्स, उद्योग और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**बढ़ते कदम** | यूपी में 20 हजार से अधिक स्टार्टअप इंडिया मान्यता प्राप्त इकाइयां सक्रिय

# स्टार्टअप इंडिया से युवाओं की उद्यमिता को नई रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टार्टअप हब बन रहा यूपी, नवाचार को मिल रहा संस्थागत समर्थन



**अमृत विचार:** प्रदेश तेजी से देश के उभरते हुए स्टार्टअप हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों, संस्थागत ढांचे और वित्तीय प्रोत्साहन के चलते नवाचार और उद्यमिता को नई गति मिली है। प्रदेश में अब 20 हजार से अधिक स्टार्टअप "स्टार्टअप इंडिया" के तहत मान्यता प्राप्त कर चुके हैं, जो तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम का संकेत है।

योगी सरकार की स्टार्टअप नीति और प्रोत्साहन योजनाओं के चलते युवाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिल रहा है। इससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिला है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रदेश में स्टार्ट इन यूपी पहल के अंतर्गत भी उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके तहत अब तक तीन हजार से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिल चुकी है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देना और युवाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है।

स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में इन्क्यूबेशन नेटवर्क की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में वर्तमान में 76 मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर कार्यरत हैं, जो नए उद्यमियों को तकनीकी सहयोग, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। ये इन्क्यूबेटर विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और निजी संगठनों के साथ मिलकर स्टार्टअप्स को शुरुआती चरण से ही सही दिशा देने का काम कर रहे हैं।

### स्टार्टअप इकोसिस्टम की तस्वीर

- 20 हजार से अधिक स्टार्टअप इंडिया मान्यता प्राप्त स्टार्टअप
- 3 हजार से अधिक स्टार्ट इन यूपी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप
- 76 मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर सक्रिय
- 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को मंजूरी

### वित्तीय प्रोत्साहन

- 146 करोड़ रुपये के इंसेंटिव स्वीकृत
- 58 करोड़ रुपये की राशि स्टार्टअप्स को वितरित
- उत्पाद विकास, तकनीकी उन्नयन और बाजार विस्तार में मदद

### इन क्षेत्रों में बढ़ रहा नवाचार

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- डेटा एनालिटिक्स
- एग्रीटेक
- टेक्नोलॉजी आधारित सेवाएं
- डिजिटल और इनोवेशन आधारित समाधान

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं वंदना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**सीएम युवा योजना से ऑयल मिल शुरू कर बनीं आत्मनिर्भर**



**अमृत विचार:** प्रदेश में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इस योजना का लाभ उठाकर राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज की वंदना यादव ने ऑयल मिल स्थापित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है।

वंदना यादव ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत बैंक ऑफ इंडिया से ऋण प्राप्त हुआ, जिसके बाद उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर गांव मजरा खुजेहटा में सरसों तेल की ऑयल मिल शुरू की। इस इकाई में शुद्ध सरसों के तेल का उत्पादन किया जा रहा है और उन्होंने अपने उत्पाद का एक स्थानीय ब्रांड भी शुरू किया है।

आज उनकी मिल से तैयार तेल आसपास के कई गांवों में आपूर्ति किया जा रहा है। इस उद्यम से न केवल वंदना आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। उनके प्रयास से क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरणा मिल रही है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए पहले चरण में 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाता है। समय पर भुगतान करने पर दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। सरकार का लक्ष्य हर वर्ष एक लाख नए उद्यमी तैयार करना है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर



विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

## एमीफोरिया-2026 फैशन-शो में अवध विश्वविद्यालय ने लहराया परचम

- लखनऊ के एमिटी विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

अयोध्या कार्यालय



लखनऊ में आयोजित फैशन शो में प्रतिभाग करतीं अवध विश्वविद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ स्थित एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एमीफोरिया-2026 के अंतर्गत फैशन शो प्रतियोगिता में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की थीम ''एफर्टलेस दीवा'' थी। जिसमें कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन तथा समन्वयक प्रो. अनूप कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने परचम फहराया।

अवध विश्वविद्यालय की टीमों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। टीम-1 'एरा आइकन्स' ने हॉलीवुड से प्रेरित प्रस्तुति देकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (विजेता) प्राप्त किया। इस टीम में सोनाक्षी, रुपाली वर्मा, अक्षत जायसवाल, अमीना रोजी, आकांक्षा उपाध्याय और पल्लवी सिंह शामिल रही। वहीं टीम-2 ''ऑरा ऑफ लीजेंड्स'' ने बॉलीवुड से प्रेरित प्रस्तुति दी और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस टीम में इकरा बानो, आयुषी यादव, शुभम शर्मा, ललिता वर्मा, सृजिंका यादव और विभा चौधरी शामिल रहे।

प्रतिभागियों को विनिता मोटवानी पटेल, शालिनी पाण्डेय, रत्नेश यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिनमें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी तथा इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक सहित अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## लूट व जानलेवा हमले में कोर्ट के आदेश पर चार पर केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मंगन के आदेश पर महिला व उसके पति पर प्राणाघातक हमला व छेड़छाड़ कर सोने की कील लूटकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना कैंट पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अधिवक्ता संजीव यादव ने पीड़िता की ओर से शांतनु यादव, सिद्धार्थ यादव, कृष्णमणि यादव व यादवेन्द्र यादव विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की अर्जी न्यायालय में दाखिल की थी। आरोप था कि 22 दिसम्बर 2025 को पीड़िता जब अपने पति के साथ दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती अपने भाभी का हालचाल लेने जा रही थी, रास्ते में ही विपक्षीगण ने रंजिश के तहत लाठी, डंडा आदि हथियारों के लैस होकर हमला कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी शांतनु ने पीड़िता से छेड़छाड की और उसकी सोने की चेन लूट ली। होहल्ला सुनकर राहगीरों ने बीच बचाव किया। थाना प्रभारी कैंट संदीप सिंह ने बताया कि तीनों सगे भाईयों समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# आपूर्ति के आंकड़े पहले जैसे फिर भी रसोई गैस को लेकर हलचल

## नगर विधायक ने की गैस एजेंसी मालिकों व अफसरों संग बैठक ▪ बोले-अयोध्या में कॉमर्शियल सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति का प्रयास

अयोध्या कार्यालय।



सर्किट हाउस में अधिकारियों व गैस एजेंसी मालिकों के साथ बैठक करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई सुचारु रखने को लेकर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को गैस एजेंसी मालिकों और प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक की। कहा कि मुख्यमंत्री से वार्ता कर अयोध्या में कॉमर्शियल सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रसोई गैस आपूर्ति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर बैठक की थी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आपूर्ति को व्यवस्था लेकर नजर रखने का निर्देश दिया था। ''अमृत विचार'' ने भी जिले में गैस के संकट को अपने बुधवार के अंक में प्रमुखता से उठाया था। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को सर्किट हाउस में गैस एजेंसी संचालक, इंडियन ऑयल के अफसरों और एडीएम सिटी योगानंद पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश मिश्र के साथ बैठक की। मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। बताया कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। पहले भी 11 हजार सिलेंडर आते थे, आज भी 11 हजार सिलेंडर ही आ रहे हैं। कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की बात भी कही गई। बताया कि स्टॉक है एक-दो दिन में इसकी आपूर्ति भी व्यवस्थित हो जाएगी।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही स्पष्ट कर चुके हैं कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। कहा कि जागरूकता के अभाव में अनावश्यक भीड़ लग रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामनवमी का पर्व निकट है। शहर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। संत-महंतों के यहां नियमित भंडारे आयोजित होते हैं। कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से होटल, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट संचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसे भी दुरुस्त कराया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि अयोध्या के लोगों और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। मौके पर डीलर रामू प्रियदर्शी, रतन सिंह, सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

### रोकी दी गई कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति

अयोध्या, अमृत विचार : कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भारत सरकार ने ही रोक दी है। सर्किट हाउस में बैठक के बाद जिला आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश मिश्र ने विज्ञप्ति जारी कर स्थिति स्पष्ट की। बताया कि समीक्षा में तीनों ऑयल कंपनी के सेल्स अफसरों ने बताया कि जिले में तीनों ऑयल कंपनी (आईओसीएल/ बीपीसीएल /एचपीसीएल) की कुल 55 गैस एजेन्सियाँ कार्यरत हैं। इसमें 10 मार्च को 12,504 और 11मार्च को 12,196 घरेलू कुकिंग गैस सिलेंडरों की उपलब्धता है। जिले की दैनिक मांग 11,200 गैस सिलेंडरों की है। घरेलू गैस सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है। कहा कि 19 किग्रा के कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आमद भारत सरकार से रोक दी गई है। जिसके कारण होटलों / प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक भंडारों आदि स्थानों पर समस्या है। अयोध्या विधायक ने आश्वासन दिया है कि वह मुख्यमंत्री से वार्ता कर जिले के लिए कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगें। बताया कि एक रिफिल प्राप्त होने के 25 दिन के बाद ही अगली बुकिंग की जा सकेगी। गैस एजेंसी पर भीड़ न लगाकर उपभोक्ताओं के घर पर ही होम डिलीवरी के माध्यम से बुकिंग के 48 से 72 घंटे के अंदर संबंधित गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी।

### टोल फ्री, मिस्ड कॉल नंबर भी निष्क्रिय

रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए टोल फ्री नंबर और मिस्ड कॉल नंबर भी निष्क्रिय हो गए हैं। ज्यादातर लोग घर बैठे इन्ही नंबरों से बुकिंग करते रहे हैं। कई लोगों ने बुधवार को बताया कि इन दोनों नंबरों से बुकिंग नहीं हो पा रही है। सुबह कैंसिल बताता है तो शाम को नॉट रिचेबल बता रहा।

### कालाबाजारी की ओर इशारा आंकड़े व भौतिक स्थिति

सरकिट हाउस की बैठक में आंकड़ों में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति पहले प्रतिदिन होने वाली आपूर्ति जैसी बताई गई। बावजूद इसके एजेसियों से होम डिलेवरी के साथ एजेंसी पर सिलेंडर मिलने में कठिनाई कालाबाजारी की ओर इशारा कर रही है। अफसर कहते हैं कि इस पर भी नजर है, लेकिन रसोई गैस की कमी की अफवाह के बीच लोगों ने एक के स्थान पर कई-कई सिलेंडर डंप करना शुरू कर दिया है। समस्या का एक पहलू यह भी है।

### गैस सिलेंडर के लिये लगी लंबी कतार में लगे लोग



**सोहावल, अमृत विचार :** यहां गैस एजेंसी पर बुधवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। एजेंसी के बाहर सुबह से ही लंबी कतार लगी। कअफरा-तफरी जैसा माहौल रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गैस वितरण की व्यवस्था बेहतर हो जाए तो लंबी कतारों से बचा जा सकता है। उप जिलाधिकारी सोहावल सविता देवी ने बताया एलपीजी गैस की कोई समस्या नहीं है, कुछ लोगों से एक से अधिक सिलेंडर स्टॉक करने के कारण कुछ भीड़ देखी जा रही है। गैस की कालाबाजारी न हो इसपर नजर रखी जा रही है। यदि किसी को कालाबाजारी करते हुए को पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



बीकापुर में गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लगी लंबी कतार।

### होम डिलेवरी बंद, एजेंसी पर रसोई गैस के लिए लंबी लाइन

**बीकापुर, अमृत विचार :** रसोई गैस की किल्लत यहां आसानी से देखी जा सकती है। उपभोक्ता परेशान है। गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। बताया गया कि बीकापुर में कई दिनों से होम डिलीवरी बंद कर दी गई है। जिसे और समस्या उत्पन्न हुई है। कस्बे में स्थित भारत गैस एजेंसी के कार्यालय पर बुधवार को भी टोकन पर्ची लेने के लिए सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ रही। दोपहर में रसोई गैस सिलेंडर की गाड़ी आई। गैस गोदाम के पास मैदान में उपभोक्ताओं से पर्ची लेकर रसोई गैस का वितरण किया गया। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से बाजारों में संचालित चाय, जलपान की दुकानों पर भी समस्या पैदा हो गई है। शादी विवाह और सहालग का समय होने के चलते भी लोगों को गैस की जरूरत है। रसोई गैस पानी के लिए लोग प्रभावशाली लोगों से फोन कराने के साथ जुगाड़ लगाते देखे जा रहे हैं। कस्बा में स्थित भारत अमर रसोई गैस प्वाइंट पर रसोई गैस लेने के लिए सुबह से ही उपभोक्ताओं की कई दिनों से भीड लग रही है। जिन उपभोक्ताओं द्वारा पहले रसोई गैस की बुकिंग की गई है उन्हें तो क्रमवार रसोई गैस का वितरण किया जा रहा है लेकिन उसी दिन बुकिंग करके गैस लेने आने वाले उपभोक्ताओं को वापस लौटना पड़ रहा है, अन्य दिन आने के लिए कहा जा रहा है। संचालक अमर ने बताया कि पहले की तरह अभी भी सिलेंडर की आपूर्ति रोज हो रही है। नियमानुसार उपभोक्ताओं को रसोई गैस का वितरण किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि कुचेरा बाजार स्थित गैस एजेंसी पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सूचना मिलती है कि गैस की गाड़ी आ गई है, वितरण शुरू हो गया है। कई लोग तुरंत एजेंसी पहुंच जाते हैं, लेकिन वहां पहुंचने पर पता चलता सिलेंडर खत्म हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### कई दिनों तक नहीं मिल पाई रसोई गैस

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** रसोई गैस उपभोक्ताओं को कई दिनों से रसोई गैस नहीं मिल पाई। टंडौली टंडौली से चार मार्च को होली के दिन सिलेंडरों की डिलीवरी की गई थी, लेकिन उसके बाद करीब सात दिनों तक डिलीवरी नहीं हो सकी। गैस लेने के लिए लोग लगभग 11 किमी. दूर के गांवों से एजेंसी तक आ-जा रहे हैं। जिससे उन्हें काफी दिक्कतें हो रही हैं। गोदाम इंचार्ज बाजार से बताया कि बुधवार को लगभग 300 सिलेंडर की खेप एजेंसी पर पहुंची, जिसमें से करीब 200 सिलेंडर वितरित कर दिए गए हैं। लगभग 100 सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से गांव-गांव भेजे जा रहे हैं। बताया कि बुकिंग के अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जाएंगे और दो से चार दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनी शिकायतें

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि सभी विभाग जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अयोध्या में नहीं करने देंगे प्रवेश

**अयोध्या, अमृत विचार।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद लगातार विवादित बयान देकर साधु-संत समाज और हिंदू समाज की भावनाओं को आहत कर रहे हैं। यदि वह अयोध्या आते हैं तो उनका विरोध किया जाएगा और उन्हें शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। यह ऐलान कृष्णानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकुंद माधव ने किया। उन्होंने जिलाधिकारी व एसएसपी को पत्र लिखकर उनके संभावित अयोध्या आगमन पर रोक लगाई जाए। मुकुंद के अनुसार नैमिषारण्य में कार्यक्रम के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अयोध्या आने की संभावना जताई जा रही है।

### जिले के 68,418 बिजली उपभोक्ताओं को मिला लाभ



**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में जिले के 68,418 उपभोक्ताओं को लाभ मिला है। योजना के तीन चरणों में उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में पर लगे ब्याज पर 100 फीसदी की छूट थी। अधिशासी अभियन्ता वैभव आनन्द ने बताया किप्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में मूल धन पर क्रमश: 25 फीसदी, 20 फीसदी और 15 फीसदी तक की छूट दी गई। जिले में कुल 68418 उपभोक्ताओं ने 60.72 करोड़ रुपये जमा किए और विद्युत विभाग से उपभोक्ताओं के बिलों का 53.79 करोड़ रुपये माफ किया गया। इसमें 15,654 उपभोक्ता ऐसे थे, जिन्होंने कभी विद्युत बिल जमा नहीं किया था।

## 12 केंद्रों पर 16320 अभ्यर्थी देंगे एसआई की परीक्षा

- एडमिट कार्ड दिखा नहीं कर सकेंगे रोडवेज बसों में यात्रा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए 16320 अभ्यर्थियों की भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को 12 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी।

सभी केंद्रों पर 12 सेक्टर और 12 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ 50 फीसदी कक्ष निरीक्षकों सहित अन्य की तैनाती जिला प्रशासन द्वारा की गई है। नोडल अधिकारी पुलिस की ओर से परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस की व्यवस्था की गई है। परीक्षा को लेकर 12 मार्च को होने वाली बैठक में तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

वहीं उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने सोशल मीडिया में प्रसारित की जा रही उन खबरों का खंड किया है, जिसमें उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान परिवहन निगम में की बसों एडमिट कार्ड दिखाकर निशुल्क यात्रा करने की बात कही गई है। निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार ने अपने 11 मार्च को सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को भेजे गए पत्र में कहा है कि इस प्रकार का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं किया गया है।

## आज अयोध्या पहुंचेंगे मुख्यमंत्री, करेंगे राष्ट्रपति दौरे से पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या पहुंचेंगे। वह राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर यहां तैयारियों का निरीक्षण करेंगे, साथ ही अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह करीब 10:05 बजे हेलीकॉप्टर से रामकथा



पार्क स्थित हैलीपैड पर उतरेंगे। सबसे पहले वह हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। दर्शन-पूजन के बाद वह 19 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी करेंगे। इस दौरान वह वहां की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात तथा अन्य जरूरी तैयारियों का जायजा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बने पीएफसी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पार्किंग, प्रोटोकॉल व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। निरीक्षण और बैठक के बाद मुख्यमंत्री दोपहर लगभग 12 बजे लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## फरार बंदियों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार इनाम

- 29 जनवरी को हुए थे जेल की दीवार फांदकर भागे, 42 दिन में पुलिस को नहीं मिला कोई ठोस सुराग

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला कारागार की दीवार फांदकर फरार हुए दो बंदियों का 42 दिन बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। अब एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दोनों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार का पुरस्कार घोषित किया है। घटना के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक समेत 14 अधिकारी व कर्मचारियों को निलंबित किया गया था। पुलिस व एटीएस की टीमें अभी भी दोनों बंदियों की तलाश में जुटी हैं।

जिला कारागार की विशेष सुरक्षा बैरक की कोठरी नंबर चार में निरुद्ध विचाराधीन बंदी अमरे मऊ थाना करौंदी कला जिला सुल्तानपुर निवासी शेर अली व मुसाफिरखाना जनपद अमेठी निवासी गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज 29 जनवरी की सुबह बैरक में नहीं मिले। इसकी जानकारी सुबह छह बजे बंदियों व कैदियों की गिनती के समय हुई। बैरक की जांच की गई तो उसका रोशनदान टूटा मिला गया, उसमें से 25-30 ईंटें निकली हुई थी। पता चला कि दोनों बंदी इसमें से निकलकर जेल की दीवार तक गए व वहां बाहर लगे इमली के एक सूखे पेड़, जिसकी डाल जेल के अंदर तक आई थी, उस पर कंबल व मफलर की रस्सी बनाकर उसके सहारे बाहर निकल गए। जांच के दौरान जेल की दीवार के बाहर कंबल की रस्सी व पेड़ पर भी इसका एक टुकड़ा मिला था। मौके पर फोरेंसिक व डॉग स्कवॉयड की टीम ने जांच की। जेल के बाहर जमीन पर कूदने के निशान भी मिले थे। वमामले में जेलर जितेंद्र कुमार यादव की तहरीर पर कोतवाली नगर में केस भी दर्ज किया गया था।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने फरार बंदियों को पकड़ने के लिए कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की तीन टीमों का गठन किया था। काफी मशक्कत के बाद भी टीमें फरार बंदियों का सुराग लगाने में नाकाम रही। इसके बाद जांच टीम में एटीएस को भी शामिल कर लिया गया। लेकिन 42 दिन बाद भी टीमें आरोपियों तक पहुंचने में नाकाम रही है। इसके बाद दोनों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है।

## श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में न हो असुविधा, बनाई योजना : प्रवीण कुमार

- बोले, एडीजी जोन, राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

अयोध्या कार्यालय।



हनुमानगढ़ी परिसर का निरीक्षण करते एडीजी प्रवीण कुमार व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पूर्व बुधवार को एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह राम मंदिर परिसर में गए व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर की गई तैयारियों को परखा। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों व ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर किए गए इंतजामों की समीक्षा की। वह रात अयोध्या में ही प्रवास करेंगे, गुरुवार को मुख्यमंत्री के साथ समीक्षा बैठक में भी मौजूद रहेंगे।

पत्रकारों से बात करते हुए एडीजी ने बताया कि रामनवमी अयोध्या का सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण पर्व है। इसमें आसपास व दूर से कई लाख की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आते हैं। इनकी सुरक्षा व सुगम यातायात के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। आज यह परखा गया कि क्या-क्या इंतजाम हो चुके हैं व अभी क्या बाकी है। बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर वीवीआईपी प्रोटोकाल के तहत सुरक्षा व अन्य इंतजाम किए जा रहे हैं। उनका दौरा चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पड़ रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं को राम मंदिर समेत अन्य मठ मंदिरों में दर्शन पूजन में असुविधा न हो, इसका विशेष ख्याल रखने की योजना बनाई जा रही है। बताया कि अयोध्या में पूर्व से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हैं, उनकी भी समीक्षा की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी व ड्रोन की संख्या बढ़ाने की भी तैयारी है। इस दौरान उनके साथ एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे समेत अन्य मौजूद रहे।



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण पत्र देती जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित।

### सीएम से मिल कथा में आने को किया आमंत्रित

**पूराबाजार, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर श्रीराम कथा में आने का निमंत्रण दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के गांव सरायराशी में 19 से 27 मार्च तक आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन होगा।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar, Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस का होली मिलन 16 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी से 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यालय कार्यालय कमला नेहरू भवन पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने दी।

### आयोजनों को लेकर परिषद की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई की बैठक बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में हुई। उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेवा पखवारा के तहत 15 मार्च को वृद्धावस्था आश्रम और आने वाले चैत्र प्रतिपदा हिंदी नव वर्ष का कार्यक्रम 19 मार्च को मनाया जाएगा। अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल और संचालन महामंत्री रत्नेश सिंह ने किया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष अनीता पाठक, परमेश सोनी, सुरभि पांडे, वर्षा, बबीता मौर्य, राधा रमन सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी आदि थे।

### रेलकर्मी पर जानलेवा हमला, तीन पर केस

**अयोध्या, अमृत विचार।** दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों व लोहे के रॉड से जान लेवा हमला किया। पुलिस ने तीन नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज किया है। पीड़ित दीपक कुमार रावत निवासी रेलवे कॉलोनी दर्शननगर ने कोतवाली अयोध्या पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार शाम दर्शननगर बाजार गया था। वापस आते समय कुछ अज्ञात लोगों ने पीछे से लाठी डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया व जातिसूचक गालियां भी दी। घायल अवस्था में उसे दर्शननगर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां जांच में गर्दन, सिर व सीने में चोटें पाई गईं। बताया कि पता करने पर आरोपियों की पहचान श्याम बाबू, रामबाबू व नानबाबू उर्फ लल्ला के रूप में हुई, सभी सूर्यकुंड रोड के निवासी हैं। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह तीन नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### समारोह से किसान की बाइक चोरी, रिपोर्ट

**मसौधा, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया रिसाली गांव में आयोजित वैवाहिक समारोह में निमंत्रण में गए एक किसान की बाइक चोरी हो गई। पलिया रिसाली मजरे चिरैंधा पुर गांव निवासी कृष्ण कुमार वर्मा सोमवार देर शाम गांव के ही उत्तरी सिरे पर स्थित जक जंगली गांव में एक निमंत्रण में गए हुए थे। वह निमंत्रण से वापस लौटे तो समारोह स्थल के निकट खड़ी बाइक गायब थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### 16 तक मनरेगा कार्य ठप करने को घोषणा

**पूराबाजार, अमृत विचार :** मनरेगा महासंघ के प्रदेश संयोजक और उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने पूरे प्रदेश के मनरेगा कर्मियों को 16 मार्च तक काम न करने की घोषणा की। महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी 16 मार्च को मुख्यमंत्री से जनता दरबार में मिलकर अपनी पीड़ा से अवगत कराएंगे। पूराबाजार ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक के मनरेगा कर्मियों ने कोई कार्य न करने का निर्णय लिया है। यदि वार्ता सकारात्मक रही तो 16 मार्च के बाद कार्य किया जाएगा, नहीं तो मांग पूरी होने तक कलमबंद हड़ताल चलती रहेगी।

# सरयू स्मैशर्स ने बेतवा ब्लास्टर पर दर्ज की जीत

चंबल व गंगा और गोमती व यमुना टीमों के बीच मुकाबला आज

## समारोहपूर्वक टी-20 अयोध्या प्रीमियर लीग शुरू, वैभव रहे मैन-ऑफ-द-मैच

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के क्रिकेट स्टेडियम में बहु प्रतीक्षित टी-20 अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) बुधवार को समारोहपूर्वक शुरू हुई। पहले लीग मुकाबले में वैभव तिवारी की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत सरयू स्मैशर्स टीम ने बेतवा ब्लास्टर पर जीत दर्ज कर विजय अभियान की शुरुआत की। वैभव ने चार चौके व दो छक्के जड़े और मैन-ऑफ-द-मैच रहे।



टी-20 एपीएल ट्रॉफी का अनावरण करते महापौर गिरीयपति त्रिपाठी, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान व अन्य। अमृत विचार



अयोध्या प्रीमियर लीग के पहले दिन के मुकाबले में गेंद को शॉट मारकर बाउन्ड्री की दिशा देता बल्लेबाज। अमृत विचार

मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राधे श्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पिच पर बंधा फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। समारोह में रंग बिरंगे गुब्बारे हवा में उड़ाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। महापौर त्रिपाठी ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद शुरू हुई यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। विधायक डॉ. चौहान ने कहा कि अब जिले के इस स्टेडियम में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन हो सकेंगे जो गर्व की बात है।

प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में सरयू स्मैशर्स ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण चुना और बेतवा ब्लास्टर को बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया। बेतवा टीम ने 19.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 142 रन बनाये। घनश्याम उपाध्याय ने दो छक्के व दो चौके की मदद से 37, विनय यादव ने दो छक्के व तीन चौके से 33, विकास यादव ने चार चौके से 28, सुधांशु सोनकर ने 17 व अंशुमान पांडेय ने 10 रनों का योगदान दिया। सरयू स्मैशर्स के दिव्य प्रकाश व मो. जावेद ने दो-दो, मो. शारिम, अनुराग निषाद व मुनिन्दर मौर्या ने एक-एक विकेट लिया।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सरयू स्मैशर्स टीम ने 16.4 ओवरों में सात विकेट शेष रहते जीत का लक्ष्य हासिल कर अपने विजय अभियान की शुरूआत की। वैभव तिवारी पहले मुकाबले में अर्द्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने चार चौके व दो छक्के की मदद से शानदार 52 रनों की पारी खेली। इसके अलावा अनुराग ने तीन छक्के व एक चौके की सहायता से 34, मो. शारिम ने तीन छक्के व एक चौके से 23, गौतम ने 14 व दिव्य प्रकाश ने 10 रनों का सहयोग दिया। बेतवा की ओर से आशुतोष, अमर व धनंजय में ने एक-एक विकेट लिया।

यूपीसीए के जिला सचिव उमेर अहमद ने बताया कि बुधवार को सुबह नौ बजे चंबल व गंगा टीमों के बीच और दोपहर एक बजे से गोमती व यमुना टीमों के बीच लीग मुकाबला होगा। इस मौके पर आरएसओ अनिमेष सक्सेना, योगेश्वर सिंह, सुनील अवस्थी सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## वाराणसी मंडल का ओवर ऑल चैम्पियन्स ट्रॉफी पर कब्जा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीडा संकुल में चल रही तीन दिवसीय प्रदेशीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक हासिल कर वाराण्सी मंडल टीम ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। प्रतियोगिता बुधवार को समारोहपूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में गोरखपुर मंडल टीम उपविजेता व मुरादाबाद मंडल तृतीय स्थान पर रही।





प्रदेशीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियो्रगिता की विजेता टीम व व्यक्तिगत विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान करते एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह व अन्य।

- गोरखपुर द्वितीय व मुरादाबाद मंडल रही तृतीय
- बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोहपूर्वक सम्पन्न

प्रतियोगिता के प्राथमिक व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा बालिका वर्ग में नैंसी वाराणसी 10 अंक के साथ, बालक वर्ग में विशाल वाराणसी आठ अंकों के साथ, जूनियर वर्ग में अंशिका वाराणसी 10 अंक के साथ, बालक वर्ग में अर्जुन मुरादाबाद 9 अंक के साथ चैंपियन रहे। प्राथमिक कबड्डी स्पर्धा में अयोध्या मंडल व देवीपाटन मण्डल उपविजेता रहा। खो-खो में अयोध्या मंडल विजेता विंध्याचल उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग तीरंदाजी में लखनऊ की शिफा कुलसुम विजेता, महक लखनऊ उप विजेता रही। जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में कानपुर विजेता व बस्ती उपविजेता रहा। फुटबॉल में मेरठ मंडल विजेता व मिर्जापुर मंडल को उपविजेता रहा। शूटिंग एयर पिस्टल में शिफा कुलसुम लखनऊ प्रथम और महक लखनऊ मंडल द्वितीय रही। राइफल शूटिंग में गोरखपुर की आशिया प्रथम, सुमन यादव द्वितीय, स्वीटी तृतीय रही। योग प्रतियोगिता में चित्रकूट प्रथम, लखनऊ द्वितीय, सहारनपुर तृतीय पर रहा। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में गोरखपुर विजेता व देवीपाटन मंडल उपविजेता रहा।



प्रतियोगिता के समापन समारोह में पिरामिड बनाकर राष्ट्रीय ध्वज लहराते बच्चे।

जूनियर बालक कबड्डी में वाराणसी मंडल विजेता व बस्ती मंडल उपविजेता रहा। फुटबॉल में गोरखपुर मंडल विजेता व अयोध्या मंडल उपविजेता रहा। शूटिंग एयर पिस्टल में लखनऊ के सुनील प्रथम, किशन द्वितीय व सुप्रभात तृतीय रहे। लंबी कूद में विंध्याचल के दीपक प्रथम, लखनऊ के उज्जवल सिंह द्वितीय, प्रयागराज के पंकज तृतीय रहे। राइफल शूटिंग में आदित्य लखनऊ प्रथम, अंशु यादव गोरखपुर द्वितीय, कुलदीप लखनऊ तृतीय रहे। बास्केटबॉल में अयोध्या विजेता, गोरखपुर उपविजेता रहा। योग में आजमगढ़ मंडल प्रथम, लखनऊ द्वितीय, सहारनपुर तृतीय रहा। हैंडबॉल में आजमगढ़ मंडल विजेता व प्रयागराज को उपविजेता रहा।

मुख्य अतिथि एडी बेसिक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह व एडी बेसिक गोरखपुर संगीता सिंह सहित डीआइओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी, बीएसए लालचंद ने चैम्पियन टीमों, व्यक्तिगत चैम्पियन खिलाड़ियों और विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर विश्वनाथ सिंह, अनूप द्विवेदी, अनुपम सिंह, धीरज शुक्ला सहित शिक्षक, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।



हजरत अली की शहादत पर ताबूत जुलूस में शामिल शोकाकुल अजादार।

### शहादते हजरत अली पर जुलूसे ताबूत अमीरूल मोमनीन को पुरसा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** 21 रमज़ान बुधवार को यौम-ए-शहादत हजरत अली अलैहिस्सलाम के मौके पर शहर में हर साल की तरह इस बार भी ताबूते मुबारक हजरत अली (अ.स.) का जुलूस हाजी मोहम्मद शाकिर साहब करबलाई के घर से निकाला गया। इससे पहले एक भावपूर्ण मजलिस आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख वक्ता के तौर पर मौलाना सैय्यद अहमद अली आब्दी ने खिताब फरमाया। मजलिस के बाद ताबूते मुबारक अपनी पूरी आबो-ताब के साथ बरामद किया गया। यह ताबूत अपने कदीमी (पुराने) रास्तों से गुजरते हुए खुर्द महल स्थित दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) में सुपुर्दे-खाक किया गया। जुलूस में अंजुमने गुनच-ए-मज़लूमिया, अंजुमने मासूमिया, अंजुमने नासिरया क़दीम ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। समापन तकरीर आली जनाब मौलाना नदीम रज़ा ज़ैदी साहब ने की। जुलूस का संचालन ज़ाकिरे अहलेबैत शम्सी ने किया।

### यूपी प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 13 अप्रैल से

**अयोध्या, अमृत विचार:** चार दिवसीय यूपी प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 13 अप्रैल से डाभासेमर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा सकुल में किया जाएगा। जिला राइफल क्लब के कोच व प्रतियोगिता संयोजक शनि कुमार वर्मा ने बताया कि यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली एयर पिस्टल व एयर राइफल 10 मीटर प्री-स्टेट प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उप्र सहित विभिन्न राज्यों के लगभग दो हजार शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन की ओर से नामित योग्य ऑफीसियल व रेफरी निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। प्रतियोगिता को क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी ही आगामी स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।

### पवित्र कुरान मुक्कमल करने पर हाफिज को तोहफा

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोडवेज के निकट मलंग शाह मस्जिद में नमाज़ियों ने वहाँ के इमाम हाफिज हिलाल को पूर्ण क़ुरआन याद करने पर बाइक देकर सम्मानित किया। हाफिज हिलाल ने इस मौके पर शानदार अंदाज में क़ुरआन की तिलावत की, जिसने सबके दिलों को छू लिया।

ता0 पेशी– 16.03.2026
**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद न्यायाधीश F.T.C। महोदय गोण्डा**
मु0मा0न0 .... सन् 2026 पेशा ग्रहणी
**विनीता रायतानी**
पत्नी स्व0 संजय रायतानी, नि0– 156 मोहल्ला मालवीय नगर शहर, परगना– गोण्डा, तहसील– गोण्डा, जिला– गोण्डा
**बनाम**
**जा0 गुरमुख रायतानी**
पुत्र श्री स्व0 संजय रायतानी साकिन 156 मोहल्ला मालवीय नगर शहर, परगना– गोण्डा, तहसील– गोण्डा, जिला– गोण्डा
नोट: मनादी मुकाम मोहल्ला मालवीय नगर शहर गोण्डा, परगना– गोण्डा, तहसील– गोण्डा, जिला– गोण्डा

हम आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने इस न्यायालय में वास्ते सकसेशन प्रमाण-पत्र हेतु जायदाद मृतक की पाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। अतः यदि किसी को कोई उज्र हो तो नियत तिथि पर हाजिर अदालत हो उजुरदारी प्रस्तुत करे वरना को सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 06.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से न्यायालय**

## गायत्री मंत्र से होगा मानव का कल्याण : परमानंद

**अयोध्या, अमृत विचार:** वातावरण में छाई अशांति एवं वैमनस्यता को दूर करने और विश्व में अमन चैन के लिए गायत्री साधक सवा लाख गायत्री मंत्र का जप करेंगे। प्रत्येक गायत्री साधक को लघु अनुष्ठान के तहत 24 हजार की मंत्र साधना नौ दिन में पूरा करना है। गायत्री मंत्र से ही मानव का कल्याण होगा। यह बातें गायत्री शक्तिपीठ रामकोट अयोध्या में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे युग निर्माण योजना उत्तर प्रदेश के प्रभारी परमानंद द्विवेदी ने कहीं।



रामकोट स्थित गायत्री शक्तिपीठ में कार्यशाला को सम्बोधित करते संत। अमृत विचार

जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने कहा कि साधना शिक्षा और व्यसन मुक्ति के लिए गायत्री परिजनों को घर-घर जाकर अलख जगाना है। कार्यशाला में रामशंकर पटेल, विष्णु कुमार शर्मा, जय सिंह वर्मा ने पर्यावरण और नारी जागरण को गति देने की रूपरेखा बताई। मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला में अयोध्या उपजोन के तहत अयोध्या, गोण्डा, बस्ती और अम्बेडकर नगर जिलों के 200 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. एसबी सिंह, महेंद्र सिंह, मार्कण्डेय पाल, डीएन वर्मा, रामकेवल यादव आदि मौजूद रहे।

### आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार।** आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाकर महिला को ब्लैकमेल करने का आरोप लगा है। पीड़िता का आरोप है कि इसके चलते उसके पति व ससुरालवालों ने उसे छोड़ दिया है। थाना पूराकलंदर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना पूराकलंदर के एक गांव की निवासी पीड़िता ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व वह जसवीर उर्फ राजन से बातचीत करती थी। इसका फायदा उठाकर उसने मेरा कुछ आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिया। जब मुझे पता चला कि उसने कई लड़कियों के साथ ऐसा किया है तो मैंने उससे बात करना बंद कर दिया। बताया कि इसके बाद मेरा विवाह हो गया। आरोप लगाया कि जसवीर ने पूर्व में बनाया वीडियो व फोटो मेरे पति को भेज दिया, जिसके कारण अब मुझे मेरे पति व ससुरालवालों ने अपनाने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि आरोपी अभी भी उन्हें ब्लैकमेल कर रहा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## कार्यालय नगर पंचायत पयागपुर जनपद– बहराइच।

पत्रांक–217/15 वां वि0आ0 (बुनि0अनु0)/नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2025–2026 दिनांक – 09.03.2026

**ई–निविदा सूचना (द्वितीय चरण)**

इस कार्यालय के पत्रांक–216/15वां वि0आ0(बुनि0अनु0)/नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2025–2026, 09.03.2026 द्वारा 15वे वित्त आयोग के बुनियादी अनुदान के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 हेतु प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि के सापेक्ष नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना मे स्वीकृत 01 निर्माण कार्य की आनलाइन निविदा ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.03.2026 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 09.04.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो हेतु वर्ष 2025–26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A,B,C, व D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक शाखा– बहराइच में FIFTEENTH CFC BASIC NP PAYAGPUR के नाम से संचालित बचत खाता संख्या– 230201001758 IFS code ICIC0002302 में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत जमानत धनराशि की बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के नाम से बन्धक हो, टेण्डर के साथ जमा किया जा सकता है। किन्तु निविदा मूल्य आनलाइन ही आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट द्वारा जमा किया जाना अनिवार्य होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि /निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 09.04.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदा में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाता की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत पयागपुर जनपद–बहराइच। | **अध्यक्ष** नगर पंचायत पयागपुर जनपद–बहराइच।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया / Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (अधिनियम सं. 2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - कुढ़ा केशवपुर** | | |
| उधारकर्ता : श्री एस.बी. ब्रिक फील्ड, गाँव तकपुरम पोस्ट– दर्शन नगर, उ.प्र. –224001 साझेदार – श्री राम लौट पुत्र रामजग गाँव जोगी का पुरवा कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर, अयोध्या, उ.प्र. –224135 व श्री जाबिर अली पुत्र अब्दुल जलील कूड़ा केसवपुर, दर्शन नगर, अयोध्या, उ.प्र.– 224135 | सम्पत्ति–1 हाउस नंबर 381 प्लॉट नंबर 391 पर मौज़ा कुदबा केसयपुर, कुशमाहा, परगना हवेली अवध सदर जिला–अयोध्या, । प्रो श्री जाबिर अली और रामियाग वर्मा प्रॉपर्टी की बाउंड्री – डीड के अनुसार प्लॉट नंबर 391 पूरब–गली, पश्चिम – दूसरों का घर, उत्तर– पप्पू का घर, दक्षिण– श्री जुबेर का घर<br>सम्पत्ति–2 हाउस नंबर 496 मौज़ा कुदबा केशवपुर उपथर जोगी का पुरवा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या, प्रो श्री जाबिर अली और रामअग वर्मा डीड विवरण: बही संख्या 1 जिल्द संख्या 3646 पृष्ठ संख्या 131 से 162 डीड संख्या 5756 दिनांक 11–12–2009 सब रजिस्ट्रार फैजाबाद जिला अयोध्या। डीड के अनुसार मकान संख्या 496, डीड के अनुसार सीमाएं।–पूर्व–गली उसके बाद श्री राम नरेश का मकान, पश्चिम– श्री राम जग वर्मा की जमीन, उत्तर – श्री राम नरेश का मकान, दक्षिण– उत्तर रेलवे लाइन की सीमा | 29.12.2025<br>06.03.2026<br>₹ 15,93,168.84 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - बलरामपुर** | | |
| उधारकर्ता व बंधककर्ता: श्री मनीष कुमार ओझा पुत्र रामदेव प्रसाद ओझा निवासी गाँव धुसह तहसील व जिला बलरामपुर, उ.प्र.–271201<br>जमानतकर्ता: (1) श्री राजेश कुमार पुत्र अंबिका प्रसाद, ग्राम सिरसिया पोस्ट भगवतीगंज तहसील व जिला बलरामपुर, उ.प्र.–271201 (2) श्री मोइज्जुल हसमत पुत्र हबीबुल्ला हसमत, मोहल्ला नौवनाग गोंडा रोड पोस्ट भगवतीगंज तहसील व जिला बलरामपुर, उ.प्र.–271201 | सर्वे क्रमांक 293, प्लॉट, 139.41 वर्ग मीटर या 1500 वर्ग फीट, गाँव धुसह (जानकी नगर), हियर समय माता मंदिर परगना/तहसील और जिला बलरामपुर, उ.प्र 271207, संपत्ति मालिक–श्री मनीष कुमार ओझा पुत्र रामदेव प्रसाद ओझा। डीड का विवरण: बही नंबर 1 जिल्द नंबर 3137 पृष्ठ नंबर 211 से 256 डीड नंबर 663 दिनांक 19–02–2011 सब रजिस्ट्रार बैरमपुर डीड के अनुसार संपत्ति की सीमा: पूर्व–कच्चा रोड, उत्तर – विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम–चक मार्ग, दक्षिण–विनोद का प्लॉट | 06.11.2025<br>07.03.2026<br>₹ 08,13,077.55 + ब्याज व अन्य खर्चे |

दिनांक : 12.03.2026 | स्थान : अयोध्या | प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

## केनरा बैंक / Canara Bank

भारत सरकार उपक्रम | A Government of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

**ई-नीलामी बिक्री सूचना अचल सम्पत्ति**

क्षेत्रीय कार्यालय : प्लाट नं. 4038 एम., एन.सी.सी. ऑफिस के सामने, सिविल लाइन्स, अयोध्या 224001

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस ऋणी (ओं) जमानतकर्ता (ओं) को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित सेवा प्रदाता बैंक द्वारा बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति का केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक/सांकेतिक कब्जा लिया गया है, बंधक सम्पत्ति की बिक्री ''जो है जहाँ है'', ''जो है जैसी है'' एवं ''जैसी भी स्थिति में है'' के आधार पर की जायेगी।

धरोहर राशि की अन्तिम तिथि व समय : 29.03.2026 (सायं 5.00 बजे तक) | ई–नीलामी की तिथि व समय : 29.03.2026 (दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक)

| क्र. सं. | खाता/उधारकर्ता का नाम (सम्पत्ति के मालिक) | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी | आरक्षित मूल्य (₹) / धरोहर राशि (₹) / कब्जे का प्रकार | कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| | **शाखा – खलीलाबाद II (cb18656@canarabank.com)** | | | |
| 1. | उधारकर्ता : श्री सुनील कुमार पुत्र श्री शिवराम निवासी ग्राम हदापुर, पोस्ट उमरीकला खलीलाबाद संत कबीरनगर–272175 जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता – श्रीमती प्रतिभा चौधरी पत्नी सुनील कुमार निवासी ग्राम हदापुर, पोस्ट उमरीकला खलीलाबाद, संतकबीर नगर –272175 | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित– प्लॉट नंबर –114अ एवं 114ब, गांव–तेनुहारी सोयम, टप्पा–रामपुर पैली, परगना–मगहर पूरब, तहसील खलीलाबाद, जिला–संत कबीर नगर, उ.प्र.–272175 क्षेत्रफल–380 वर्गमीटर। जोकि श्रीमती प्रतिभा चौधरी पत्नी सुनील कुमार, जिला–सन्तकबीर नगर के अन्तर्गत पंजीकृत है। चौहद्दी: पूर्व–रोड, पश्चिम–बांकी तिवारी और अन्य, उत्तर–भूमि रमावती देवी, दक्षिण–शेष भूमि प्रदीप कुमार तिवारी | ₹ 15,01,950.00<br>₹ 1,50,195.00<br>सांकेतिक कब्जा | ₹ 19,04,545.00 दिनांक 02.07.2025 से ब्याज व अन्य खर्च |
| 2. | उधारकर्ता– मेसर्स ए.जे. सुप्रीम फैशन हब प्रो.–श्री अजय कुमार बंधुपुर, पोस्ट खोरिया बाजार बस्ती (उ.प्र) 272123 प्रो. श्री अजय कुमार पुत्र श्री मनीराम निवासी– ग्राम लुतिही भैसाही जोत कला संतकबीरनगर –272175 ज़मानतकर्ता व बंधककर्ता: श्रीमती शारदा देवी पत्नी श्री मनीराम निवासी ग्राम लुतिही भैसाही जोत कला, संतकबीरनगर –272175 | प्लॉट नंबर – 363 मि , क्षेत्रफल 0.035 हेक्टेयर या 3767 वर्गफुट. स्थित ग्राम/मौजा–बंधुपुर, टप्पा – बनकट, परगना – महुली पूरब, तहसील धनघटा, जिला–संत कबीर नगर, उ.प्र–272175 चौहद्दी – पूर्व – उमेश और अन्य की भूमिपश्चिम–चन्द्रभान की भूमि, उत्तर– आर.सी.सी., दक्षिण–भूमि चन्द्रभान | ₹ 9,95,040.00<br>₹ 99,504.00<br>सांकेतिक कब्जा | ₹ 19,10,145.59 दिनांक 08.03.2026 से ब्याज व अन्य खर्च |
| | **शाखा – खलीलाबाद I (cb4784@canarabank.com)** | | | |
| 3. | उधारकर्ता : श्री सुरेंद्र पुत्र श्री भोला यादव निवासी– ग्राम बनकटवा, पोस्ट गोरही खलीलाबाद, संतकबीरनगर–उ.प्र. –272175 जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता : श्री भोला यादव पुत्र श्री हरिराम निवासी– ग्राम बनकटवा, पोस्ट गोरही, खलीलाबाद, संतकबीरनगर–उ.प्र.–272175 | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित– प्लॉट संख्या 564 मि., माप क्षेत्र 0.018 हेक्टेयर, ग्राम–अराजी जप्ती, टप्पा–दखिन हवेली, परगना–मगहर पूरब, तहसील–खलीलाबाद जिला–संत कबीर नगर में स्थित है। जोकि श्री भोला यादव पुत्र श्री हरिराम के नाम पर जिला संतकबीर नगर में पंजीकृत है। चौहद्दी (मूल्यांकन दिनांक–31.01.2022 के अनुसार): पूर्व– पी.डब्ल्यू.डी रोड, पश्चिम– श्री शत्रुधन और अन्य की भूमि, उत्तर– श्री भोला यादव की विश्राम भूमि, दक्षिण– श्री रामफेर और अन्य का घर | ₹ 15,00,000.00<br>₹ 1,50,000.00<br>सांकेतिक कब्जा | ₹ 17,83,610.14 दिनांक 01.11.2025 से ब्याज व अन्य खर्च |

ई.एम.डी. खाते का विवरण खाता सं. 6975296000001 आई.एफ.एस.सी. कोड–CNRB0006975

विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com पर ई–नीलामी के नियम व शर्तों और सेवा प्रदाता का विवरण – M/s PSB Alliance (baanknet) हेल्पडेस्क नं. 8291220220, ई–मेल-support.baanknet@psballiance.com वेबसाइट : https://baanknet.com अथवा सम्पर्क करें – शाखा प्रबंधक–केनरा बैंक (किसी भी कार्य दिवस की अवधि के दौरान)

दिनांक : 12.03.2026 | स्थान : संतकबीरनगर | प्राधिकृत अधिकारी–केनरा बैंक

न्यूज ब्रीफ

## धमकी देने के मामले में एक के खिलाफ रिपोर्ट

मसौधा अयोध्या। अमृत विचार। धमकी देने के मामले में भदरसा के रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पूराकलंदर थाने में भाजपा नेत्री मंजू निषाद ने रिपोर्ट दर्ज की गई है। तहरीर में भाजपा नेत्री ने आरोप लगाया है कि मोईद खान के बेटे जहीर खान ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। इसकी शिकायत भी मंजू निषाद ने प्रदेश के मत्स्य राज्य मंत्री संजय निषाद से की है। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि पुलिस ने मोईद खान के बेटे जहीर खान निवासी भदरसा के खिलाफ धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गौ पालन से मिला नया संबल, बढ़ रहा दुग्ध उत्पादन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अयोध्या जनपद में गो पालन को नया प्रोत्साहन मिल रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ देसी गायों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अयोध्या डॉ. इंद्नदेव ने बताया कि मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत वर्तमान में जनपद के चार लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत जनपद के 28 लाभार्थियों को चयन किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देसी नस्ल की गायों का संरक्षण, संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाना है। बताया कि गोवंश से प्राप्त गोबर एवं गो मूत्र के प्रयोग से जैविक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा हैं।

# मनुष्य को गंभीर बीमारियों से बचाता है श्री अन्न

## कृषि विश्वविद्यालय में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण विषय पर प्रशिक्षण शुरू

कुमारगंज, अयोध्या।


कृषि विवि में दीप प्रज्ज्वलित करके प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें मोटे अनाजों पर आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण विषय पर जागरूक किया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले दिन मोटे अनाजों से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने, मिलेट, पास्ता बनाने की विधि, पोषण महत्व तथा इसके माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि आने वाला समय श्री अन्न का है। यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा क्योंकि यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कई बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी होते हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने बताया कि मोटे अनाज से मूल्य संवर्धन उत्पादन तैयार कर घर बैठे-बैठे आप अपनी आय को बढ़ा सकती हैं। बताया कि मोटे अनाजों को पीसकर महिलाएं घर में ही बिस्कुट और कुकीज, ब्रेड, नूडल्स और पास्ता, बेबी फूड आदि बना सकती हैं। संचालक डॉ. श्वेता चौधरी ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण में आस-पास के गांव की 36 ग्रामीण महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर डॉ. संजीत कुमार, डॉ. शिवनाथ, डॉ. गिरीश गोयल समेत अन्य मौजूद रहे।

# हिंदी के शिक्षक नहीं जांचेंगे अंग्रेजी विषय की कॉपी

अयोध्या कार्यालय

- अलग-अलग तैयार होंगे बंडल, गड़बड़ी के लिए परीक्षक और उप प्रधान परीक्षक होंगे जिम्मेदार

**अमृत विचार :** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं जिस माध्यम में लिखी गई हैं, उसका मूल्यांकन उसी माध्यम के परीक्षक करेंगे। हिंदी के शिक्षक अंग्रेजी विषय की उत्तर पुस्तिका नहीं जाचेंगे। इतना ही नहीं अंग्रेजी वाले हिंदी की कॉपी से दूर रहेगे। पहली बार हर जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए पर्यवेक्षक तैनात किए जायेगें। वहीं अगर किसी उत्तर पुस्तिका में धनराशि मिली तो संबधित परीक्षक नपेगें।

बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने इस कड़ी में अंग्रेजी माध्यम में लिखी गई उत्तरपुस्तिकाओं का अलग बंडल तैयार कराया है। इन उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंग्रेजी माध्यम के परीक्षकों से ही कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षकों को दिए हैं। मूल्यांकन के बाद त्रुटि पाए जाने पर संबंधित परीक्षक एवं उप प्रधान परीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि मूल्यांकन को लेकर तैयारी की जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों से आईं उत्तर पुस्तिकाओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में राजकीय इंटर कॉलेज कोठार में रखवाया जा रहा है।


देवा इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते एनसीसी प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद।

## कमांडिंग ऑफिसर ने कैडेट्स को दिए टिप्स

मसौधा, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के उसरू-अमौना स्थित देवा इंटर कॉलेज में बुधवार को 65 एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद ने निरीक्षण किया। कैडेट्स को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। परिसर में उपस्थित देवा परिवार के सदस्यों व सभी कैडेट्स के साथ अपने कार्य अनुभवों को साझा किया। मौके पर विद्यालय निदेशक सहदेव उपाध्याय, प्रधानाचार्या और एनसीसी सीटीओ अजय उपाध्याय, सूबेदार मेजर बहादुर सिंह, सीएचएम धर्मपाल सिंह व राम बहादुर छेत्री सहित समस्त कर्मी भी मौजूद रहे।

## पॉवर कॉर्पोरेशन से ढीले तार कसवाने का अनुरोध

अयोध्या कार्यालय। गर्मियों की शुरुआत होते ही अग्निशमन विभाग ने आग की घटनाओं पर नियंत्रण लगाने की व्यापक कवायद शुरू कर दी है। पॉवर कॉर्पोरेशन को पत्र लिखकर ढीले तारों को कसवाने का अनुरोध किया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों, स्कूल कॉलेजों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मॉक ड्रिल कर लोगों को आग से बचाव के गुर सिखाने की तैयारी है। गर्मी के मौसम में सूखी फसलें, तेज हवाएं, शॉर्ट सर्किट और लापरवाही से आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिसे देखते हुए विभाग ने सक्रियता दिखाई है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शॉर्ट सर्किट से होने वाली आग की घटनाओं को रोकने के लिए बिजली विभाग के साथ समन्वय बढ़ाया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि अग्निशमन विभाग ने सभी दमकल वाहनों को दुरुस्त कर 24 घंटे तैयार रखने, कर्मियों की ट्रेनिंग और उपकरणों की जांच सुनिश्चित की जा रही है। बताया कि एक अप्रैल से जागरूकता अभियान की शुरुआत की जाएगी।

## धूम्रपान निषेध दिवस पर गोष्ठी व शपथ का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार:** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अयोध्या में क्षय रोग पर आधारित पोषण पोटली वितरण एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत धूम्रपान निषेध दिवस पर गोष्ठी एवं शपथ का आयोजन किया गया। मिल्कीपुर के विधायक चंदुभान पासवान और सीएमओ डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थितजनों को शपथ दिलाई। सीएमओ ने बताया कि जिले में 15 टीवी यूनिट और 33 डीएमसी उपलब्ध है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों जांच व इलाज निशुल्क उपलब्ध हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने टीवी के लक्षण व जांच के संबंध में विस्तार से बताया। इसके बाद विधायक ने पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम में कुल 50 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीसी भारती, अधीक्षक डॉ. एके सिन्हा, सीएचसी मिल्कीपुर सचिन गुलाटी, अनिल कुमार, अनिल कुमार सिंह, राम अनुज सिंह सहित अन्य लोग थे।

# अवध में होली खेलै रसिया.. की धुन पर थिरके न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता

अयोध्या कार्यालय।


आचार्य नरेंद्र देव सभागार में बार एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में शामिल जिला जज रणंजय कुमार वर्मा व अन्य।

**अमृत विचार :** आज अवध में होली है रसिया और अवध में होली खेले रघुवीरा... की धुन पर बुधवार को बार और बेंच के लोग खूब थिरके। अवसर था आचार्य नरेंद्र देव सभागार में बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का। मटकी प्रतियोगिता में अपने संबोधन पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर ने विजेता घोषित किए गए, वहीं अधिवक्ताओं की तरफ से पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह को चुटकुला सुनाने पर विजय श्री मिली। इन्हें मुख्य अतिथि जिला जज रणंजय कुमार वर्मा व बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा समेत अन्य न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता होली गीतों पर खूब झूमें। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर के खेलै मसाने में होली दिगंबर... पर खूब तालियां बजी। समारोह की शुरुआत अधिवक्ता आरती मिश्रा की टीम द्वारा प्रस्तुत होली गीत-अवध में होली है रसिया... तथा अदालत में दावा करूंगी रसिया पर... अधिवक्ता और जज भाव विभोर हो गए। मटकी प्रतियोगिता में बेंच की तरफ से जज महेंद्र पासवान, प्रत्यूष आनंद मिश्रा ,स्वर्णमाला सिंह तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपने-अपने गीत प्रस्तुत किए। अधिवक्ताओं की तरफ से पीयूष मय त्रिपाठी ने अपनी रचना प्रस्तुत की। हास्य कवि अशोक टाटंबरी ने महकै लगे दिगंत तो समझो बसंत है... पर खूब वाहवाही लूटी। हास्य कवि ताराचंद तन्हा की प्रस्तुति-आंख तरेरे खड़ी रहत है पत्नी और पुलिस, जब देखौ तब जेब टटोले पत्नी और पुलिस पर हाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने की तथा संचालन हेमंत त्रिपाठी और संजीव दुबे ने किया।

## शादी में असलहा लहराते डांस किया, एक आरोपी हिरासत में

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आलापुर थाना क्षेत्र के आरिबपुर सारी गांव में बीती रात शादी समारोह के दौरान डीजे बंद कराने को लेकर बाराती और घराती पक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और धारदार हथियार से हमले तक पहुंच गया। इस घटना में चार लोग घायल हो गए। वहीं डीजे की धुन पर एक युवक द्वारा अवैध असलहा लहराते हुए डांस करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। आरिबपुर सारी गांव में देर रात शादी समारोह में बारात आई थी। द्वार पूजा के दौरान डीजे बज रहा था, तभी डीजे बंद कराने को लेकर बाराती और घराती पक्ष के लोगों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। इसी दौरान कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गांव निवासी गोलू और अंशू मौर्य सहित कुल चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक युवक डीजे की धुन पर अवैध असलहा लहराते हुए डांस करता दिखाई दे रहा है।

# एजेंसी परिसर से ही करें गैस का वितरण

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


गैस एजेंसी की जांच करते उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गैस एजेंसी के बजाय निजी आवास से गैस सिलेंडर वितरित किए जाने की सूचना पर बुधवार को उपजिलाधिकारी जलालपुर राहुल गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जांच किया। उनके साथ पूर्ति निरीक्षक एडी भास्कर भी मौजूद रहे। जांच के दौरान एजेंसी संचालक को निर्धारित एजेंसी परिसर से ही गैस वितरण करने की सख्त हिदायत दी गई।

जानकारी के अनुसार मगुराडीला स्थित आरएम भारत गैस एजेंसी के संचालक द्वारा अपने निजी आवास से गैस सिलेंडर वितरित किए जाने की सूचना प्रशासन को मिली थी। इसी दौरान गैस की कालाबाजारी किए जाने की भी अफवाह फैल गई थी, जिससे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी जलालपुर राहुल गुप्ता ने तत्काल पूर्ति विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान एजेंसी संचालक अपने आवास से सिलेंडर वितरित करते हुए पाया गया। एसडीएम राहुल गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही गैस एजेंसी संचालक को निर्देश दिया गया है कि गैस सिलेंडरों का वितरण केवल अधिकृत एजेंसी परिसर से ही किया जाए। यदि जांच में अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जन शिकायतों के निस्तारण में आजमगढ़ पुलिस को पहला स्थान

**आज़मगढ़। अमृत विचार :** आजमगढ़ पुलिस ने जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन लगातार जारी है। फरवरी माह में प्राप्त शिकायतों के समाधान और यथोचित कार्यवाही के लिए पूरे जनपद और सभी 23 थानों को उच्च रैंकिंग दी गई। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समय से और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए आजमगढ़ पुलिस ने शासन स्तर पर मासिक रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन और मार्गदर्शन के तहत जनपद के सभी 23 थानों को भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद एवं थानों की रैंकिंग शिकायतों के समाधान और फीडबैक के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की जाती है। इस उपलब्धि के परिणामस्वरूप आम जनमानस और फरियादियों में आजमगढ़ पुलिस के प्रति विश्वास और संतुष्टि की भावना में वृद्धि हुई है।

## हजरत अली की शहादत पर जनपद भर में निकले मातमी जुलूस


मीरानपुर इमामबाड़े से निकला मातमी जुलूस।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जालिम ने आज शमए इमामत बुझाई है... अपने समय के मशहूर शायर खेरद लखनवी के लिखे नौहे की उक्त पंक्ति को असरार ने पढ़ा तो अकीदतमंद सिसक पड़े। अवसर था बुधवार को हजरत अली के शहादत दिवस पर मीरानपुर में अंजुमन अकबरिया की ओर से निकले इक्कीसवीं रमजान के मातमी जुलूस का। दानिश सहित अन्य लोगों ने भी नौहा पढ़ा। अंजुमन के युवाओं ने जोरदार मातम किया। संस्था के पदाधिकारी इम्तियाज हुसैन, रेहान, कर्रार अब्बास, सिरताज हुसैन राजा, अहमद हुसैन बब्बी, ख्वाजा अकबर आदि ने किया। यातायात की उत्तम व्यवस्था और अजादारों के सहयोग से मुख्य सडक पर आवागमन बाधित नहीं हुआ। मोहल्ला अब्दुल्लाहपुर, लोरपुर ताजन, मरुई ताजपुर जलालपुर, बेलापरसा, टांडा सहित दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी परम्परागत जुलूस निकाल कर मौला अली के प्रति गहरे रंजोगम का इजहार किया गया। जिला मुख्यालय समेत पूरे जनपद में पुलिस मोहकमे की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

## गबन के आरोप में पीएनबी अधिकारी गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद में पंजाब नेशनल बैंक की टाण्डा शाखा में लाखों रुपये के गबन के आरोप में एक बैंक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी फर्जी बॉन्ड पेपर के माध्यम से हुए धोखाधड़ी के मामले में हुई है। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान गौरव दूबे (32) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में पीएनबी की भिरिया ऋतुराज बस्ती शाखा में उपशाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। गौरव दूबे को 10 मार्च की रात बस्ती के भिरिया चौराहा से पकड़ा गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

## लोगों ने नाबालिग बेटी की कर दी शादी

आजमगढ़। अमृत विचार : जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के लाटघाट इलाके में नाबालिग लड़की की शादी कराए जाने का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शादी कराने में सहयोग करने वालों पर भी कार्रवाई की बात कही है। रौनापार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग पुत्री की शादी 7 मार्च को गांव के ही एक युवक से करा दी गई। आरोप है कि यह शादी गांव में स्थित एक साधु की कुटी पर कुछ ग्रामीणों की मौजूदगी में कराई गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय लड़की का पिता मुंबई में था। जब वह घर लौटा तो उसे इस घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उसने रौनापार थाने में पहुंचकर पूरे मामले की तहरीर दी। पिता का आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर उसकी नाबालिग बेटी को फुसलाकर भगा ले जाया गया और फिर उसकी शादी करा दी गई।

## चाकू के हमले में दो युवक घायल

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सेठाकला गांव में बीती रात गुमटी की दुकान पर सामान लेने गए युवक और दुकानदार के बीच हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते चाकूबाजी में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच हुए हमले में दोनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस एक पक्ष को हिरासत में लेकर थाने ले आई है। बता दें कि सेठाकला गांव निवासी शिवा घर के पास ही गुमटी की दुकान चलाता है। बीती रात लगभग 9 बजे गांव का ही सत्यम यादव दुकान पर सामान लेने पहुंचा था। इसी दौरान दुकान पर मौजूद युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद के बाद सत्यम यादव वहां से घर चला गया। कुछ देर बाद वह वापस आया और दुकान पर बैठे शिव पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट में हल्की चोट लग गई। बचाव में शिव ने सत्यम के हाथ से चाकू छीन लिया और उस पर भी हमला कर दिया, जिससे सत्यम यादव को भी चोटें आईं। दोनों के बीच चाकू से हुई मारपीट में रामधारी को भी चोटें आयीं। पुलिस शिवा को हिरासत में लेकर थाने ले आई। रामधारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मंदिर पर पूजा करने गए अधेड़ की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जैतपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ नारायनपुर निवासी रंग बहादुर (55) घर से कुछ दूरी पर ब्राभनपुर थाना क्षेत्र अहिरौला आजमगढ़ के नदी पुल के पास स्थित बहेलिया बीर बाबा मंदिर पर शाम को पूजा-पाठ करने गए थे, काफी समय बीत जाने पर भी जब वह अपने घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा, उनके पुत्र अनिल उन्हें तलाश करते हुए मंदिर पर पहुंचा तो उन्हे मंदिर के बाहर चबूतरे पर अचेतावस्था में पाया, उसने अहिरौला थाना पर सूचना दी। सूचना मिलते ही अहिरौला थाना अध्यक्ष अमित मिश्रा ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर उसे सीएचसी अहिरौला भेजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और आशंका जताई कि हार्ट अटैक से मौत हुई है। अहिरौला थाना अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक लगता है, फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# तकनीकी अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


नवनियुक्त तकनीकी अनुदेशकों के साथ मौजूद विधायक धर्मराज निषाद व डीएम अनुपम शुक्ला।

**अमृत विचार।** लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के तहत चयनित 26 नवनियुक्त तकनीकी अनुदेशकों को बुधवार को विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तथा मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने सभी नवनियुक्त तकनीकी अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन रोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक एवं कौशल आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, नवाचार और तकनीकी कौशल का अवसर मिलेगा। विधायक ने बताया कि तकनीकी अनुदेशकों की चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई है। नियुक्ति पत्र वितरण के उपरांत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी चयनित अनुदेशकों को उनकी रैंक के आधार पर तत्काल कार्यस्थल का आवंटन भी कर दिया गया, जिससे वह शीघ्र ही अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ कर सकें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष पटेल ने बताया कि नियुक्त तकनीकी अनुदेशक जनपद के विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए लर्निंग बाई डूइंग पद्धति के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगे। इसके अंतर्गत वे कक्षावार गतिविधि आधारित रोस्टर तैयार कर विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित प्रयोगात्मक गतिविधियों का संचालन करेंगे तथा विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेंगे।

# एसडीओ व जेई को दिया नोटिस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में करीब 35 हजार 342 बिजली उपभोक्ताओं पर विभाग का 3.64 अरब रुपए का बिजली बिल बकाया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पावर कॉरपोरेशन ने कड़ा रुख अपनाया है। संबंधित क्षेत्रों के एसडीओ उपखंड अधिकारी और जेई जूनियर इंजीनियर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जनपद के कुल 42 बिजली उपकेंद्रों पर 4.40 लाख उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिन पर लगभग सात अरब रुपए का बिजली बिल बकाया है। इन बकाएदारों में सबसे बड़ी संख्या उन उपभोक्ताओं की है जिन पर 50 हजार से पांच लाख रुपए तक का बिल बकाया है। विभिन्न क्षेत्रों में बकाए की स्थिति अकबरपुर में 9 हजार 122 उपभोक्ताओं पर 62.69 करोड़ रुपए, टांडा में 4 हजार 132 उपभोक्ताओं पर 30.52 करोड़ रुपए, जलालपुर में 3 हजार 918 उपभोक्ताओं पर 28.45 करोड़ रुपए और आलापुर में 8 हजार 012 उपभोक्ताओं पर 57.74 करोड़ रुपए बकाया है। यह सभी उपभोक्ता 50 हजार से एक लाख रुपए के बकाएदार हैं। वहीं एक लाख से पांच लाख रुपए तक के बकाएदारों की बात करें तो अकबरपुर में 3 हजार 366 उपभोक्ताओं पर 50.91 करोड़ रुपए, टांडा में 2 हजार उपभोक्ताओं पर 31.33 करोड़ रुपए, जलालपुर में 2 हजार 080 उपभोक्ताओं पर 33.24 करोड़ रुपए और आलापुर में 4 हजार 692 उपभोक्ताओं पर 69 हजार 98 करोड़ रुपए का बिल बकाया है। दिसंबर से जनवरी माह तक बिजली बिल राहत योजना चलाई गई थी, जिसमें ब्याज पर 100 प्रतिशत और मूल बकाए पर 25 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इसके बावजूद इन उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिजली बिल जमा नहीं किया। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि जेई और एसडीओ को इस संबंध में नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है।

तैयारी | पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क, निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए मजिस्ट्रेटों व कर्मचारियों की तैनाती

# जनपद के 10 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, तैयारियां तेज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी 14 व 15 मार्च को जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशलए निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में परीक्षा से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था, कार्मिकों की तैनाती तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर ड्यूटी पर लगाए गए समस्त मजिस्ट्रेट और अन्य कार्मिकों को परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए बोर्ड के निर्देशों की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुल 3 हजार 600 परीक्षार्थी प्रतिभा करेंगे। परीक्षा की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए सभी केंद्रों पर व्यापक प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारु संचालन और प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए जनपद में 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 10 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक तथा सहायक कक्ष निरीक्षक सहित बोर्ड के निर्देशानुसार पर्याप्त संख्या में कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन जांच, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा कक्ष में बोर्ड के निर्देश के अनुसार अनिवार्य रूप से परीक्षार्थियों और कार्मिकों के मोबाइल फोन, बैग आदि को रखने के लिए उचित स्थान पर अलग-अलग क्लॉक रूम, दीवाल घड़ी और सीसीटीवी व अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कर्मचारी समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश दिए, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री द्वारा इसकी स्वयं मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने सभी कार्मिकों को समय से अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचने और अपने दायित्वों का गंभीरता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा के समस्त प्रक्रियाओं को गंभीरता से लें। उन्होंने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए किए गए व्यापक प्रबंध के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय जांच के कार्य को पूरी सतर्कता और गंभीरता के साथ बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक के केस में विवेचक की वर्चुअल गवाही दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में आरोपित पूर्व विधायक अनूप संडा के केस में विवेचक संतोष कुमार शुक्ल की वर्चुअल गवाही बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज की गई। जिसमें बचाव पक्ष ने जिरह पूर्ण की। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य को तलब कर सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की है। 20 फरवरी 2022 को शहर से सटे केएनआईटी कक्ष में स्थित मंदिर परिसर में बिना अनुमति सभा कर आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था।

### परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं 16 से

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च को सम्पन्न होंगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिला समन्वयक प्रशिक्षण अपेक्षा त्रिपाठी ने बताया कि पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक आयोजित होगी। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को परीक्षा में छात्रों की उपस्थिति का डाटा प्रतिदिन दोपहर दो बजे तक बीएसए कार्यालय को ईमेल के माध्यम से भेजना होगा। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि कक्षा एक के बच्चों की केवल मौखिक परीक्षा होगी, जबकि कक्षा दो से पांच तक के विद्यार्थियों की लिखित और मौखिक दोनों प्रकार की परीक्षा कराई जाएगी। वहीं उच्च प्राथमिक के छात्रों की केवल लिखित परीक्षा होगी।

# शादाब हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

## कोर्ट ने दो लाख 12 हजार का अर्थदण्ड लगाया जो मृतक के आश्रितों को दिया जाएगा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र के भुआपुर में आठ वर्ष पूर्व हुए शादाब हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने बुधवार को अहम फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने वदूद, वसीम पुत्र नसीम तथा आफताब पुत्र जफर उल्ला को आजीवन कारावास के साथ वदूद पर 72 हजार हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया वही दो अन्य पर 70-70 हजार रुपए अर्थदंड लगाते हुए हुए जेल भेज दिया। कोर्ट ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति मृतक के परिजन को देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी पवन कुमार दूबे व वादी पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल के अनुसार वादी मोहम्मद शमशाद से पुरानी रंजिश के चलते 3 मई 2018 की शाम करीब पांच बजे आरोपी बंदूक, राइफल और रिवाल्वर से लैस होकर आए और उसके भतीजे मोहम्मद शादाब को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद दर्ज मुकदमे में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मामले में एक आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसका विचारण किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाह पेश किए गए, जबकि बचाव पक्ष ने एक गवाह का परीक्षण कराया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दो सगे भाइयों वदूद, वसीम व आफताब को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में आरोपी दोषसिद्ध

• आज दोषी को कोर्ट सुनाएगी सजा

संवाददाता, सुलतानपुर : लंभुआ थानाक्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के दोषी सूरज कोरी को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश विजय गुप्ता की अदालत ने बुधवार को दोषसिद्ध ठहराकर जेल भेज दिया जिसे जेल से तलब कर गुरुवार को कोर्ट सजा सुनाएगी। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक 24 जून 2023 की घटना में दर्ज हुए केस में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बालिका का दोषी ने अपहरण कर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म में चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए सात गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया।

### हर्ष फायरिंग मामले में सुनवाई टली

इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह पर विचाराधीन फायरिंग उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 31 मार्च की तारीख नियत की है। 14 जून 2021 को जिला पंचायत सदस्य अर्चना सिंह के गलत ढंग से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के तत्कालीन दरोगा सुशील कुमार रु ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में पूर्व विधायक चन्द्र भद्र सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर पुलिस ने चार्जशीट अदालत में दाखिल की थी। अदालत ने अगली सुनवाई की 18 फरवरी को तय की है।

### बम फेंकने के मामले में जमानत पर सुनवाई टली

जुड़ारा प्रधान के घर पर बम फेंकने के मामले में दो किशोरों की गिरफ्तारी रोकने के लिए दायर अग्रिम जमानत पर सुनवाई बुधवार को नहीं हो सकी। अभियोजन की ओर से पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता सन्तोष पांडेय ने बताया कि पुलिस प्रपत्र न आने से न्यायाधीश निशा सिंह ने अंतरिम जमानत बढ़ाते हुए, नियमित जमानत पर सुनवाई की अगली तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के जुड़ारा गांव के प्रधान अनिल मिश्र ने बीती 10 फरवरी की रात लोहरामऊ के सूदापुर स्थित घर पर बमबारी के आरोप में दो नामजद एवं कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कराया था।

### दो सगी बहनों समेत तीन के खिलाफ कुर्की का नोटिस जारी करने का आदेश

अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में एसीजेएम द्वितीय स्मृति चौरसिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए मोतिगरपुर थाने के गौरा गांव की सगी बहनों श्वेता मिश्रा व लाजो मिश्रा पुत्री शिव पूजन मिश्रा और आरोपी रमन मिश्र की संपत्ति कुर्क करने के लिए नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही तीनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी। मोतिगरपुर थाने के गौरा गांव निवासी अधिवक्ता रवींद्र मिश्रा ने सात नवंबर 2021 को गांव के रमन मिश्र, मोहन मिश्र, शुभम मिश्र, शिवपूजन मिश्र और उनकी पुत्री श्वेता मिश्रा व लाजो मिश्रा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी प्रकरण में बहस जारी

संवाददाता, सुलतानपुर : कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी एवं अन्य आरोपियों से जुड़े प्रकरण में बुधवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बहस की । बहस पूर्ण न होने से कोर्ट ने शेष बहस के लिए 16 मार्च की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित होकर पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, रामार्य पाठक सहित 14 लोग कादीपुर कोतवाली पहुंचे और पुलिस टीम पर हमला व तोड़फोड़ की। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी विजय नारायण की विवेचना में 14 आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

### युवकों ने किया किशोरी को अगवा करने का प्रयास

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार : धम्मौर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का प्रयास कर रहे दो गैर संप्रदाय के युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक किशोरी को अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहे थे, तभी ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों ने तत्काल घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। सीओ सिटी ने बताया कि किशोरी के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए युवकों की पहचान लौहर दक्षिण गांव निवासी परवेज व रहीम खान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक अपनी पहचान छिपाकर किशोरी को अगवा करने का प्रयास कर रहे थे।

# रेलवे ठेकेदार ने खाते से फ्रॉड का लगाया आरोप

• सीजेएम न्यायालय में दी अर्जी सुपरवाइजर पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : रेलवे के ठेकेदार के बैंक खाते से कथित धोखाधड़ी का मामला अदालत पहुंचा है। कोतवाली नगर के सिविल लाइन निवासी रेलवे ठेकेदार वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपने पूर्व सुपरवाइजर सर्वेन्द्रवीर विक्रम सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ठेकेदार के अनुसार उनकी फर्म रेलवे में निर्माण कार्य करती है और उन्होंने सर्वेन्द्रवीर विक्रम सिंह को अस्थायी तौर पर सुपरवाइजर के पद पर रखा था। बाद में वित्तीय अनियमितता और लापरवाही के आरोप में उन्हें फर्म से हटा दिया गया था। साथ ही 30 मई 2024 को आईसीआईसीआई बैंक के खाते का संचालन बंद कराने की सूचना भी बैंक को दे दी थी। आरोप है कि इसके बावजूद पूर्व सुपरवाइजर ने बैंक कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से खाते से जुड़े दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए नया डेबिट कार्ड जारी करा लिया और खाते का संचालन करता रहा। ठेकेदार का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल कर फ्रॉड किया गया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की सूचना कोतवाली नगर पुलिस और पुलिस अधीक्षक को भी दी गई, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया है।प्रार्थना पत्र में अदालत से अनुरोध किया है कि कोतवाली नगर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया जाए। नगर कोतवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# सुलतानपुर ने 3 स्वर्ण समेत जीते 9 पदक

• राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के छात्र चमके

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अयोध्या में 9 से 11 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सुलतानपुर जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अयोध्या मंडल को कुल नौ पदक दिलाए। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर भदैया की लबी पाल, रिचा यादव और कृतिका शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बालक वर्ग में मंजीत और ऋषभ ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही, दूबेपुर से अंशिका, नैंसी, नैतिक, अनुराग और प्रीतम की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ वर्ष बाद टीम सुलतानपुर को स्वर्ण पदक दिलाया। हैंडबॉल बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय देवगढ़ नगर क्षेत्र की अर्पिता, अंजलि, रोली, आकांक्षा, नैंसी और रिया तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर भदैया की तनु यादव, पलक भारती और रिचा यादव की संयुक्त टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। हैंडबॉल चयनकर्ता अनुपम शुक्ला ने खिलाड़ियों को बधाई दी। बास्केटबॉल बालक वर्ग में उप्रावि. करसा ब्लॉक जयसिंहपुर की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। टीम में इंद्र प्रताप, सचिन, रौनक, उज्ज्वल, आदित्य राज, यश, उमंग और इमरान शामिल रहे। जिम्नास्टिक बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय वैदहा की आरिफा बानो और साक्षी ने कांस्य पदक जीता। वहीं कुश्ती बालिका वर्ग में उप्रावि. रामनगर चेती धनपतगंज की आरती ने 30 से 33 किलो भार वर्ग में तथा कंपोजिट विद्यालय बरियौना धनपतगंज की प्रतिभा ने 54 से 58 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। मास पीटी व्यायाम एवं विशेष प्रदर्शन में उप्रावि. टेहसा ब्लॉक कूरेभार की टीम ने रजत पदक प्राप्त कर कई वर्षों बाद जिले को इस स्पर्धा में पदक दिलाया। शतरंज बालक वर्ग में कूरेभार और जयसिंहपुर की संयुक्त टीम ने भी रजत पदक हासिल किया।

# एटीएम में चालाकी से बदला कार्ड, 21,500 रुपये उड़ाए

• पुलिस ने दर्ज किया केस, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही जांच

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने का एक और मामला सामने आया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गरियवां (भरथीपुर) निवासी सुरेन्द्र सिंह के साथ ठगों ने एटीएम के अंदर ही झांसे में लेकर एटीम बदल लिया। दूसरे एटीएम पर जाकर ठगो ने 21,500 रुपये निकाल लिया।

सुरेन्द्र सिंह के अनुसार 10 मार्च की सुबह वह गुप्तारगंज बाजार स्थित इंडिया वन एटीएम से पैसे निकालने गए थे। उसी दौरान एटीएम के अंदर पहले से मौजूद दो अज्ञात युवकों ने मदद के बहाने उनसे बातचीत की और चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ ही देर बाद ठगों ने कूरेभार स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर के पास लगे एटीएम से उनके खाते से 21,500 रुपये निकाल लिए।खाते से पैसे निकलने की जानकारी होने पर सुरेन्द्र सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी और अज्ञात ठगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कूरेभार थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस अब एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। दावा किया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर पकड़ लिया जाएगा।

# नन्हें मुन्नों की प्रस्तुति ने मोहा मन

• प्रावि फ़रीदीपुर द्वितीय में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव

संवाददाता, सुलतानपुर



बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय फ़रीदीपुर द्वितीय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ उदयराज मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक योगेंद्र मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जूनियर रमेश मिश्रा, अध्यक्ष प्राथमिक अरुण वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पांडेय, संयुक्त मंत्री हरिश्चंद्र तथा मीडिया प्रभारी डॉ. स्मृति शुक्ला सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सीमा श्रीवास्तव एवं गायत्री सिंह (इटकौली), अंतिमा पांडेय एवं दीपा सिन्हा (सैफुल्लागंज), अनीता मैडम (सोनारा), अनामिका शुक्ला एवं सबीना, प्राथमिक विद्यालय फ़रीदीपुर प्रथम से अहमद जमा एवं जीशान भाई तथा तियरी से आए अतिथियों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने गीत, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

### असलहों संग युवक का फोटो वायरल

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ थाना क्षेत्र के एक युवक का अवैध असलहों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल तस्वीरों में युवक अलग-अलग अंदाज में हथियारों के साथ दिखाई दे रहा है,जिससे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। वायरल तस्वीरों में दिख रहे युवक की पहचान नरेंद्रपुर थाना लंभुआ गांव के एक युवक के रूप में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक ने हथियारों के साथ फोटो खिंचवाकर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया,जिसके बाद तस्वीरें तेजी से वायरल हो गईं। सूत्र बताते हैं कि सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के साथ वायरल युवक को लंभुआ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अवैध असलहों के साथ तस्वीर में दिख रहे युवक एवं उसके दोस्त को हिरासत में लिया है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव को टीकाकरण 14 से

सुलतानपुर, अमृत विचार : महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। केंद्र सरकार की पहल पर 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन निशुल्क लगाई जाएगी। इस अभियान की शुरुआत 14 मार्च से जिला महिला चिकित्सालय सुलतानपुर से की जाएगी। सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान विशेष राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी।

# संकल्प सेवा के तहत 27 ने किया रक्तदान

चांदा, सुलतानपुर



सीएचसी में युवाओं ने किया रक्तदान। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए 'संकल्प सेवा' के तहत एक सराहनीय पहल की गई। समाजसेवी विकास मिश्रा द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. इन्द्रमणि मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रतापपुर कमैचा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पिता की स्मृति को समाज सेवा से जोड़ते हुए आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले के ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना था। साथ ही समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाकर लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना भी कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। शिविर में क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 27 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वालों में पंकज कुमार उपाध्याय, अमन सिंह, गौरव झा, रजनीश मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह, पुनीत झा, मनीष झा, अवधेश तिवारी, नवीन सरोज, सिद्धार्थ सरोज, शीतला प्रसाद तिवारी, रजनीश कुमार मिश्रा, अंकुर सिंह, तनुज कुमार शर्मा, अंजनी कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, अनुराग, विकास मिश्रा, सचिन यादव, योगेश कुमार द्विवेदी, पवन सिंह, अभिनव मिश्र, संजय तिवारी, संजय उपाध्याय, सचिन यादव, प्रवीन पाण्डेय तथा अजीत कुमार यादव सहित अन्य रक्तदाताओं ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव प्राप्त किया।

# छात्रों ने जानी आयुध निर्माण उत्पादन तकनीक

• 100 मेधावी विद्यार्थियों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

संवाददाता, सुलतानपुर



हथियारों के बारे मे जानकारी लेते विद्यार्थी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जिले के 10 चयनित माध्यमिक विद्यालयों के 100 मेधावी विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए आयुध निर्माण फैक्ट्री कोरवा (अमेठी) भेजा गया। बसों को जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

फैक्ट्री पहुंचकर विद्यार्थियों ने आयुध उपकरणों के निर्माण, पैकेजिंग और तकनीकी प्रक्रिया को करीब से देखा। विशेषज्ञों ने उन्हें हथियारों के उत्पादन व तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। यह इकाई एडवांस वेपन एंड इक्यूमेंट इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत संचालित होती है, जहां ज्ञ-203 असॉल्ट राइफल का उत्पादन भी किया जाता है। जिला समन्वयक शैलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों को औद्योगिक कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व शिक्षक इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

**बार चुनाव**

18 से होगा यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, आज समाप्त हो जाएगी बोर्ड परीक्षा

# सीसीटीवी की निगरानी में चार केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

संवाददाता, सुलतानपुर



शहर के जीआईसी में होगा कॉपियों का मूल्यांकन।

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से जिले के चार केंद्रों पर होगा। इसमें दो पर इंटरमीडिएट, एक पर हाईस्कूल तो एक केंद्र पर मिश्रित यानी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों की कॉपियां जांची जाएंगी। सीसीटीवी की निगरानी में कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र (यूपी बोर्ड) की वार्षिक परीक्षा का समापन 12 मार्च गुरुवार को हो जाएगा। परीक्षा समापन की ओर है, ऐसे में कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारियों में महकमा जुटा हैं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू हो जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मूल्यांकन के लिए समय निर्धारित किया गया है। इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन शहर के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज व महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज उतुरी में होगा। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं पीएम श्री केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में होगी। जबकि, नेशनल इंटर कॉलेज कादीपुर इंटरमीडिएट और हाईस्कूल दोनों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। डीआईओएस कार्यालय के परीक्षा पटल प्रभारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि बोर्ड से केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच रही हैं। अभी परीक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। कितने परीक्षक किन किन केंद्रों पर होंगे, इसकी सही जानकारी एक दो दिन बाद तक ही हो पाएगी।

> मूल्यांकन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सीसीटीवी क्रियाशील है। चारों केंद्रों पर 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल की गई हैं। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित है। परीक्षकों को परिचय पत्र दिए जा रहे हैं। जिसके बिना उनका भी प्रवेश केंद्र के अंदर नहीं होगा।–
> **सूर्य प्रकाश सिंह, डीआईओएस सुलतानपुर**

### सीसीटीवी की निगरानी में होगा मूल्यांकन

उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में होगी। केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए हैं। साथ ही सभी केंद्रों पर मेडिकल ऑफिसर भी तैनात किए गए हैं।

### ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी

परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि जीआईसी में बनाए गए आनलाइन मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से मूल्यांकन के समय लगातार निगरानी की जाएगी। चारों मूल्यांकन केंद्रों को यहां से जोड़ा गया हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को सीधे बोर्ड ऑफिस से जोड़ा गया है, जहां से मानिटरिंग की जा सकती है।

### 3,70 लाख नोटिसों की सुनवाई कर 62 हजार का निस्तारित

सुलतानपुर, अमृत विचार : विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों से कुल 3,71,646 लोगों को नोटिस जारी की गई है। जारी नोटिसों की सुनवाई के लिए 107 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो निर्धारित बिंदुओं के आधार पर मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। अब तक 3,70,363 नोटिसों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिनमें से सुनवाई के बाद 62,681 नोटिस का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं जिन मामलों में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हुए उन्हें दोबारा सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं संजय कुमार पुत्र श्री देव प्रकाश गुप्ता निवासी–एन–427, केशवपुरम आवास विकास–1 कानपुर नगर उ0प्र0–208017, मेरे शैक्षिक दस्तावेजों एवं पासपोर्ट पर मेरा नाम SANJAY KUMAR GUPTA अंकित है जब कि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड, बैक एवं ड्राईविंग लायसेन्स में SANJAY KUMAR दर्ज है। SANJAY KUMAR एवं SANJAY KUMAR GUPTA दोनो नाम मेरे है। अब मेरा नाम SANJAY KUMAR ही सही एवं सत्य है ।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0605885 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। कु. पुष्पा देवी पुत्री रामदास निवासी ग्राम मुरार नगर , सोम, पोस्ट सण्डीला जिला हरदोई

**सूचना**
मैं NAZNI ALI पत्नी श्री SHAUKAT ALI निवासी–429/87, मोअज्जमनगर, पो0–चौक, जिला–लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर NAJANI कर लिया है, अतः आज से मुझे NAJANI W/O SHAUKAT ALI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैने अपना नाम RESHMA KHATOON से बदलकर RESHMA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-KHATEEB AHMAD ADD-VILL/POST-ANWARI DIST-BARABANKI-225302 (U.P.)

**सूचना**
मैं इन्द्र प्रकाश पुत्र बच्चाराम निवासी मोहल्ला–मीरानपुर, थाना–को0 अकबरपुर, तहसील–अकबरपुर, जनपद– अम्बेडकरनगर उ0प्र0 आधार नं0–5914 8342 5942, मेरा पुत्र अभिषेक सोनी (आधार नं0–2235 4786 4943) मेरे कहने में नहीं है और मेरा घर छोड़कर कई दिनों से लापता है। अभिषेक सोनी द्वारा कोई भी नैतिक – अनैतिक कार्य किया जाता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी स्वयं की होगी। मैं अपनी सम्पत्ति से अपने पुत्र अभिषेक सोनी को बेदखल करता हूँ और मेरी सम्पत्ति में अभिषेक सोनी का कोई अंश नहीं होगा।

**सूचना**
यह कि मेरा साजिशन वैवाहिक अनुबंध ग्राम बजरंगपुर मजरे बंडई तहसील लालगंज जिला रायबरेली की रिंकी पुत्री रमेश कुमार के साथ हुआ था। लेकिन रिंकी कभी भी उसके संपर्क में नहीं आई। अतएव मैने जरिये डाक से नोटिस भेज कर 15 दिन के अंदर रिंकी से उक्त संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। अन्यथा वैवाहिक संबंध विच्छेद माना जाएगा । मैं/अंकित प्रसाद पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम बरभन खेड़ा खीरो तहसील लालगंज जिला रायबरेली।

**सूचना**
मैने अपने पुत्र अनुज व उनके साथ रह रही लिविंग रिलेशन में परवीता व दिव्या को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी प्रकार के क्रियाकलाप, लड़ाई झगड़ा, लेनदेन व मुकदमेबाजी से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं है। उनके द्वारा किए किसी कार्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।–रामजानकी पत्नी स्व, राजेश, निवासी ब्लाक नं.22. कमरा नं.255, काशीराम ईदगाह कालोनी, हाजीगंज, कन्नौज

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता मूल पते का निवासी है शपथ कर्ता के पासपोर्ट में पूर्व नाम वीरेन्द्र पुत्र विश्राम पाल है जब कि शपथ कर्ता ने अब अपना नाम बदलकर वीरेन्द्र कुमार पुत्र विश्राम पाल रख लिया है जो इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। वीरेन्द्र कुमार ग्राम बहादुरपुर थाना सरेनी जनपद रायबरेली

**सूचना**
मै रजनीश कुमार पाण्डेय पुत्र श्री प्रभु प्रकाश निवासी–ग्राम, पोस्ट व तहसील सवायजपुर जनपद हरदोई, मेरे पुत्र का नाम विट्ठल पाण्डेय पुत्र रजनीश कुमार पाण्डेय है जिसकी जन्मतिथि 23.07.2019 है। अब मेरे पुत्र विट्ठल पाण्डेय पुत्र रजनीश कुमार पाण्डेय को 11 मार्च 2026 से अव्यांश पाण्डेय पुत्र श्री रजनीश कुमार पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

**सूचना**
मैं अपने पुत्र शहजाद पुत्र जैनुल आब्दीन तथा बहू आयशा पत्नी शहजाद को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। तसब्बर जहां पत्नी जैनुल आब्दीन ग्राम सिसहना, मशमूले जानकी नगर,पोस्ट गोदहना,थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर

**सूचना**
मैं नफीसा पत्नी अबरार हसन निवासिनी–गढ़ी मोहल्ला, ग्राम व पोस्ट बिजनौर, जिला लखनऊ, उ0प्र0, मेरा सही नाम नफीसा (NAFEESA) है। जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाते समय गलती से नफीसा (NAFEESA) के स्थान पर नफीसन (NAFISAN) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। मैं अपना नाम नफीसन (NAFISAN) के स्थान पर नफीसा (NAFEESA) करवाना चाहती हूँ। जो कि सत्य व सही हैं। अतः मेरा नाम जहाँ–जहाँ पर नफीसन (NAFISAN) है उसके स्थान पर नफीसा (NAFEESA) पढ़ा व समझा जाएं।

**न्यूज ब्रीफ**

### 15 मार्च को लगेगा हृदय रोग जांच शिविर

**बेलसर, गोंडा :** श्री सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 15 मार्च 2026 को नि :शुल्क हृदय रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर लखनऊ के आशियाना स्थित चांसलर क्लब के–1 में आयोजित होगा, जिसमें श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद (गुजरात) के चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। यह जानकारी देते हुए संगठन के बेलसर अध्यक्ष देवी प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि शिविर में जन्मजात हृदय रोग सहित सीएबीजी, पीडीए, एमवीआर, एएसडी तथा हृदय में छेद जैसी समस्याओं की जांच और उपचार की व्यवस्था रहेगी। शिविर में शामिल होने के लिए मरीजों को पूर्व पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के लिए 9451028210 और 9839614276 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रमोद कौशल, देवी दीन कौशल, शिवम दुबे, श्रवण गुप्ता, आलोक शुक्ला, हरिशंकर शुक्ला समेत सत्य साईं सेवा संगठन बेलसर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम से सड़क निर्माण कराने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** उप्र ग्राम प्रधान संघ की शाखा ब्लॉक रुपईडीह के अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने ग्राम पंचायत देवरिया खाम के ईश्वरदीन पुरवा से लक्ष्मण पुर गांव तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण न कराये जाने से क्षेत्रीय जनता को आवागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उनकी इस मांग पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से शीघ्र ही आख्या मांगे जाने का आश्वासन दिया गया है।

# पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की घटी आपूर्ति, गैस एजेंसियों पर लटके ताले

## मध्य पूर्व में ईरान, इजरायल व अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का दिख रहा व्यापक असर


बभनजोत ब्लॉक में गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी पर जुटे लोग। अमृत विचार


कटरा बाजार में इंडेन गैस एजेंसी पर लटका ताला। अमृत विचार

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** मध्य पूर्व में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत के पेट्रोलियम बाजार पर भी दिखने लगा है। कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से देश में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता घट गई है। बताया जा रहा है कि भारत में स्टोर पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति घटकर करीब 70 प्रतिशत तक रह गई है, जिसका असर गोंडा जिले में भी साफ दिखाई दे रहा है।

जिले की कई गैस एजेंसियों पर आपूर्ति न होने के कारण ताले लटक गए हैं, जबकि जहां गैस उपलब्ध है वहां सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। पेट्रोल पंपों पर भी कम लोड आने के कारण कई स्थानों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी स्थिति को सामान्य बताते हुए आपूर्ति कम होने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं कर रहे हैं और जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई की बात कर रहे हैं। बुधवार को गोंडा जिले के कई इलाकों में गैस एजेंसियों पर ताले लटके मिले, जबकि कुछ एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी लाइनें दिखाई दीं। लोगों में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और एलपीजी को लेकर अफरातफरी का माहौल बन गया है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह से गंभीर नहीं है, लेकिन उपभोक्ताओं में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। जिले में इस समय मांगलिक कार्यक्रमों और विवाह समारोहों का दौर भी चल रहा है। ऐसे में आयोजकों को एक-एक गैस सिलेंडर के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

आंकड़ों के अनुसार गोंडा जिले में कुल 76 गैस एजेंसियां संचालित हैं। बीपीसीएल की 48, आईओसीएल की 18 और एचपीसीएल की 10 एजेंसियां शामिल हैं। जिले में बीपीसीएल के 4,94,151 उपभोक्ता, आईओसीएल के 2,22,120 तथा एचपीसीएल के 83,482 उपभोक्ता हैं। इस प्रकार जिले में कुल 7,99,753 उपभोक्ता एलपीजी गैस पर निर्भर हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना के लाभार्थी और सामान्य उपभोक्ता दोनों शामिल हैं। जिले में 186 पेट्रोल पंप संचालित हैं, लेकिन कई पंपों पर इन दिनों पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कम पहुंचने की वजह से बिक्री सीमित हो गई है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि उन्हें पहले की तुलना में कम लोड मिल रहा है, जिससे ग्राहकों को पूरी आपूर्ति देना मुश्किल हो रहा है। उधर प्रशासन का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि फिलहाल जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि जमीनी स्थिति यह है कि गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ और लंबी कतारों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अगर आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

### गैस बुकिंग और डिलीवरी में अव्यवस्था से परेशानी

**नवाबगंज, गोंडा :** क्षेत्र में गैस बुकिंग और डिलीवरी को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कस्बा निवासी उमेश, अनिल और पप्पू पाल ने बताया कि कंपनी के बुकिंग नंबर पर फोन करने के बावजूद गैस की बुकिंग नहीं हो पा रही है। सरदार कुक्कू सिंह ने बताया कि व्हाट्सएप से बुकिंग करने पर मैसेज आया कि उन्होंने निर्धारित संख्या से अधिक सिलेंडर ले लिए हैं, जबकि इस वित्तीय वर्ष में उन्होंने केवल छह सिलेंडर ही लिए हैं। वहीं बल्लीपुर निवासी दिव्यांग राम कुमार ने बताया कि वह दो दिन से भार्गव गैस एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन भारी भीड़ के बावजूद एजेंसी पर केवल एक ही बुकिंग खिड़की खुली है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बाजार में बिचौलिये 1500 से 1800 रुपये तक में घरेलू सिलेंडर बेच रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने यह भी कहा कि बुकिंग के बाद भी डिलीवरी नहीं मिल रही है और एजेंसी के फोन बंद हैं। इस संबंध में भार्गव भारत गैस एजेंसी की प्रोपराइटर आभा भार्गव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद रहा।


गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

### एलपीजी सिलेंडर को लेकर एजेंसी पर लगी लंबी लाइन

**संवाददाता गौरा चौकी, गोंडा :** क्षेत्र में एलपीजी गैस को लेकर अचानक अफरा–तफरी का माहौल बन गया है। भारत पेट्रोलियम की बभनजोत गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी–लंबी लाइनें लग रही हैं। खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने की चर्चा के बीच लोगों को घरेलू गैस की कमी का डर सता रहा है। इसी कारण लोग सिलेंडर स्टॉक करने के लिए एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। इस समय रमजान का महीना चल रहा है और एक सप्ताह बाद ईद का त्योहार भी है, जिससे घरेलू गैस की मांग और बढ़ गई है। सपा नेता हाफिज मलिक ने कहा कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति को लेकर सरकार ठोस कदम नहीं उठाती है तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं अब्दुल अजीज ने आरोप लगाया कि कुछ बिचौलिए सिलेंडर को महंगे दामों पर बेच रहे हैं।

## 4.44 लाख किसानों के खाते में कल आयेगी किसान सम्मान निधि

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जनपद के लाखों किसानों के लिए गुरुवार का दिन राहत भरा रहेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जनपद के लगभग 4.44 लाख किसानों के बैंक खातों में सम्मान निधि की किस्त आएगी। प्रत्येक पात्र किसान को दो हजार रुपये की किस्त सीधे उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में दी जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को अगली किस्त जारी की जा रही है। जनपद में 4. 48 लाख किसानों का पंजीकरण है और सत्यापन के बाद पात्र किसानों को लाभ दिया जा रहा है। अब तक 3.56 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। जिला कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों के खाते में अभी तक आधार सीडिंग, ई-केवाईसी या बैंक खाते से जुड़ी अन्य औपचारिकताएं पूरी नहीं हुई हैं, वे जल्द से जल्द इन्हें पूरा कर लें, ताकि उन्हें भी योजना का लाभ समय पर मिल सके। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कई किसानों की किस्त केवल तकनीकी कारणों से अटक जाती है। कृषि विभाग के अनुसार योजना के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों को खेती के खर्च में काफी मदद मिलती है। सरकार की मंशा है कि किसानों को बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहारा मिल सके। उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर ने बताया कि गुरुवार को किसान सम्मन निधि किसानों के खाते में आएगी।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दी जानकारी

गोंडा कार्यालय



वैक्सीन के बारे में जानकारी देते अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जय गोविंद।

**अमृत विचार:** महिलाओं और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जय गोविंद ने कहा कि एचपीवी, ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। इस संक्रमण से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन बेहद प्रभावी है। उन्होंने कहा कि 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को यह टीका लगवाना सबसे अधिक लाभकारी माना जाता है। वैक्सीन से भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण की प्रक्रिया, इसके लाभ और लोगों में जागरूकता फैलाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी इस टीके को लेकर पर्याप्त जानकारी नहीं है, इसलिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर परिवारों को इसके महत्व के बारे में समझाएं। इस दौरान डीपीएम अमरनाथ, सुधांशु मिश्रा समेत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से किराना व्यापारी की मौत, मचा कोहराम

**इटियाथोक, गोंडा:** थाना क्षेत्र के बिशुनपुर संगम गांव निवासी एक किराना व्यापारी की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार सुबह बिशुनपुर संगम निवासी राजेश सिंह (52) पुत्र वंशराज सिंह अपने घर से शिवपुरिया चौराहे पर स्थित किराने की दुकान खोलने के लिए निकले थे। काफी देर तक दुकान पर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई और उनकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। करीब सुबह 10 बजे परिजनों को सूचना मिली कि अर्जुनपुर रेलवे क्रॉसिंग से इटियाथोक की ओर लगभग 500 मीटर दूर रेलवे ट्रैक के पास एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरखपुर से पनवेल जा रही ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र शिव प्रताप सिंह उर्फ आकाश सिंह ने बताया कि उनके पिता कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे।



## महिला सशक्तीकरण का समझाया महत्व

करनैलगंज, गोंडा


एनएसएस के बौद्धिक सत्र में जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरयू डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में बुधवार को जागरुकता व बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रथम सत्र की शुरुआत डॉ. जेएन तिवारी और डॉ. ममता मिश्रा ने की। शिविर अंतर्गत महिला साक्षरता और सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए स्वयंसेवकों ने टोली बनाकर बेलवा समय ग्राम कचनापुर में घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में बौद्धिक कार्यक्रम के तहत कौशल विकास विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने की। वहीं डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह ने व्यावहारिक गतिविधियों, टीम गेम और इंटरैक्टिव माध्यमों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. जेएन तिवारी ने किया। इस दौरान डॉ. ममता मिश्रा, पवन मिश्र और डॉ. त्रिपुरारी दुबे ने भी अपने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को नवाचार और कौशल विकास की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में आशीष, रितेश पांडेय, रोहित मौर्य, विमल मिश्र, प्रियंका, साक्षी मिश्रा, तान्या मिश्रा, रूमी, वंदना, अर्चना, आरती, पूनम, छवि, रोशनी, सेजल, रुचि, कोमल सहित कई स्वयं सेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जगन्नाथ तिवारी और डॉ. पवन कुमार मिश्र ने स्वयं सेवकों को अगले दिन की रूपरेखा बताई।

## अफसरों ने लौव्वा टेपरा में किया निर्माणाधीन सीएफसी का निरीक्षण

**गोंडा कार्यालय:** बेलसर ब्लॉक की ग्राम पंचायत लौव्वा टेपरा में निर्माणाधीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर, सीएफसी का बुधवार को उद्योग विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति, मशीनों की स्थापना और भवन की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग बाबू राम, संयुक्त निदेशक सविता भारती तथा निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। अधिकारियों ने सीएफसी भवन में लगाई जा रही मशीनों, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए।सीएफसी के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने अधिकारियों को बताया कि केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि छोटे उद्यमियों को भी अपने उत्पाद तैयार करने और उन्हें बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी। उपायुक्त उद्योग बाबू राम ने बताया कि सीएफसी में आवश्यक मशीनों की फिटिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और भवन का फिनिशिंग कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही केंद्र पूरी तरह तैयार होकर संचालन के लिए उपलब्ध होगा। अधिकारियों ने कहा कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर शुरू होने के बाद स्थानीय उद्यमियों और युवाओं को आधुनिक मशीनों की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी, जिससे क्षेत्र में लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## फर्जी निवेश योजना से करोड़ों रुपये की ठगी, पीड़ितों ने एसपी से की शिकायत

**गोंडा कार्यालय:** निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कैनविज ट्रांस कॉर्पोरेशन इंडिया और कैनविज इंडस्ट्रीज नामक कंपनियों पर फर्जी योजनाओं के जरिए सैकड़ों ग्रामीणों को झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगा है। बुधवार को कई पीड़ित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों का आरोप है कि कन्हैया गुलाटी, राधिका गुलाटी, गोपाल गुलाटी और आशीष गुलाटी ने एक संगठित गिरोह बनाकर लोगों को निवेश के नाम पर लालच दिया। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि 16 हजार रुपये जमा करने पर तीन साल में 32 हजार रुपये मिलेंगे। वहीं 24 हजार रुपये निवेश करने पर 30 महीनों तक हर माह 2 हजार रुपये देने का वादा किया गया था। इस लालच में आकर कई ग्रामीणों ने अपनी जमा-पूंजी इन योजनाओं में लगा दी।बताया जा रहा है कि इस ठगी में सुरेंद्र कुमार के करीब 16 लाख रुपये, रेनू सिंह के 1.51 लाख, सुरेंद्र प्रताप के 5 लाख, जय प्रकाश के 36 लाख, कौशलेंद्र के 1 लाख, शिव शंकर गुप्ता के 3 लाख और शिवकुमार गुप्ता के 2 लाख रुपये फंस गए। इसके अलावा अविनाश सोनकर, विपिन, अमरेश, राकेश कुमार, प्रमोद वर्मा, राम किशन यादव, राधेश्याम वर्मा और संजय वर्मा समेत दर्जनों लोगों ने भी लाखों रुपये गंवाने की बात कही है। कई ग्रामीणों ने अपनी गाढ़ी कमाई के 16-16 हजार रुपये तक इस योजना में जमा कर दिए थे।मामले का खुलासा तब हुआ जब मेच्योरिटी अवधि पूरी होने पर निवेशकों ने अपना पैसा वापस मांगा। आरोप है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने उन्हें फर्जी चेक दे दिए, जो बैंक में बाउंस हो गए। इसके बाद जब पीड़ितों ने दबाव बनाया तो आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए। इतना ही नहीं, व्हाट्सएप कॉल के जरिए पीड़ितों को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।पीड़ितों का दावा है कि यह गिरोह सिर्फ जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी सक्रिय है।

### मेधावियों के सम्मान में समारोह आयोजित


सनराइज विद्यालय में स्मृति चिन्ह प्राप्त करते छात्र व मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा :** नगर के सनराइज विद्यालय में बुधवार को कक्षा 5 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 5 तक के अपने शिक्षा के सफर को याद करते हुए भावुक पल साझा किए और कई छात्रों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विद्यालय में प्राप्त नैतिक शिक्षा, अनुशासन, राष्ट्र प्रेम, गुरुजनों और बड़ों का आदर करने जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रबंधक के.एल. वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए स्मृति चिन्ह और कलम भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों से हाथ मिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और विदाई समारोह को उत्सव के रूप में मनाया। समारोह में विनायक कुमार, अक्षय, फातिमा, कृष्णा वाल्मीकि, श्रद्धा सिंह, सौरभ अवस्थी, चाहत सिंह, देवांशी, नीतू कनौजिया, कौनेन रज़ा सहित अन्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### कई स्थानों पर मारपीट, तीन मुकदमे दर्ज

**परसपुर, गोंडा :** थाना क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर मारपीट और गाली–गलौज की घटनाओं को लेकर पुलिस ने तीन मामलों में मुकदमा दर्ज किया है। पहली घटना धर्म नगर चौराहे की है, जहां ग्राम जरौली चरहुंआ निवासी पवन कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि उनका पुत्र सौरभ सिंह नौ मार्च की शाम गोंडा से लौटकर चौराहे पर पहुंचा था। इसी दौरान होली की बात को लेकर मगुंरा निवासी रत्नेश उपाध्याय, विनय उपाध्याय व एक अन्य ने गाली–गलौज करते हुए थप्पड़ से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरी घटना बाबा कुटी मोड़ के पास की है। पूरे अजब निवासी ज्ञान प्रकाश ने आरोप लगाया कि मुकदमे में सुलह कराने की बात को लेकर सोनू यादव ने उनके साथ मारपीट कर धमकी देकर चला गया। तीसरा मामला झोलहन पुरवा रेक्सड़िया गांव का है। यहां ट्रैक्टर–ट्रॉली मोड़ने के दौरान फूल की टहनी दब जाने की बात को लेकर विवाद हो गया।

### मृतक की पत्नी को मिले दो लाख रुपये

**संवाददाता खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के मेड़ई सुल्ताना निवासी मुन्ना की मौत के बाद उनकी पत्नी मुन्नी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। बताया गया कि मुन्ना ने 10 मई 2025 को भारतीय स्टेट बैंक की विशुनापुर शाखा में बीमा कराया था। 10 दिसंबर 2025 को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। बुधवार को शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार मिश्र ने मृतक की पत्नी मुन्नी को प्रतीकात्मक चेक सौंपते हुए बताया कि बीमा की दो लाख रुपये की राशि उनके खाते में भेज दी गई है। उन्होंने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील भी की।

**दिये निर्देश** | पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने अधिकारियों संग की बैठक

## 14 सेक्टर व 14 स्टैटिक मजिस्ट्रेट हुए तैनात

संवाददाता गोंडा


पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी बैठक करतीं डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगामी 14 और 15 मार्च को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 14 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10:00 से 12:05 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3:00 से 5:05 बजे तक आयोजित होगी। दोनों दिनों में कुल 19,200 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, पेयजल, बिजली, शौचालय, प्रवेश पत्र जांच, वर्जित सामग्री की जांच और मेडिकल इमरजेंसी जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक संसाधन और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा से संबंधित सहायता के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके फोन नंबर 05262-230125 और 05262-358560 जारी किए गए हैं। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए आईटीआई चौराहा स्थित शहरी आजीविका केंद्र (सीएलसी) मेवतियां में निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है। बैठक में आलोक कुमार, मनोज कुमार रावत, पंकज वर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, नेहा मिश्रा, विनय कुमार सिंह, डॉ. रामचंद्र समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## इफ्तार पार्टी में विवाद के बाद युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय:** वजीरगंज थाना क्षेत्र में इफ्तार पार्टी के दौरान हुए विवाद में युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से तमंचा, खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस ने थाना वजीरगंज में दर्ज मुकदमा से संबंधित वांछित आरोपी कय्यूम अहमद पुत्र बकरीदी निवासी ग्राम जमलापुर विरहमतपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 10 मार्च की शाम करीब छह बजे ग्राम जमलापुर विरहमतपुर में रोजा इफ्तार पार्टी के दौरान पानी लाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी कय्यूम अहमद ने वादी यार मोहम्मद के बेटे मो. सिराज उर्फ छोटू के साथ गाली-गलौज करते हुए पहले तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे सिराज गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घायल युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद पीड़ित के पिता यार मोहम्मद की तहरीर पर थाना वजीरगंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को जमलापुर से सोहना जाने वाली नहर पटरी के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा, खोखा बरामद किया है।

न्यूज ब्रीफ

## दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना श्रीदत्तगंज में दर्ज मुकदमे में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी थी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी उतरौला के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी सोनू उर्फ मोहम्मद इमरान पुत्र अब्दुल मन्नान निवासी ग्राम गालिबपुर थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर बताया गया है। पुलिस ने उसे गालिबपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।

## अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत अदालत ने अश्लील हरकत करने के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के मद्दो भीख निवासी संजय को पुलिस ने 11 अक्टूबर 2025 को अश्लील हरकत करते हुए गिरफ्तार किया था। इस संबंध में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के आधार पर एसीजेएम/जेएम न्यायालय उतरौला ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 1000 रुपये अर्थदंड तथा न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है।

# समय से पूरी करें चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में की विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता बलरामपुर



कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते मुख्यमंत्री।


मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।


नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बलरामपुर मंडल की समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और आगामी चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है और देवीपाटन शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, पेयजल, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन और निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने तथा जरूरत के अनुसार अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि "छांगुर जैसा कोई व्यक्ति दोबारा न पनपे।" उन्होंने एंटी रोमियो स्क्वॉड को सक्रिय रखने, शोहदों और चेन स्नेचरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा उनकी पहचान सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त निगरानी बढ़ाने, ग्राम चौकीदारों को सक्रिय करने तथा जिला मॉनिटरिंग कमेटी की नियमित बैठक करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण को तेज कर इसे मई तक पूरा करने और इसे रिसर्च सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। थारू जनजाति क्षेत्र में सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने तथा राजस्व वादों और पैमाइश के मामलों का त्वरित निस्तारण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए और उद्योग बंधु व व्यापारी बंधु की बैठकें नियमित हों। साथ ही मेडिकल कॉलेज में औपचारिकताएं पूरी कर जल्द पढ़ाई शुरू कराने, बाढ़ से बचाव की तैयारी अभी से शुरू करने और नदियों व पहाड़ी नालों से जुड़े ड्रेनेज कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्कूल चलो अभियान की तैयारियों को समय से पूरा करने, बच्चों को ड्रेस, बैग, किताबें और जूते-मोजे उपलब्ध कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मरीजों को जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि उन्हें दूसरे जनपदों में न जाना पड़े। बैठक में विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र व अवधेश कुमार सिंह, नगर पालिका चेयरमैन धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह, आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, एडीजी अशोक मुथा जैन, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### मई तक पूरा करें मां पाटेश्वरी विवि का निर्माण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का निर्माण हर हाल में मई 2026 तक पूरा किया जाए और कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में मौलिश्री का पौधा भी रोपा। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय के मॉडल पर आधारित प्रेजेंटेशन देखा और कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह से निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा हो, इसके लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की एकेडमिक बिल्डिंग, थिएटर क्लास, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न निर्माणाधीन हिस्सों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज का भी दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विधायक पल्टूराम, एमएलसी साकेत मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, जिलाधिकारी विपिन जैन, कुलसचिव परमानंद सिंह और परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को मिल रही रफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर जनपद में स्वास्थ्य विभाग सक्रिय रूप से काम कर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशन में सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की जांच, पहचान और उपचार की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि संदिग्ध मरीजों की सक्रिय खोज, निःशुल्क जांच और दवा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही मरीजों को पूरा उपचार लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की सुविधा उपलब्ध है और मरीजों को निःशुल्क दवाएं तथा निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने लोगों से लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की अपील की है।

## मनमाने तरीके से बढ़ा रहे पान मसाला के दाम

**परसपुर, गोंडा :** क्षेत्र में पान मसाला, तंबाकू और सिगरेट के दामों में अचानक बढ़ोतरी से बाजार में हलचल मच गई है। महंगे दामों को लेकर फुटकर दुकानदारों और ग्राहकों के बीच रोजाना नोकझोंक की स्थिति बन रही है। फुटकर दुकानदारों का आरोप है कि थोक विक्रेता मनमाने दामों पर सामान दे रहे हैं, जिससे उन्हें मजबूरी में ग्राहकों को अधिक कीमत पर माल बेचना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि कई थोक व्यापारी कंपनियों द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक दाम पर माल दे रहे हैं और कई बार बिल भी नहीं देते। वहीं ग्राहकों का कहना है कि रोजाना बढ़ती कीमतों से उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसको लेकर कई जगहों पर दुकानदारों और ग्राहकों के बीच कहासुनी भी हो रही है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि बाजार में अनावश्यक मूल्यवृद्धि पर रोक लगाई जा सके और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## फूल-गुलाल के साथ झूम उठा तुलसीपुर घराना होली मिलन समारोह में बिखरे रंग और सुर


होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण। अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर :** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मंगलवार शाम तुलसीपुर घराना की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को रंग और उमंग से भर दिया। समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। इसके बाद क्षेत्रीय कलाकार कृष्णा बाल्मीकि ने प्रसिद्ध होली गीत "रंग बरसे भीगे चुनर वाली" की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं आलोक और नीरज कशौधन ने वीर हनुमान, गणेश व सरस्वती वंदना की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में भक्ति रस घोल दिया। कार्यक्रम के दौरान लेखपाल विजय सोनी ने "भोले ओ भोले" भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों ने फूल और गुलाल के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। "रंग बरसे भीगे चुनर वाली" गीत पर सभी ने सामूहिक नृत्य कर होली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर रविंद्र नाथ तिवारी, डीपी सिंह, नगर कार्यवाह श्री प्रकाश सिंह, अवधेश, श्यामसुंदर, प्रभाकर कसौधन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्द और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।


जागरुकता रैली को रवाना करते जिला जज दुर्ग नरायन सिंह। अमृत विचार

## लोक अदालत की जानकारी के लिए निकाली रैली

**गोंडा, अमृत विचार :** 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजन में वाहन जागरुकता रैली निकाली गयी। जनपद न्यायालय परिसर से जिला जज दुर्ग नरायन सिंह व प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि जिला न्यायालय के साथ ही करनैलगंज, तरबगंज व मनकापुर ग्राम न्यायालय में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। रैली के आयोजन अवसर पर नम्रता अग्रवाल, एसपी सिंह, निर्भय प्रकाश, विकास कुमार, दानिश हसनैन, नित्या पांडेय, अमित सिंह सहित सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीड बैंक मैनेजर विनोद तिवारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## तेंदुए ने बछिया व बंदर को बनाया शिकार, दहशत

**बलरामपुर, अमृत विचार:** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के बरहवा रेंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेढ़ीप्रास में तेंदुए की सक्रियता से ग्रामीणों में भय का माहौल है। बीते दो दिनों में तेंदुए ने एक बछिया और एक बंदर को शिकार बना लिया, जिससे गांव के लोग सहमे हुए हैं। गांव निवासी तिलकराम यादव के अनुसार सोमवार रात करीब 11 बजे उनकी पशुशाला में बंधी एक वर्षीय बछिया को तेंदुआ उठा ले गया। सुबह खोजबीन करने पर घर से लगभग 700 मीटर दूर पतिराम के अरहर के खेत में बछिया के अवशेष मिले। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीण कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि मंगलवार रात तेंदुए ने एक बंदर को भी अपना शिकार बना लिया, जिसके अवशेष गांव के पास झाड़ियों में मिले। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। बरहवा रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी बीके सिंह परिमार ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजा गया है।

## 18 लाख रुपये की हड़पी चांदी नकली धातु भेज व्यापारी से ठगी

**बलरामपुर, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी फर्म और जीएसटी नंबर का सहारा लेकर एक व्यापारी से करीब 18 लाख रुपये से अधिक की चांदी हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी ने व्हाट्सएप के जरिए चांदी के आभूषण तैयार कराने का ऑर्डर दिया और माल मंगवाने के बाद उसके बदले नकली धातु भेजकर ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आगरा जनपद के राठौड़ नाला पीपल मुंडी निवासी पवन कुमार राठौर ने बताया कि वह दीक्षा एंटरप्राइजेज के नाम से चांदी के आभूषण बनाने का कारोबार करते हैं। तीन नवंबर 2025 को उनके मोबाइल पर मुकेश सर्राफ नाम के व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर लगभग 20 किलोग्राम चांदी के आभूषण तैयार करने का ऑर्डर दिया। भरोसा दिलाने के लिए आरोपी ने एक फर्म का विजिटिंग कार्ड भेजा, जिस पर जायसवाल ज्वेलर्स श्री राधा कृष्ण वस्त्रालय, भगवतीगंज बलरामपुर का पता और जीएसटी नंबर अंकित था। व्यापारी के अनुसार ऑर्डर के आधार पर करीब 16.299 किलोग्राम माल तैयार किया गया, जिसमें 6.356 किलोग्राम फाइन चांदी थी और इसकी कीमत लगभग 18.35 लाख रुपये थी। आरोपी के कहने पर तैयार माल लॉजिस्टिक के माध्यम से भेज दिया गया। बाद में आरोपी की ओर से कच्ची चांदी के नाम पर कुछ पार्ट भेजे गए, जिनकी जांच कराने पर वे नकली निकले और गिल्ट धातु के बने पाए गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

## रमजान के अंतिम अशरे में एतिकाफ की बड़ी फजीलत, इबादत से मिलता है रूहानी सुकून


मोहम्मद नूरुद्दीन इस्माइली।

**उतरौला, बलरामपुर :** रमज़ान के पाक महीने में एतिकाफ़ करना हज़रत मुहम्मद की अहम सुन्नत है। एतिकाफ़ का मतलब है कि इंसान अल्लाह की इबादत की नीयत से मस्जिद में ठहरकर दुनियावी कामों से अलग हो जाए और पूरी तरह इबादत में मशगूल रहे। खासतौर पर रमज़ान के अंतिम अशरे (आखिरी दस दिनों) में एतिकाफ़ को बेहद फ़ज़ीलत वाला अमल माना जाता है। ख़तीब व इमाम अबरार मस्जिद तथा प्रिंसिपल जामिया अहले सुन्नत गुलशन तैयबा फ़ातिमा, उतरौला के मुहम्मद नूरुद्दीन इस्माइली ने बताया कि हदीस में हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि नबी करीम रमज़ान के आखिरी दस दिनों में एतिकाफ़ किया करते थे। एक अन्य हदीस के अनुसार जो शख्स रमज़ान में दस दिनों का एतिकाफ़ करता है, उसे दो हज और दो उमरा के बराबर सवाब मिलता है। उन्होंने बताया कि एतिकाफ़ के दौरान बंदा मस्जिद में रहकर नमाज़, क़ुरआन की तिलावत, ज़िक्र-ओ-अज़कार और दुआ में अपना समय बिताता है। इससे इंसान गुनाहों से दूर होकर अल्लाह के करीब होता है और उसके दिल को सुकून मिलता है। रमज़ान के अंतिम दिनों में शब-ए-क़द्र की मुबारक रात भी होती है, जिसे हज़ार महीनों से बेहतर बताया गया है। एतिकाफ़ करने वाला बंदा इसी बरकत वाली रात को पाने की कोशिश करता है।

# गौ सेवा धाम का मना स्थापना दिवस



कार्यक्रम को संबोधित करते हिंदू प्रवक्ता मोहित राज। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा:** नगर के भैरवनाथ मंदिर स्थित श्री सिया जू कामधेनु गौ सेवा धाम की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान गौ सेवा के संकल्प को दोहराते हुए गोवंश संरक्षण पर जोर दिया गया। बताया गया कि संत शिरोमणि मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास जी महाराज और प्रेमानंद महाराज के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में संस्था के संस्थापक कनक बिहारी दास व विशाल कौशल ने इस गौ सेवा धाम की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बीमार व दुर्घटनाग्रस्त गोवंश और अन्य जीवों का इलाज और उनका पालन-पोषण करना है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गौशाला के संचालन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन गौ सेवकों की मेहनत और लगन से सेवा कार्य लगातार जारी है। वर्तमान में गौशाला में करीब 40 बीमार और घायल गोवंशों की देखभाल की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ सेठ शिवकुमार की पत्नी छाया देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रवक्ता मोहित राज ने कहा कि सरकारी गौशालाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सुनील पुरी, रामजीलाल मोदनवाल, अरुण वैश्य, अशोक सिंघानिया, अरविंद गिरी, अभिषेक दुबे, अनोखेलाल मोदनवाल, रजत सोनी, आशीष गिरी, कन्हैया लाल वर्मा, सोनू पुरवार, शिवनंदन वैश्य आदि रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री का प्रचार अभियान शुरू, शत-प्रतिशत किसानों को जोड़ने का लक्ष्य

**तरबगंज, गोंडा:** विकासखंड तरबगंज में डीएम प्रियंका निरंजन की पहल पर फार्मर रजिस्ट्री अभियान की शुरुआत कर दी गई है। अभियान के तहत क्षेत्र के शत-प्रतिशत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बुधवार को बीडीओ रवि कुमार गुप्ता ने प्रचार वाहन को रवाना किया। यह वाहन विकासखंड के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में जागरूक करेगा। अधिकारियों ने बताया भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि योजना, धान व गेहूं की खरीद, फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य कृषि योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही मिलेगा। किसान जनसेवा केंद्र के माध्यम से रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके अलावा कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के कर्मचारी भी किसानों की मदद करेंगे। किसान अपने मोबाइल फोन से भी फार्मर रजिस्ट्री का लिंक डाउनलोड कर स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं।

## गैंगेस्टर मामले में पूर्व सांसद रिजवान जहीर को मिली राहत अदालत ने वारंट किया निरस्त

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैंगेस्टर ऐक्ट से जुड़े मामले में पूर्व सांसद रिजवान जहीर को राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी वारंट को निरस्त कर दिया है। अदालत ने उनकी ओर से दाखिल प्रार्थना-पत्र पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह के अनुसार इस मामले में पूर्व सांसद की पेशी नौ मार्च को निर्धारित थी। निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित न होने पर अदालत ने उनके खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। इसके बाद बुधवार को पूर्व सांसद की ओर से न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दाखिल कर नौ मार्च को जारी वारंट को निरस्त करने का अनुरोध किया गया। अदालत ने प्रार्थना-पत्र पर सुनवाई करने के बाद वारंट को निरस्त करने का आदेश दे दिया। बताया गया कि 21 जुलाई 2024 को तुलसीपुर थाने में पूर्व सांसद रिजवान जहीर के खिलाफ गैंगेस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने 30 जुलाई 2025 को आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। मामले में अब अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि निर्धारित की है।

**आवश्यकता है**

**बैकुंठनाथ महाविद्यालय करनैलगंज गोण्डा**

में प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में प्रवक्ता की। प्राचार्य एक पद। अर्हता प्राचार्य नेट व पी0एच0डी0 तथा 15 वर्ष का शिक्षण कार्य का अनुभव। प्रवक्ता विषय स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषय में एक एक पद। अर्हता प्रवक्ता नेट या पी0एच0डी0। वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस में अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें

**प्रबंधक –रुद्र नाथ मिश्र**
**मो0–80527 14946**

**माँ गायती रामसुख पाण्डेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मसकनवां, गोण्डा उ0प्र0**
सम्बद्ध : माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।

**में आवश्यकता हैः–**

**प्राचार्य–** 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0एससी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता– 06 पद परास्नातक स्तर पर एम0एससी0 (भौतिक विज्ञान) प्रवक्ता–02 पद, एम0ए0 (राजनीतिशास्त्र) प्रवक्ता–02 पद तथा एम0लिब0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–02 पद, एम0एस0सी0 (कृषि एग्रोनॉमी) प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**भवदीय–ज्ञान प्रकाश पाण्डेय**
**मो0नं0–9918723428**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रमवापुर थारू विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर।**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत रमवापुर थारू में सी0सी0 रोड एवं इंटरलाकिग खडन्जा एवं नाली नि0 हेतु इच्छुक निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 12/03/2026 से 14/03/2026 तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जा सकती है निविदा कोटेशन दिनांक 15/03/2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/ सचिव और निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। क्रय की जाने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी,पत्थर,मिट्टी, बालू,लाल मोरंग,सरिया,सीमेंट,निर्माण आदि से संबंधित सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी। निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025–26 में कराए जाने वाले कार्य प्रभावी रहेंगी।
**1.दुर्गामन्दिर से टावर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, 2.पी0डब्लू0डी0 रोड से मो0 अली के घर तक नाली निर्माण कार्य। 3. फिदा हुसैन/इण्टरलाकिंग से पारसदीन के घर तक सी0सी0 रोड नि0 कार्य**

बाबूजान, ग्राम प्रधान — बृजेश सिंह, सचिव
ग्राम पंचायत रमवापुर थारू, विकासखंड गैसड़ी , जनपद बलरामपुर

आक्रोश

एसडीएम और तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग, आज तालाबंदी का ऐलान

# अधिवक्ताओं व लेखपाल संघ ने किया प्रदर्शन

संवाददाता करनैलगंज, गोंडा


करनैलगंज तहसील में बुधवार को धरना-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** करनैलगंज तहसील में बुधवार का दिन धरना-प्रदर्शन के नाम रहा। एक ओर जहां अधिवक्ता एसडीएम और तहसीलदार के विरोध में धरना दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल संघ ने भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। करीब एक सप्ताह से तहसील के अधिवक्ता तहसीलदार और एसडीएम के खिलाफ लामबंद होकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है और बिना लेन-देन के कोई भी कर्मचारी या अधिकारी काम नहीं कर रहा है। अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि गुरुवार को आंदोलन के तहत तहसील में संपूर्ण तालाबंदी कराई जाएगी। धरना-प्रदर्शन में श्यामधर शुक्ल, पवन कुमार शुक्ल, गोपाल जी तिवारी, हृदयनारायण मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, सत्य नारायण सिंह, अरविंद शुक्ल, रामसभा मिश्र, स्वामी दूबे सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। उधर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल संघ ने भी अपनी मांगों को लेकर तहसील के मुख्य द्वार पर धरना दिया। उनकी प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति दूर करना, सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करना तथा तहसील में उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर कार्रवाई करना शामिल है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी आदेश या प्रार्थना पत्र सीधे देने के बजाय डाक के माध्यम से भेजा जाए। लेखपालों ने सीधे आदेश या प्रार्थना पत्र लेने से इंकार कर दिया है। धरना के दौरान एक ओर से तहसील प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए गए तो दूसरी ओर जिंदाबाद के नारे भी सुनाई दिए।

## देवीपाटन मेले की तैयारी तेज, 24 घंटे बिजली आपूर्ति को कसी कमर

**तुलसीपुर, बलरामपुर:** शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले एक माह के प्रसिद्ध मेले को लेकर बिजली विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जर्जर और नीचे झूल रहे तारों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 19 मार्च से शुरू होने वाला यह मेला लगभग एक माह तक चलेगा। मेले के दौरान बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभाग ने विशेष कर्मचारियों की टीम तैनात की है। प्रत्येक टीम को आठ-आठ घंटे की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कहीं भी बिजली से जुड़ी समस्या आने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे ठीक किया जा सके। मंदिर परिसर के लिए अलग से फीडर भी बनाया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति लगातार सुचारू बनी रहे। मेले के दौरान बिजली की खपत सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। मेला क्षेत्र में लगने वाले मौत का कुआं, सर्कस, झूले और अन्य मनोरंजन के साधन बिजली पर ही संचालित होते हैं। इसके अलावा दूर-दराज से आने वाले हजारों व्यापारी अपनी दुकानों की सजावट और रोशनी के लिए भी बिजली का उपयोग करते हैं।

न्यूज ब्रीफ

## आज से शुरू होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 12 से 28 मार्च तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी व मार्च 2026 हेतु प्रति कार्ड 03 किग्रा. चीनी का वितरण रू. 18 प्रति किग्रा की दर से किया जायेगा।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**श्रावस्ती :** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेलहरी के मजरा फरचलवा निवासी रामचंदर (60) बाइक से चार मार्च को भिनगा आए थे। बाजार में सामान खरीदने के बाद वह भिनगा क्षेत्र के ग्राम भिट्ठी स्थित अपने दूसरे घर जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर उनकी पत्नी ननकुन्ना (58) भी थीं। भिनगा-बहराइच मार्ग स्थित सिसवा के निकट सामने से आ रही कार से बाइक टकरा गई थी। इससे बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। यहां से ननकुन्ना की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम सातवें दिन उनकी मौत हो गई। परिजन महिला के शव को वापस घर ले आए है।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती) :** गिलौला के ग्राम मनिकौरा निवासी अमृता (26) होली मनाने अपने मायके थाना क्षेत्र के विशुनापुर गांव आई थी। मायके में मंगलवार को घर में बोर्ड से फर्राटा पंखा लगाकर उसे सही दिशा में घुमाने लगीं। इसी दौरान वह पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिवार के लोग आनन-फानन में महिला को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाए। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## युवक का शव चौथे दिन पहुंचा गांव

**जरवल रोड (बहराइच) :** जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंभौरा निवासी संतराम राव की चेन्नई में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह पिछले चार महीने से ठेकेदारी में शीरा लोडिंग का काम करने के लिए चेन्नई गए थे। साथ में काम कर रहे साथियों के अनुसार, संतराम राव को कमरे पर ही अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। इसके बाद उनके साथी और गांव के अन्य लोग उन्हें तत्काल चिकित्सालय ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बंभौरा ने बताया कि स्थानीय प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम के बाद एंबुलेंस के जरिए शव को उनके पैतृक गांव ग्राम पंचायत बंभौरा, जरवल रोड लाया गया है। वहीं युवक की असमय मौत की खबर से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

# गैस की किल्लत से एजेंसियों पर लगी भीड़

### सुबह से ही लाइन में लगे नजर आ रहे उपभोक्ता, टोल फ्री नंबरों के न मिलने से बढ़ गई मुसीबत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के शहरी व ग्रामीण इलाकों में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कमी के बाद गैस एजेंसियों पर लोगों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग सुबह से ही लाइन में लगे नजर आ रहे हैं, वहीं गैस बुकिंग के लिए जारी टोल फ्री नंबरों के न मिलने से भी लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बुधवार को जिले के विशेश्वरगंज व नानपारा समेत कई इलाकों में सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर काफी भीड़ नजर आ रही है। बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष बुकिंग कराने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। वही कई गैस एजेंसियों पर पुलिस की मौजूदगी में गैस वितरण व उसकी बुकिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही गैस बुकिंग के लिए जारी टोल फ्री नंबर 7718955555 पर काल न लगने से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी गैस सिलेंडर के कमी जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने लोगों से परेशान न होने की अपील की है।

बता दें कि जनपद में कुल सात लाख रसोई गैस के उपभोक्ता हैं। वही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 4 लाख 36 हजार के करीब लाभार्थी है। जिन्हें 71 गैस एजेंसियों के तहत आपूर्ति की जाती है। वहीं गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से कंपनियों की तरफ से आपूर्ति में कमी आई है। जिसके चलते परेशानी आ रही है।




गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़ और अपनी आपबीती बताते लोग। अमृत विचार

### आपूर्ति के लिए जारी किये गये सेल्स आफिसर्स के मोबाइल नंबर

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में स्थापित पेट्रोल पम्पों पर डीजल-पेट्रोल लेने तथा गैस एजेन्सियों से घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल लेने में यदि आमजनमानस को कोई समस्या होती है, तो सम्बन्धित ऑयल कम्पनी तथा एलपीजी कम्पनी के विक्रय अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। डीएसओ ने बताया कि जनपद में कार्यरत एलपीजी गैस एजेन्सी आईओसीएल के सेल्स आफिसर विवेक शुक्ला मो.न. 8858373148, बीपीसीएल के सौरभ आनन्द का मो.न. 9735959515 तथा एचपीसीएल के सेल्स आफिसर अभिषेक कुमार का मो.न. 8090200153 है। इसी प्रकार जनपद में कार्यरत ऑयल कम्पनी आईओसीएल के सेल्स आफिसर शुभम प्रताप सिंह का मो.न. 9450099920, आईओसीएल के सुशील कुमार मीना मो.न. 6377085160, एचपीसीएल के संजय पाण्डेय मो.न. 9872529281, रिलायन्स/जीयो के हर्ष भारद्वाज मो.न. 9696650945 तथा एस्सार/न्यारा के सेल्स आफिसर मयंक के मो.न. 9910235189 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### रसोई गैस की किल्लत पर प्रशासन सतर्क

**श्रावस्ती:** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं में बेचैनी है। लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए डीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने जिलेवासियों से अपील की है। डीएम का कहना है कि गैस की आपूर्ति नियमित है, किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। जिले में करीब दो लाख 3500 उज्ज्वला गैस कनेक्शन मौजूद हैं। सभी उपभोक्ताओं तक गैस उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था बनाए रखी जा रही है। डीएम ने बताया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 25 दिन के अंतराल पर व सामान्य उपभोक्ताओं को 30 दिन के अंतराल पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही तेल कंपनियों के साथ समन्वय कर आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों से अपील है कि वह किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। और न ही लोग घबराहट में अनावश्यक भीड़ ही लगाएं। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है, जरूरत के अनुसार आवश्यक कदम भी उठाए जा रहे हैं।

# थानों पर महिलाओं की हो प्रमुखता से सुनवाई: एकता सिंह

संवाददाता, बहराइच

- महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ महिला जनसुनवाई दिवस

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य एकता सिंह ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की।

महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य एकता सिंह द्वारा पुलिस चौकी बशीरगंज की निर्मला पत्नी स्व. संजय, थाना जरवल कस्बा की सबा खातून पत्नी सफी उल्लाह, थाना मटेरा अन्तर्गत दा. मोहरबा की रीमा देवी पुत्री जगत लाल, ग्राम महराजगंज चॉदपारा की नगमा पुत्री आलोक गुप्ता, थाना रूपईडीहा अन्तर्गत ग्राम रायपुर की जैतूना सिद्दीकी, थाना बौण्डी अन्तर्गत ग्राम बौण्डी के राम सवारे पाण्डेय पुत्र गग्गन से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाए ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाए।



सुनवाई करतीं आयोग की सदस्य एकता सिंह व मौजूद अन्य। अमृत विचार

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष राना, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, महिला थानाध्यक्ष विनीता रावत, आयोग सेल प्रभारी ज्ञान सिंह, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# दोबारा हो गया नहर विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा





नहर विभाग की भूमि पर कब्जा कर बनाया गया होटल। अमृत विचार

कानीबोझी (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** कानीबोझी चौराहे पर सरकारी जमीन पर कब्जे का मामला फिर सामने आया है। इसकी जानकारी के बाद भी जिम्मेदार मौन हैं। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के कानीबोझी चौराहे पर नहर विभाग की जमीन पर दबंगों ने दोबारा कब्जा कर लिया है। कुछ महीने पहले ही नहर विभाग के अधिकारियों ने सड़क के दोनों पटरियों पर किए गए कब्जों को हटवाकर जमीन खाली कराई थी। उस समय दुकानदारों की ओर से रखी गई गुमटी व रेहड़ी हटवाई गई थीं। साथ ही दोबारा कब्जा न हो इसके लिए दोनों तरफ कंटीले तार भी लगवाए गए थे। यहां अब कंटीले तार लगे होने के बावजूद एक दबंग ने उसी जमीन के अंदर घुसकर कब्जा कर लिया। इतना हो नहीं उसने वहां पर एक आलीशान होटल तक खड़ा कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध निर्माण होने के बावजूद जिम्मेदार मौन हैं।

# अभिलेखों का समुचित रखरखाव करें: एएसपी

संवाददाता, श्रावस्ती

- एएसपी ने भिनगा कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

**अमृत विचार** अपर पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को भिनगा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव व शस्त्रागार आदि की गहन समीक्षा की।

भिनगा कोतवाली पहुंचे एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों निरीक्षण किया। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव की गुणवत्ता जांची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर नंबर-8, अपराध रजिस्टर, एक्टिव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बीपीओ रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, प्रार्थना पत्र एवं न्यायालय आर्डर बुक सहित विभिन्न अभिलेखों सहित त्योहार रजिस्टर की विशेष रूप से जांच की।



निरीक्षण करते एएसपी। अमृत विचार

उन्होंने अभिलेखों के समुचित रखरखाव व उनमें पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। बाद में थाना परिसर, सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियो से उनके कार्यो के बारे में जानकारी लेते हुए अभिलेखो की जांच कर बृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बंदीगृह, शस्त्रागार, मालखाना, आरक्षी बैरक एवं भोजनालय का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को अपने कार्यस्थल को स्वच्छ व व्यवस्थित रखने की हिदायत दी।

**जनता दर्शन में अधिकारियों ने सुनी समस्या, श्रावस्ती:** डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या सुना। इस दौरान डीएम को विभिन्न विभागों से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुई। इस पर डीएम ने शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं पुलिस कार्यालय में एसपी राहुल भाटी ने फरियादियों की समस्या सुन मातहतों को उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया।

## जमुनहा क्षेत्र की लाइफलाइन है भिनगा परसा मार्ग : ददन मिश्रा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** राप्ती बैराज मार्ग जमुनहा तहसील क्षेत्र सहित कछार के ग्रामीणों की लाइफलाइन है। बरसात में यह मार्ग बहुत उपयोगी हो जाता है, जिसका चौड़ीकरण बहुत जरूरी है। यह बातें मंगलवार देर शाम पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात कर कही। मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे पूर्व सांसद ने उन्हें बताया कि जमुनहावासियों को जिला मुख्यालय भिनगा आने जाने के लिए भिनगा राप्ती बैराज मार्ग सबसे महत्वपूर्ण है, जिसकी दशा जर्जर है। ऐसे में इसका चौड़ीकरण व उच्चीकरण बेहद जरूरी है। जमुनहा को भिनगा से जोड़ने वाला एक अन्य मधवापुर मार्ग कटान की भेंट चढ़ गया था, जिसके विशेष मरम्मत की आवश्यकता है। ऐसे में इन दोनों मार्गों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। इस दौरान उन्होंने सीएम से जिले के अन्य विकास योजनाओं की मांग को लेकर उन्हें एक पत्र भी सौंपा। पूर्व सांसद ने बताया कि मांग पत्र पर मुख्यमंत्री ने सभी विकास कार्यों को पूरा करने का अस्वासन दिया है।



सीएम से मुलाकात करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम सीज

**बहराइच, अमृत विचार।** नगर के देहात कोतवाली इलाके में बिना वैध दस्तावेजों के संचालित एक निजी नर्सिंग होम को जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट व स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंच पुलिस की मौजूदगी में सीज कर दिया गया। ये नर्सिंग होम करीब तीन साल से आवासीय भूखंड पर संचालित हो रहा था। देहात कोतवाली इलाके में स्थित जेल रोड इलाके में आर पी चौधरी नाम के व्यक्ति की और से निजी नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से बिना वैध दस्तावेजों के इसका संचालन होने की शिकायत की थी। जिसके बाद बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अनुराग वर्मा व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान चिकित्सक को ओर से कोई भी वैध दस्तावेज न देने पर उसे सीज कर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मौके पर संचालित पैथोलॉजी, मेडिकल स्टोर व नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा था। इसके साथ ही आवासीय भूखंड का इस्तेमाल किया जा रहा था, चिकित्सक मौके पर अपनी डिग्री भी नहीं दिखा पाए जिसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी की मौजूदगी में सीजर की कार्यवाही की गई है।

## संजय सेतु की 124 नई बेयरिंग बदलने की तैयारी

**जरवल रोड (बहराइच)।** लखनऊ-गोंडा-बहराइच मार्ग पर घाघराघाट स्थित संजय सेतु जॉइंट में गैप आने के बाद प्रशासन ने एहतियातन भारी वाहनों जैसे गिट्टी मोरंग लदे ट्रक डंपर आवागमन पर रोक लगी है। पुल पर इंस्पेक्शन जॉइंट टूटकर नीचे गिर जाने से गैप बढ़ गया है, जिसके चलते डंपर, ट्रक और कंटेनर जैसे बड़े वाहनों को फिलहाल पुल से गुजरने की अनुमति नहीं दी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि पुल में कुल 124 बेयरिंग बदलने की तैयारी की जा रही है। प्रयास है कि 15 मार्च से कार्य चालू हो जाएगा नदी के नीचे होने वाले कार्य को मई-जून में जलस्तर बढ़ने से पहले पूरा करने की योजना है, जबकि स्थायी पुल के ऊपर इंस्पेक्शन जॉइंट का निर्माण बाद में किया जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड संतोष कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक रामनगर (बाराबंकी) ने संयुक्त रूप से बताया कि इमरजेंसी वाहनों को छोड़कर भारी वाहनों का आवागमन पुल पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है और पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है।

## आप कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती), अमृत विचार।** धरसवां चौराहे पर बुधवार को श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक बैठक हुई। जिला सचिव जय प्रकाश सिंह के आवास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी "आशीष" ने की। इस दौरान बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने, प्रत्येक गांव में कम से कम 100 युवाओं को संगठन से जोड़ने व संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक में जिला प्रभारी अरुण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल पासवान, जिला महासचिव मंगलेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय आदि पदाधिकारी रहे।



बैठक करते आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## स्टाफ को प्रशस्त ऐप कराया डाउनलोड

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉली मिश्रा के आदेशानुपालन एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा लाल जी दुबे, जय वीर सिंह के तत्वावधान मे आयोजित विकास क्षेत्र पयागपुर के स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह के द्वारा समस्त विद्यालयों के समस्त शिक्षकों को प्रशस्त ऐप डाउनलोड कराया जा रहा है, इसी क्रम में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमल शिवदहा में समस्त स्टाफ को प्रशस्त ऐप डाउनलोड कराया इस ऐप के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग की जानी है, स्क्रीनिंग में पहचान किए गए बच्चों का नामांकन तथा प्रमाण पत्र एवं उनसे संबंधित सारी सुविधाओं को प्रदान करने की योजना बनाई जाएगी स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह ने बताया कि विकास क्षेत्र के 167 विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में प्रशस्त ऐप डाउनलोड करने की प्रक्रिया जारी है।

# बाल उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कैसरगंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** विकास खंड कैसरगंज के पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल पवही में बुधवार को मीना मंच/सेल्फ स्टीम टीम के तत्वावधान में प्रगति मेला बाल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और शैक्षिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बाल वैज्ञानिक पूजा पाल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और बच्चों के मॉडलों के अवलोकन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान एवं नवाचार से जुड़े मॉडलों का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। यहां विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभात शुक्ला, आरती शुक्ला, मनीषा शर्मा, मुक्ता तिवारी, वेद प्रकाश वर्मा, सर्वेश कुमार, आकांक्षा सिंह, विमला देवी रहीं।



प्रमाणपत्र के साथ बच्चे व मौजूद बीईओ जितेंद्र बहादुर सिंह। अमृत विचार

आयोजन

# सड़क हादसे में घायल डाककर्मी की मौत

सिरसिया (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** सोनबरसा में शनिवार को दो बाइकों में हुई भड़ंत में घायल डाककर्मी की भी मंगलवार रात मौत हो गई। इससे पूर्व घटना में घायल पीआरडी जवान की शनिवार रात मौत हो गई थी।

सिरसिया थाना क्षेत्र के बेचईपुरवा निवासी पीआरडी जवान राधेश्याम कुलदीप (55) पुत्र कन्हैया लाल शनिवार दोपहर बाद बाइक से भिनगा से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान सिरसिया डाकघर में तैनात डाककर्मी हरियाणा प्रदेश निवासी साहिल (30) व सिरसिया के दुर्गापुर निवासी अभय तिवारी (28) पुत्र राधेश्याम एक ही बाइक से डाक लेकर भिनगा जा रहे थे। भिनगा सिरसिया मार्ग पर सोनबरसा गांव के पास दोनों के बीच टक्कर हो गई थी। जिसमें राधेश्याम व साहिल को सीएचसी सिरसिया पहुंचाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया गया था। जिला अस्पताल से दोनों को ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। परिजनों दोनों को लेकर लखनऊ जा रहे थे। शनिवार रात लखनऊ ले जाते समय रास्ते में पीआरडी जवान राधेश्याम ने दम तोड़ दिया था। वहीं साहिल को ट्रॉमा सेन्टर में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार को मौत हो गई।

निर्देश

उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

# परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं : डीएम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 14 एवं 15 मार्च को 02 पालियों में सम्पन्न होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर बोर्ड की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अन्य अधिकारी।

डीएम ने बताया कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सतर्क निगरानी रखी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, कलकूलेटर, सनग्लास, वायलेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूट्यूब, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल को लेकर सचेत करते हुए कहा कि शासन द्वारा नकल कराने पर सम्बन्धित के विरूद्व आवष्यक दण्डात्मक कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक नकल को लेकर पूरी से संवेदनशील रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा की निगरानी करेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत भर्ती परीक्षा में पुरूष व महिला परीक्षार्थियों की तलाशी का कार्य पुरूष व महिला आरक्षियों द्वारा किया जायेगा। उन्होनें कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर के आस-पास सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे। परीक्षा में नकल कराने वालों से पूरी कड़ाई के साथ निपटा जायेगा। इस दौरान नोडल अधिकारी प्रशासन, पुलिस भर्ती परीक्षा/अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, नोडल अधिकारी पुलिस/अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## 1920 आवेदक देंगे पुलिस भर्ती परीक्षा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्टेटिक व सेक्टर मजिस्टेट सहित केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई। इसमें डीएम व एसपी ने सभी को दायित्वों का निर्वहन कर नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। एसपी राहुल भाटी नए कहा कि यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए यह बैठक आयोजित हुई है। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा में पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। इसमें कुल 1920 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर लें। बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम, डीआईओएस सत्येंद्र कुमार सिंह, ईओ डॉ अनीता शुक्ला, प्रधानाचार्य ज्योति प्रकाश पांडेय सहित स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी रहे।



तैयारियों को लेकर बैठक करते डीएम व एसपी।



लोगों से मुलाकातें ही जीवन को जीने लायक बनाती हैं।
–गाइ दे मोपासां, फ्रेंच लेखक

## सामाजिक सहमति जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अब 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी वास्तव में अत्यधिक समीचीन है कि सभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए अब एक समान कानून की जरूरत विधायिका यानी सरकार को महसूस होनी ही चाहिए।

देश में विवाह, तलाक, गोद लेना, उत्तराधिकार और संपत्ति जैसे व्यक्तिगत मामलों में विभिन्न धार्मिक समुदायों के अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू होते हैं। यही विविधता समय-समय पर न्यायिक और सामाजिक विवादों का कारण बनती रही है। साफ सी बात है कि पर्सनल लॉ में लैंगिक असमानता बनी रहती है, तो उसका स्थायी समाधान समान नागरिक संहिता ही हो सकती है। जब समान नागरिक संहिता का विचार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में निहित है और जो राज्य को यह प्रयास करने का निर्देश देता है कि पूरे देश में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू हों, तब इसे बनाने और लागू करने में क्या हर्ज है, गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्यों में लागू हो चुके कानून को देशव्यापी बनाने में क्या कोई राजनीतिक रोड़ा है? यूसीसी से कानून के समक्ष समानता और लैंगिक न्याय को मजबूती मिलेगी। अलग-अलग धार्मिक कानूनों के कारण विवाह, तलाक और संपत्ति अधिकारों में महिलाओं के साथ असमान व्यवहार की शिकायतें दूर हो जाएंगी। एक समान नागरिक कानून विभिन्न धर्मों के बीच कई असमानताओं को समाप्त कर नागरिकता की समान अवधारणा को मजबूत कर सकता है। इसके अतिरिक्त इससे राष्ट्रीय एकता और धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था को भी बल मिलेगा, हालांकि इस कानून के निर्माण में इसका ध्यान रखना पड़ेगा कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता अत्यंत व्यापक है और अनेक समुदाय अपने व्यक्तिगत कानूनों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। ऐसे में एक समान कानून लागू करने को कुछ लोग धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप के रूप में देख सकते हैं। यदि विधायिका ने इसे ध्यान में रखे बिना कानून बनाया और लागू करने की प्रक्रिया में सामाजिक संवाद और सहमति को शामिल नहीं किया तो इससे सामाजिक तनाव भी पैदा हो सकता है। आखिर संविधान निर्माताओं ने यूसीसी को मौलिक अधिकारों के बजाय नीति निर्देशक तत्वों में इसीलिए रखा था, ताकि इसे समय और सामाजिक परिपक्वता के अनुसार लागू किया जा सके। आजादी के बाद से इस विषय पर अनेक आयोग, बहसें और न्यायिक टिप्पणियां हुईं, किंतु अभी तक दो राज्यों के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर इसे लागू नहीं किया जा सका है। कई नजरिये से यह स्पष्ट है कि समान नागरिक संहिता केवल कानूनी सुधार का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सहमति का भी विषय है।

यदि इसका उद्देश्य वास्तव में लैंगिक न्याय, समानता और आधुनिक नागरिकता की भावना को मजबूत करना है, तो इसे जल्दबाजी के बजाय व्यापक संवाद, संवेदनशीलता और चरणबद्ध सुधारों के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## पीढ़ियों का स्वभाव संसाधन व संस्कृति

'बेबी बूमर्स', 'मिलेनियल्स', 'जेन ज़ी' और अब 'जेन अल्फा', मीडिया, विज्ञापन उद्योग, शोध संस्थानों और सोशल मीडिया की भाषा में ये शब्द अब आम हो चुके हैं। इनके आधार पर पूरी पीढ़ियों के स्वभाव, आदतों और मानसिकता का विश्लेषण किया जाता है, मानो किसी विशेष वर्ष के बाद जन्म लेने वाले लोग अचानक अलग किस्म की मानसिकता के इंसान बन जाते हों, लेकिन इस प्रवृत्ति को थोड़ा ठहरकर देखा जाए तो एक बुनियादी प्रश्न सामने आता है- क्या किसी पीढ़ी का स्वभाव उसके नाम से तय होता है, या उन परिस्थितियों से जिनमें वह पली-बढ़ी होती है?

असल में 'बेबी बूमर', 'मिलेनियल' या 'जेन ज़ी' जैसे नाम समाज शास्त्रीय वर्गीकरण भर हैं। ये अध्ययन को आसान बनाते हैं, पर जीवन और समाज की जटिलताओं को पूरी तरह नहीं पकड़ पाते। किसी भी पीढ़ी को समझने के लिए यह जानना अधिक महत्वपूर्ण है कि वह किन सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संदर्भों में बड़ी हुई, क्योंकि वही संदर्भ उसके मानस और व्यवहार का असली खाका तैयार करते हैं।




डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर


मनुष्य का व्यक्तित्व कई तत्वों से निर्मित होता है। संसाधनों की उपलब्धता, परिवार की संरचना, शिक्षा का स्वरूप, सांस्कृतिक मूल्य और समय की तकनीकी परिस्थितियां। यही तत्व मिलकर तय करते हैं कि कोई पीढ़ी दुनिया को कैसे देखेगी और समाज के प्रति उसका व्यवहार कैसा होगा। यदि किसी समाज में संसाधन सीमित हों, तो वहां पली-बढ़ी पीढ़ी स्वाभाविक रूप से मितव्ययिता, धैर्य और प्रतीक्षा का अभ्यास सीखती है। इसके विपरीत, जहां अवसर और सुविधाएं अधिक हों, वहां की पीढ़ी अपेक्षाकृत अधिक आत्मविश्वासी और प्रयोगधर्मी होती है। यह अंतर पीढ़ी के नाम से नहीं, बल्कि उसके परिवेश से पैदा होता है।

परिवार की संरचना भी इस प्रक्रिया को गहराई से प्रभावित करती है। संयुक्त परिवारों में बच्चे विभिन्न आयु, अनुभव और स्वभाव वाले लोगों के बीच बड़े होते हैं, जहां संवाद, धैर्य, साझा जिम्मेदारी और सामूहिकता स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। छोटे या एकल परिवारों में बच्चों का अनुभव अपेक्षाकृत सीमित दायरे में आकार लेता है; यहां स्वतंत्र निर्णय क्षमता जल्दी विकसित होती है, लेकिन सामाजिक बातचीत का व्यावहारिक प्रशिक्षण उतना व्यापक नहीं हो पाता। दोनों स्थितियां अलग-अलग जीवन दृष्टि और सामाजिक व्यवहार को जन्म देती हैं।

तकनीक ने भी हर पीढ़ी के अनुभव को बदल दिया है। रेडियो के दौर में दुनिया की जानकारी सीमित माध्यमों से मिलती थी। टेलीविजन ने दुनिया को घर के भीतर ला दिया। इंटरनेट और स्मार्टफोन ने सूचना, संवाद और मनोरंजन की पूरी संरचना ही बदल दी, लेकिन तकनीक स्वयं किसी पीढ़ी का स्वभाव तय नहीं करती। वह केवल वातावरण बदलती है। उस वातावरण में व्यक्तित्व किस दिशा में विकसित होगा, यह परवरिश और सामाजिक मूल्यों पर निर्भर करता है।

इसी कारण एक ही नाम से पहचानी जाने वाली पीढ़ी अलग-अलग समाजों में बिल्कुल अलग स्वभाव की दिखाई देती है। किसी विकसित देश का युवा और किसी विकासशील देश का युवा एक ही वर्ष में जन्म ले सकते हैं, पर उनके जीवन अनुभव, सुरक्षा बोध, अवसरों की प्रकृति और चिंताएं एक-दूसरे से बहुत अलग होती हैं। इससे साफ़ है कि पीढ़ी का नाम नहीं, बल्कि उसका सामाजिक संदर्भ उसके व्यवहार को आकार देता है। समस्या तब शुरू होती है, जब इन नामों को अंतिम सच मान लिया जाता है। जब हम कहते हैं कि 'नई पीढ़ी ऐसी है' या 'पुरानी पीढ़ी वैसी थी', तो हम समाज की जटिल वास्तविकताओं को एक आसान लेबल में समेट देते हैं; इससे समझ कम और पूर्वाग्रह अधिक पैदा होते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## हिमालयी बुरांश के अस्तित्व पर संकट के बादल






अमित शर्मा
हल्द्वानी


उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस हिमालयी राज्य में विविध प्रकार की अनुपम वनस्पतियां भी प्रचुरता में मिलती हैं, जो शायद ही इस धरती पर कहीं और मिलती होंगी। उत्तराखंड का राज्य वृक्ष बुरांश, देवदार और चीड़ के घने वृक्ष, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रमुख औषधीय पौधे केदारनाथ और दुर्लभ व सुंदर फूल ब्रह्म कमल या फिर विश्व धरोहर स्थल फूलों की घाटी के रंगीन फूल और प्रमुख झाड़ी रेडोडेंड्रॉन व जूनिपर, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि जलवायु परिवर्तन का असर प्रकृति के इन अमूल्य उपहारों पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

हम बुरांश की बात करें, तो जहां इसकी सीरत के साथ बेपनाह खूबसूरती भी जुड़ी है, वहीं इसके अस्तित्व पर भी संकट पैदा हो रहा है। दरअसल, हिमालय जितना सुंदर है, उससे कहीं अधिक गुणकारी भी है। इसकी जमीन का हर फूल-पत्ता नैसर्गिक सुंदरता में चार चांद लगाता है, तो बेहतर स्वास्थ्य के कुदरती इलाज इसके भीतर छिपे हैं। इसकी सबसे बड़ी मिसाल बुरांश का पुष्प है। अनेक गुणों से सम्पन्न इस फूल को यूं ही राज्य पुष्प का दर्जा नहीं मिला है।

बुरांश के लाल फूल फरवरी मध्य और मार्च शुरू में खिलने शुरू होते हैं, जो अप्रैल माह तक अपने खिले हुए लाल रंगों से पहाड़ों की शोभा बढ़ाते हैं। लाल, गुलाबी, काला और सफेद रंग में रंगा यह पुष्प पर्वतों की ऊंचाई के साथ अपना रंग भी बदल लेता है। उत्तराखंड, हिमाचल और पड़ोसी राज्य नेपाल की वादियों में बहुतायत से खिलता है। स्वाद में कुछ खट्टा तो इसकी पंखुड़ी में समाया रस उतना ही मीठा होता है, जिसने भी इसका स्वाद चखा हो, वह इसके स्वाद को कभी भूल नहीं सकता। यह कहा जाए कि सेहत निखारने में इसका कोई सानी नहीं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यही वजह है कि जूस, शरबत, जैम, जैली और चटनी के रूप में इसे लोग खूब पसंद करते हैं।

यह फूल न केवल सौंदर्य का सरताज है, बल्कि पोषण और औषधीय गुणों से भरपूर है। बुरांश की देश भर में करीब 80 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें से रोडोडेंड्रान आरबोरियम प्रजाति का फूल सबसे अधिक खूबसूरत होता है। विशेषज्ञ भी बताते हैं कि औषधियुक्त पुष्प बुरांश का कोई सानी नहीं है। इम्यूनिटी बढ़ाने में यह असीम ताकतवर है। हार्ट अटैक, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल समेत कई रोगों की मारकशक्ति रखता है, जिसके चलते बुरांश उत्तराखंड राज्य में रोजगार का बड़ा जरिया भी बना है।

चिंताजनक पहलू यह है कि पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारण अब इस खूबसूरत फूल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार, राज्य में हर साल इसका उत्पादन 20 से 30 प्रतिशत कम हो रहा है। इसके खिलने के बाद यह 10-15 दिनों में सूख भी जा रहा है। इसका कारण जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, कम बर्फबारी और चीड़ के पेड़ों के बढ़ने से बुरांश की संख्या कम होना माना जा सकता है। जलवायु परिवर्तन का ही यह असर है कि अब बुरांश का समय से पहले खिलना भी बड़ी चिंता का विषय माना जा रहा है।

पहाड़ की ठंडी तासीर का फूल बुरांश जलवायु परिवर्तन और बढ़ते ताप की मार से पहले ही जूझ रहा है। वहीं, पहाड़ों में ठंडे क्षेत्रों के जंगलों में पैर पसारता चीड़ का कुनबा और कुरी झाड़ी का मकड़जाल दोनों ही बुरांश पर दोहरी मार कर रहे हैं। पहाड़ों में चीड़ का बढ़ता जंगल न केवल बुरांश व अन्य वनस्पतियों के लिए अभिशाप है, वहीं चीड़ की घनी पत्तियां जमीन में अन्य पेड़ों के बीजों को पनपने नहीं देती। वहीं, ग्रीष्म काल में जंगलों में लगने वाली आग में घी डालने का काम करती हैं।

चीड़ की ज्वलनशील लीसा पत्ती और इसके फल कई हफ़्तों तक जंगल में सुलगते रहते हैं, जिससे नए पौधे पनप नहीं पाते और पुनर्जनन प्रभावित होता है। पिछले कई वर्षों से उतराखंड के पहाड़ी राज्यों में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं में बुरांश व अन्य वनस्पति को खासा नुकसान पहुंचा है। नए पौधे वनों की आग में मारे गए, जिससे बड़े वृक्षों को झुलसना पड़ा। चीड़ का कुनबा कम ताप वाले जंगलों में फैलने से रोका नहीं गया, तो बुरांश के अस्तित्व पर खतरा साल दर साल बढ़ता ही जाएगा।

कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर ललित तिवारी कहते हैं कि बुरांश का फूल समय से पहले खिलने के कारण इसका पुनर्जनन प्रभावित हो चला है। इसके असर से भविष्य में इसके अस्तित्व के खतरे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। मुख्यतः बुरांश का फूल खिलने का समय फरवरी व मार्च में होता है, लेकिन अब यह दिसंबर में खिलने लगा है। पिछले 15 वर्षों से इस फूल के खिलने के समय पर नजर रखी जा रही है। साल 2024 में यह 15 दिसंबर को खिल गया था, जबकि पिछले वर्ष यानी इस सीजन में 22 दिसंबर में ही खिल गया था। जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है। तापमान में निरंतर वृद्धि से कुदरत के इस नायाब तोहफे के खिलने का समय बदल गया है। हालांकि हिमालय क्षेत्र की विभिन्न वनस्पतियों को जलवायु ने प्रभावित किया है। उनमें बुरांश भी सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फूल के समय से पहले खिलने के कारण रीजनरेशन यानी पुनर्जनन प्रभावित हुआ है, जिस कारण पुनर्जनन की समस्या खड़ी हो गई है। इस पुष्प पर निरंतर अध्ययन जारी है।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार का भी कहना है कि वन विभाग भी बुरांश के पुष्प के उत्पादन पर नजर रखे हुए है। इस फूल का समय से पहले खिलना आम हो चला है, साथ ही इसके क्षेत्र में भी बदलाव आया है, हालांकि इस फूल के पूर्णतः खिलने में परिवर्तन नहीं आया है, लेकिन यह भी देखा गया है कि अब यह कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में होने लगा है। इस पुष्प के उत्पादन के लिए वन विभाग पौधरोपण करवा रहा है।

हिमालयी क्षेत्र का बुरांश जितना सुंदर है, उससे कहीं अधिक गुणकारी भी है। इसे राज्य पुष्प का दर्जा भी मिला हुआ है। आज इसके अस्तित्व पर संकट पैदा हो रहा है।

### आमने सामने



यह ट्रॉफी हर धर्म के 140 करोड़ भारतीयों की है। यह किसी एक धर्म की जीत का जश्न नहीं है। हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वर्ल्ड कप जीता था। हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख थे। हम ट्रॉफी को अपनी मातृभूमि भारत लेकर आए थे।
–कीर्ति आजाद
पूर्व क्रिकेटर

इस तरह के बयान खिलाड़ियों की उपलब्धि को कम करते हैं। खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में काफी दबाव झेला है और ऐसे समय में इस तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है। अगर आप ऐसे बयान देते हैं, तो आप अपने ही खिलाड़ियों और अपनी ही टीम को गिरा रहे हैं।
–गौतम गंभीर, मुख्य कोच
भारतीय क्रिकेट टीम



## खाड़ी देशों में 'पानी' पर हमले के निहितार्थ




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार


ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट क्रेश्म द्वीप स्थित खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल (डिसेलिनेशन प्लांट) संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों ने बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में जल संकट पैदा कर सकता है।

पूरे मध्य एशिया में युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दी हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है, तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए गए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए।

अमेरिका और इजरायल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेरहान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुंआ से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं, तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं।

दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते है। संयुक्त अरब आमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है, तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा, हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब आमीरात ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है।,इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम है, इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है।

ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं हैं। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम हैं, लेकिन कई साल से सूखा के चलते तेहरान के तलाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। अतएव ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि हालात नहीं सुधरे, तो तेहरान को खाली करना पड़ सकता है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को आखिर जल उपलब्ध होगा कहां से?

इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक, जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजरायल की राजधानी तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाते हैं। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

युद्ध में पानी संयंत्रों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इन हमलों ने बता दिया है कि युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है।

### सोशल फोरम

## यूपीएससी का हौवा

हमने यूपीएससी को हौसला नहीं, हौवा बना दिया है। कब हुआ यह? किसने तय किया, पता नहीं, लेकिन धीरे-धीरे हमारे घरों में, हमारे समाज में, हमारी कन्वर्सेशन में ये बात सेटल हो गई कि सफलता मतलब यूपीएससी। पढ़ाई मतलब यूपीएससी। ज़िंदगी का मतलब यूपीएससी। जिस घर में कोई आईएस या आईपीएस निकलता है, उस घर की इज़्ज़त पूरे मोहल्ले में बढ़ जाती है। ये गर्व स्वाभाविक है, लेकिन इसी के साथ एक और मैसेज जाता है कि जो नहीं निकला, वो कम है और यही वो मैसेज है, जो लाखों बच्चों को तोड़ रहा है।




ऋचा शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार


आज एक 18-19 साल के बच्चे से पूछो, यूपीएससी क्यों करना है? बहुत कम जवाब होंगे जो गवर्नेंस, पॉलिसी या पब्लिक सर्विस से जुड़े होंगे। ज़्यादातर जवाब होंगे, वो यूनिफार्म देखी थी। वो सेस्पेक्ट देखी थी। एक वीडियो देखी थी, जिसमें आईपीएस ऑफिसर कितनी कॉन्फिडेंटली बोल रहे थे।

आईएस, आईपीएस बनने का सपना अब रील्स से आता है। एक वायरल वीडियो, एक शानदार यूनिफार्म, एक 'कलेक्टर साहब' वाला शॉट और एक 20 साल का बच्चा तय कर लेता है कि बस यही करना है। ये ड्रीम नहीं है, ये एस्थेटिक है। उस इमेज के पीछे की असली ज़िम्मेदारी रात दो बजे किसी फ्लड अफेक्टेड ज़िले में काम करना, सिस्टम की ब्यूरोक्रेसी से लड़ना, पॉलिटिकल प्रेशर झेलना वो रील्स में नहीं आती। यूपीएससी के रिजल्ट में हिंदी का रिप्रज़ेंटेशन हर साल गिरता जा रहा है। पर इस पर कोई बात नहीं करेगा।

वो बच्चे जो सबसे ज़्यादा मेहनत करते हैं, जिनके लिए इंगलिश पहली बाधा है, कॉन्टेंट दूसरी और कोचिंग फीस तीसरी। जो पटना, इलाहाबाद, रीवा के किसी कमरे में बैठकर दिन-रात पढ़ते हैं और आईरनी ये है कि आईएएस, आईपीएस का काम आम जनता से होता है। वो जनता जो हिंदी में सोचती है, भोजपुरी में बोलती है, मैथिली में रोती है। पब्लिक सर्वेंट की भाषा और पब्लिश की भाषा के बीच ये खाई सिस्टम की देन है, मेधा की नहीं। जिस अधिकारी को उनकी भाषा समझनी है, उनकी ज़िंदगी समझनी है, उसे चुनने के प्रॉसेस में उसी भाषा को कमज़ोर माना जा रहा है। शायद किसी ने नहीं, क्योंकि उसके पास वो यूनिफार्म नहीं है। वो 'साहब' नहीं कहलाता, लेकिन देश उससे भी चलता है। उससे भी बनता है और आने वाले वक्त में शायद उनसे ज्यादा बनेगा।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## आंकड़ों के पीछे छिपी त्रासदी और समाज की चुनौती

भारत में लापता बच्चों का मुद्दा लगातार गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट ने इस समस्या की भयावहता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार पहली जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33,577 बच्चे लापता हुए। इनमें से 25,800 बच्चों को खोज लिया गया, लेकिन 7,777 बच्चे अब भी लापता हैं। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की पीड़ा, असुरक्षा और इंतजार की कहानी है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। महानगरों और तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्रों में बच्चों के लापता होने की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। महानगरों की बात करें तो राजधानी दिल्ली में साल दर साल सबसे ज्यादा बच्चे लापता होने के मामले दर्ज हो रहे हैं। अकेले 2025 में ही राजधानी में लगभग 5717 नाबालिगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। दिल्ली से सिर्फ 2026 के शुरुआती 27 दिनों में ही 137 बच्चे लापता हुए हैं, जिन्हें अभी तक ढूंढा नहीं जा सका है। साल दर साल बढ़ते ये आंकड़े यह संकेत देते हैं कि बाल सुरक्षा व्यवस्था में अभी भी कई कमियां मौजूद हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लापता बच्चों में लगभग 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं, जो इस समस्या को और गंभीर बना देता है।




देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो पश्चिम बंगाल इस सूची में सबसे ऊपर है। यहां एक साल 19,145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को ढूंढ़ लिया गया, लेकिन 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले। इसके बाद मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 4,256 बच्चे लापता हुए और इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे स्थान पर हरियाणा है, जहां जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच 2,209 बच्चे लापता हुए और 353 बच्चे अभी भी लापता हैं। हरियाणा में यह संख्या पड़ोसी राज्यों पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की तुलना में कई गुना अधिक है। हिमाचल प्रदेश का एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी है कि वहां लापता हुए आठ बच्चों में से एक भी अब तक नहीं मिला।

राजस्थान इस सूची में आठवें स्थान पर है। यहां पिछले एक वर्ष में 745 बच्चे लापता हुए, जिनमें से 499 बच्चों को उनके परिवारों तक पहुंचा दिया गया, जबकि 246 बच्चे अब भी लापता हैं। वहीं सकारात्मक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात, लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में इस अवधि के दौरान बच्चों के लापता होने का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

पूरी दुनिया में हर वर्ष लगभग 80 लाख बच्चे लापता होने की रिपोर्ट दर्ज होती है। अमेरिका में करीब 4.6 लाख, ब्रिटेन में 1.12 लाख और जर्मनी में लगभग एक लाख बच्चों के हर साल गायब होने की रिपोर्ट दर्ज होती है। यूरोप में भी स्थिति चिंताजनक है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच वहां 51,000 से अधिक नाबालिग बच्चे, जो बिना अभिभावकों के यात्रा कर रहे थे, लापता हो गए। आंकड़ों का गहन विश्लेषण यह भी बताता है कि लापता होने वाले बच्चों में 12 से 17 वर्ष की आयु के किशोर सबसे अधिक होते हैं। कई मामलों में लड़कियां नौकरी, शादी या बेहतर जीवन के झूठे झांसों में फंस जाती हैं और मानव तस्करी के नेटवर्क का शिकार बन जाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### कैसे बना रेडियो शब्द



रेडियो एक छोटा-सा शब्द है, पर अपने भीतर विज्ञान और संचार की लंबी यात्रा समेटे हुए। इस शब्द की जड़ें लैटिन भाषा के शब्द 'रेडियस' में मिलती हैं, जिसका अर्थ है किरण। 19 वीं सदी के उत्तरार्ध में जब वैज्ञानिक अदृश्य तरंगों की दुनिया को समझने की कोशिश कर रहे थे, तब इन तरंगों का व्यवहार प्रकाश की किरणों जैसा प्रतीत हुआ। यही कारण था कि इनके प्रसार को 'किरणों' की तरह समझा गया और धीरे-धीरे 'रेडियो' शब्द का प्रचलन शुरू हुआ।

1880 के दशक में जर्मन भौतिक विज्ञानी हेनरिक हट्र्ज़ ने यह सिद्ध कर दिया कि हवा में अदृश्य विद्युतचुंबकीय तरंगें फैल सकती हैं। इन्हीं तरंगों को आगे चलकर हट्र्ज़ियन तरंगें या रेडियो तरंगें कहा गया। उस समय इनका उपयोग तार के बिना संदेश भेजने के लिए होने लगा, इसलिए आरंभ में इसे 'वायरलेस' अर्थात ताररहित संचार कहा जाता था। समय के साथ विज्ञान आगे बढ़ा और संचार की यह अदृश्य धारा दुनिया को जोड़ने लगी। 1906 में बर्लिन में आयोजित रेडियोटेलीग्राफिक सम्मेलन में 'रेडियो' शब्द को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। फिर 1920 के दशक में जब आवाज और संगीत का प्रसारण शुरू हुआ, तब यह तकनीक केवल वैज्ञानिक प्रयोग नहीं रही, बल्कि जनजीवन का हिस्सा बन गई। धीरे-धीरे 'वायरलेस' शब्द पीछे छूट गया और 'रेडियो' लोगों की जुबान पर बस गया। एक ऐसी अदृश्य किरण, जो दूरियों को मिटाकर दुनिया को एक ही ध्वनि में जोड़ देती है।



# डिजिटल एजुकेशन के अगुआ देश लौट रहे किताबों की ओर

बीते डेढ़ दशक में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम और ऑनलाइन कंटेंट को आधुनिक शिक्षा का पर्याय मान लिया गया। यह माना गया कि अगर बच्चों को बचपन से ही डिजिटल माध्यमों से पढ़ाया जाएगा, तो वे भविष्य की टेक्नोलॉजी आधारित दुनिया के लिए बेहतर तैयार होंगे। दुनिया जिस डिजिटल शिक्षा मॉडल को भविष्य मान रही थी, वही मॉडल अब पुनर्मूल्यांकन के दौर से गुजर रहा है। दुनिया की सबसे अधिक डिजिटल शिक्षा प्रणालियों में अग्रणी स्वीडन और फिनलैंड जैसे देश फिर से किताब, कागज और पेन की ओर लौट रहे हैं। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि पिछले कुछ वर्षों में सामने आए शोध और अनुभव, जिसने शिक्षा नीति-निर्माताओं को सोचने पर मजबूर किया है।



राजेश जैन
लेखक

### डिजिटल शिक्षा

करीब 15 साल पहले दुनिया के कई विकसित देशों ने शिक्षा के डिजिटल भविष्य की परिकल्पना की। इस सोच के पीछे कई तर्क थे। पहला, तकनीक से पढ़ाई को अधिक रोचक और इंटरैक्टिव बनाया जा सकता है। दूसरा, इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को वैश्विक ज्ञान तक तुरंत पहुंच मिल सकती है। तीसरा, डिजिटल उपकरणों के जरिए शिक्षा को अधिक व्यक्तिगत यानी पर्सनलाइज लर्निंग बनाया जा सकता है। स्वीडन उन देशों में था, जिसने सबसे पहले स्कूलों में डिजिटल माध्यमों को बड़े पैमाने पर अपनाया। 2009 के आसपास वहां के स्कूलों में टैबलेट और कंप्यूटर को पाठ्यपुस्तकों का विकल्प बनाने की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे कई स्कूलों में किताबों की जगह डिजिटल उपकरणों ने ले ली। फिनलैंड, जो अपनी शिक्षा प्रणाली के लिए दुनिया में सबसे अधिक प्रशंसित देशों में से एक है, वहां भी स्कूलों में डिजिटल उपकरणों को बड़े उत्साह के साथ अपनाया गया। कई जगह छात्रों को मुफ्त लैपटॉप दिए गए और पढ़ाई का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर दिया गया। उस समय यह मॉडल इतना आकर्षक लगा कि दुनिया के कई देशों ने इसे अपनाने की कोशिश की। भारत में भी डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट एजुकेशन जैसे शब्द शिक्षा सुधार के प्रमुख नारे बन गए।



### हाइब्रिड मॉडलः शिक्षा का नया रास्ता

आज कई विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि शिक्षा का भविष्य न तो पूरी तरह डिजिटल है और न ही पूरी तरह पारंपरिक। दोनों का संतुलित मिश्रण ही सबसे प्रभावी मॉडल हो सकता है। उदाहरण के लिए, जटिल वैज्ञानिक प्रयोगों, डेटा विश्लेषण और कोडिंग सीखने में डिजिटल उपकरण बेहद उपयोगी हैं। वहीं साहित्य, इतिहास या भाषा जैसे विषयों में किताबों के माध्यम से पढ़ना अधिक प्रभावी हो सकता है। इसलिए कई देश अब 'हाइब्रिड लर्निंग मॉडल' की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें किताब और तकनीक दोनों का संतुलित उपयोग हो।

### स्वीडन की नीति में बड़ा बदलाव

स्वीडन ने अपनी शिक्षा नीति में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने स्कूलों में फिर से मुद्रित पाठ्यपुस्तकों को प्राथमिकता देते हुए करोड़ों यूरो का निवेश किया है ताकि हर छात्र तक किताबें पहुंचाई जा सकें। सरकार छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल टूल्स के उपयोग को समाप्त करने की योजना पर भी विचार कर रही है। वहां कई स्कूलों में फिर से शांत पठन समय, हस्तलेखन अभ्यास और पारंपरिक बोर्ड आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### तकनीक का विरोध नहीं, संतुलन की खोज

यह समझना जरूरी है कि यह बदलाव तकनीक के खिलाफ कोई आंदोलन नहीं है। अधिकांश शिक्षाविद् यह मानते हैं कि तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। असल बहस तकनीक के उपयोग की सीमा और संतुलन को लेकर है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट भी यही चेतावनी देती है कि शिक्षा में तकनीक का इस्तेमाल इस तरह होना चाहिए कि वह शिक्षक-केंद्रित शिक्षा का विकल्प न बन जाए। तकनीक एक साधन है, लक्ष्य नहीं।

### जब डिजिटल मॉडल पर उठने लगे सवाल

लगभग एक दशक तक डिजिटल शिक्षा के प्रयोग के बाद कुछ समस्याएं धीरे-धीरे सामने आने लगीं। शिक्षकों, अभिभावकों और शोधकर्ताओं ने पाया कि तकनीक ने पढ़ाई को आसान तो बनाया है, लेकिन कई बुनियादी कौशल कमजोर भी कर दिए हैं। स्वीडन में किए गए अध्ययनों में पाया गया कि स्क्रीन पर पढ़ने वाले छात्रों की एकाग्रता और गहराई से समझने की क्षमता कम हो रही है। चौथी कक्षा के छात्रों की पढ़ने की क्षमता का आकलन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन प्रोग्रेस इन इंटरनेशनल रीडिंग लिटरेसी स्टडी में 2016 और 2021 के बीच स्वीडन के बच्चों के पढ़ने के स्कोर में गिरावट दर्ज की गई। शिक्षाविदों ने देखा कि जब बच्चे टैबलेट या लैपटॉप पर पढ़ते हैं, तो उनका ध्यान जल्दी भटकता है। एक क्लिक में गेम, सोशल मीडिया या अन्य वेबसाइटों तक पहुंच उन्हें पढ़ाई से दूर कर देती है। डिजिटल उपकरण पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का भी माध्यम हैं, इसलिए उनमें विचलन की संभावना अधिक होती है।

### स्क्रीन का मन और मस्तिष्क पर प्रभाव

नई डिजिटल शिक्षा पर सवाल उठने के पीछे सबसे बड़ा कारण बच्चों के मस्तिष्क और व्यवहार पर स्क्रीन के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंता है। नॉर्वे और अमेरिका के कई शोध बताते हैं कि जब बच्चे हाथ से लिखते हैं, तो उनके मस्तिष्क के कई हिस्से एक साथ सक्रिय होते हैं। अक्षर बनाने की प्रक्रिया, उंगलियों का दबाव और लिखावट की संरचना दिमाग में मजबूत स्मृति चिन्ह (मेमोरी ट्रेस) बनाते हैं। इसके विपरीत, कीबोर्ड पर टाइपिंग अपेक्षाकृत एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इसमें मस्तिष्क जानकारी को उतनी गहराई से प्रोसेस नहीं करता। यही कारण है कि हाथ से नोट्स लिखने वाले छात्र विषयों को अधिक गहराई से समझते हैं। इसके अलावा लगातार स्क्रीन देखने से आंखों पर तनाव, नींद की समस्या और मानसिक बेचैनी भी बढ़ने की आशंका रहती है। फिनलैंड के कुछ अध्ययन बताते हैं कि किशोर औसतन प्रतिदिन लगभग छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए चिंताजनक है।

### भारत के लिए सबक

भारत में डिजिटल शिक्षा तेजी से विस्तार कर रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और स्मार्ट क्लासरूम शिक्षा के नए प्रतीक बन चुके हैं। अगर डिजिटल माध्यमों को बिना सोचे-समझे अपनाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भी सामने आ सकते हैं। देश में जहां पहले से ही बच्चों का स्क्रीन टाइम तेजी से बढ़ रहा है, वहां स्कूलों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

### शिक्षा का मूल उद्देश्य

दरअसल, शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि सोचने, समझने और विश्लेषण करने की क्षमता विकसित करना है। किताब पढ़ना इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें धीमी गति से सोचने व गहराई से समझने के लिए प्रेरित करता है। पिछले दशक में दुनिया ने शिक्षा में तकनीक का व्यापक प्रयोग किया और उससे जुड़े अनुभव भी प्राप्त किए। अब वही अनुभव नीति-निर्माताओं को संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भविष्य की कक्षा शायद ऐसी होगी, जहां स्मार्ट बोर्ड भी होगा और ब्लैकबोर्ड भी, टैबलेट भी होगा और किताब भी, एआई भी होगा और शिक्षक का मार्गदर्शन भी।

## नोटिस बोर्ड

- जिला सेवायोजन कार्यालय, कासगंज में 12 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 25 वर्ष की आयु के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम से लगभग एक हजार रिक्त पद भरे जाएंगे। मेले में 40 कंपनियां अपनी कंपनी के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपना पंजीयन कराना होगा। अभ्यर्थी पोर्टल पर प्रदर्शित किसी भी कंपनी में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक व परास्नातक में प्रवेश हेतु 15 मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करा सकेंगे। इस संबंध में कुलपति ने बताया कि एक सप्ताह पहले कोर्सवार सीटों की संख्या वेबसाइट पर अपलोड करवा दी गई थी। समर्थ पोर्टल 15 मार्च से खुल जाएगा। यह आवेदन प्रक्रिया 45 दिनों तक चलेगी। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://kmclu.ac.in पर समर्थ पोर्टल का लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



## कैंपस में पहला दिन — अभी भी याद है पहली बार मेस में खाना

नैनीताल की शांत वादियों में मेरा बचपन बीता। पहाड़ों की उस निश्चल दुनिया से निकलकर जब मैं सन् 1977 में लाला लाजपत राय स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय, मेरठ पहुंचा, तो मन में एक अजीब सी कशमकश और अनजाना भय था। उन दिनों मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के किस्से आम थे, इसलिए सीनियरों के व्यवहार को लेकर मन में कई नकारात्मक भ्रम पाल रखे थे, लेकिन कॉलेज की देहरी पर कदम रखते ही पहले ही दिन वे सारे डर काफूर हो गए।



डॉ. अरुण जोशी
मेडिकल सुपरिंटेंडेंट
राजकीय अस्पताल, हल्द्वानी

कैंपस का वातावरण उम्मीद से बिल्कुल उलट था। मुझे आज भी अचंभित कर देता है कि उन सीनियरों ने, जिन्हें लेकर मैं डरा हुआ था, पहले ही दिन से न केवल मेरा, बल्कि सभी नए छात्रों का हाथ थाम लिया। वहां रैगिंग नहीं, बल्कि एक बड़े भाई जैसा अपनत्व और सहयोग था। जीवन का वह पहला अनुभव जब मैं घर की सुख-सुविधा छोड़कर मेस में खाना खाने पहुंचा, तो भावुक हो गया। मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि परिवार से दूर, बिल्कुल अजनबियों के साथ एक ही टेबल पर बैठकर भोजन करूंगा, लेकिन वह मेस की टेबल केवल खाना खाने की जगह नहीं थी, बल्कि रिश्तों की पाठशाला थी। हंसी-मजाक के उस दौर के बीच खाने का वह स्वाद आज भी मेरी जुबान पर ताजा है। वहीं से सहपाठियों के साथ परिचय का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे अटूट



दोस्ती में बदल गया। हॉस्टल की पहली रात और वॉर्डन द्वारा समझाए गए कड़े नियमों ने एहसास कराया कि अब आजाद पंछी को अनुशासन के पिंजरे में खुद को ढालना होगा। वह अनुशासन ही था, जिसने हमें सिखाया कि समय की कीमत क्या होती है और एक डॉक्टर के जीवन में नैतिकता का क्या महत्व है। पहाड़ की मासूमियत और मेरठ की इस अनुशासित मेधा ने मिलकर मेरे भीतर एक नए इंसान को जन्म दिया। वह सफेद कोट पहनना केवल एक करियर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि सेवा और समर्पण के उस सफर का आगाज था, जिसकी नींव उसी साल मेरठ की मिट्टी में रखी गई थी। आज पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वे यादें जीवन की सबसे अनमोल थाती लगती हैं।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भारत की पहली रिंग मेट्रो का उद्घाटन किया। मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर के शुरू होने से पिंक लाइन की सर्कुलर कनेक्टिविटी पूरी हो गई है, जिससे यह राष्ट्रीय राजधानी के चारों ओर पूरी तरह से संचालित रिंग रूट बन गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर (मैजेंटा लाइन विस्तार) का भी उद्घाटन किया। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो फेज-5 के तहत नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला रखी।
- हाल ही में आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2026 के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में हरा दिया। इस जीत के साथ भारत तीन बार टी-20 विश्व कप जीतने वाला पहला देश बन गया। साथ ही खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करने वाली पहली टीम भी बना।
- हाल ही में सबा शॉल को जम्मू-कश्मीर की उच्च सुरक्षा वाली सुधारात्मक संस्था सेंट्रल जेल श्रीनगर की पहली कश्मीरी महिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति गृह विभाग द्वारा जारी सरकारी आदेश के तहत की गई। इस निर्णय के साथ जम्मू-कश्मीर कारागार विभाग में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल लागू हुआ है।
- हाल ही में दीपक गुप्ता ने गेल (India) Limited के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार संभाला है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए।
- हाल ही में ईरान ने मोजतबा खामेनेई को सुप्रीम लीडर चुना है। मोजतबा इजरायली हमले में मारे गए अपने पिता अली खामेनेई की जगह इस पद को संभालेंगे। यह फैसला 1989 के बाद इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक माना जा रहा है।
- हाल ही में मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया। भारत अब चीता की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। इन शावकों के जन्म के बाद भारत में जन्मे चीता शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। यह घटना भारत में चीते का 10 वां सफल लिटर (जन्म समूह) भी दर्शाती है, जो यह संकेत देती है कि देश में चीता पुनर्स्थापन कार्यक्रम धीरे-धीरे सफल होता जा रहा है और भारत की वन्यजीव संरक्षण यात्रा को नई मजबूती मिल रही है।

## जॉब अलर्ट



### आईडीबीआई बैंक

- पद का नाम-सहायक प्रबंधक ग्रेड 'ए'
- पदों की संख्या- 200
- शैक्षणिक योग्यता-स्नातक और अमुभव
- आयु सीमा -21-30 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 19 मार्च 2026
- वेबसाइट-idbi.bank.in

### भारतीय नौसेना

- पद का नाम- अग्निवीर एसएसआर, एमआर और एसएसआर (मेडिकल)
- शैक्षणिक योग्यता- साइंस (पीसीबी) में 50% अंक
- वेतन-14,600 रुपये ( प्रशिक्षण के दौरान वजीफा)
- आयु सीमा -उम्मीदवारों का जन्म 01 मई 2005 और 31 अक्टूबर 2009 के बीच होना चाहिए
- आवेदन की अंतिम तिथि- 6 अप्रैल 2026
- वेबसाइट- joinindiannavy.gov.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्नीशियन अप्रेंटिस और ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या- 405 (पश्चिमी क्षेत्र के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में
- विज्ञापन नंबर - आईओसीएल/एमकेटीजी/डब्ल्यूआर/एपीपीआर/3/2025-26
- भत्ता- शिक्षुता अधिनियम, 1961/1973 और शिक्षुता नियम 1992/2019/2025 के अनुसार निर्धारित
- शैक्षणिक योग्यता - मैट्रिक + आईटीआई / कक्षा 12 वीं / इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / कोई भी स्नातक डिग्री (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा - 18 वर्ष से अधिकतम आयु 24 वर्ष (दिनांक 28.02.2026 तक)
- आवेदन की अंतिम तिथि- 26 मार्च 2026
- वेबसाइट- www.iocl.com

# इन विषयों पर मजबूत पकड़ से सरकारी नौकरी करें पक्की

सरकारी नौकरी आज भी देश के लाखों युवाओं का सपना है। हर साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रेलवे, बैंकिंग, एसएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटते हैं, लेकिन अक्सर छात्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे अपनी पढ़ाई का फोकस किन विषयों पर रखें? कई बार सीमित समय और विशाल सिलेबस के कारण तैयारी बिखर जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अभ्यर्थी कुछ प्रमुख विषयों पर मजबूत पकड़ बना लें, तो सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है, जो अधिकांश सरकारी परीक्षाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आइए आज आपको बताते हैं, कौन से हैं वे विषय, जिन पर नियमित अभ्यास और सही रणनीति के साथ तैयारी करने से प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।



नवनीत तिवारी
करियर काउंसर



### रीजनिंग

रीजनिंग विषय अभ्यर्थियों की तार्किक सोच और विश्लेषण क्षमता को परखता है। इसमें पजल, सीरीज, कोडिंग-डिकोडिंग और एनॉलिटिकल प्रश्न पूछे जाते हैं। लगातार अभ्यास से रीजनिंग में गति और सटीकता दोनों बढ़ाई जा सकती है, जो परीक्षा हाई स्कोरिंग में मदद करेगी।

### गणित

गणित लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा का अहम हिस्सा होता है। बेसिक मैथ्स के टॉपिक जैसे दशमलव, भिन्न, प्रतिशत, लाभ-हानि आदि पर अच्छी पकड़ होने से अभ्यर्थी आसानी से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। नियमित अभ्यास से गणित में गति और सटीकता दोनों बढ़ती हैं।

### करेंट अफेयर्स

करेंट अफेयर भी प्रतियोगी परीक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश-दुनिया की प्रमुख घटनाएं, सरकारी योजनाएं, खेल और पुरस्कार से जुड़े सवाल अक्सर पूछे जाते हैं। इसके लिए रोजाना अखबार पढ़ना और करेंट अफेयर के नियमित नोट्स बनाना काफी उपयोगी साबित होता है।

### एडवांस मैथ्स

कई प्रतियोगी परीक्षाओं में एडवांस मैथ्स से भी प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें एल्जेब्रा, त्रिकोणमिति और ज्यामिति जैसे टॉपिक शामिल होते हैं। इन विषयों की अच्छी समझ होने पर रेलवे,एसएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है।

### जनरल स्टडी

किसी भी सरकारी परीक्षा में जनरल स्टडीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और विज्ञान जैसे विषय शामिल होते हैं। यदि छात्र रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़कर इन विषयों की बुनियादी समझ मजबूत करें, तो परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे का 'ऑन-द-गो' कार्ड लांच, इंटरनेट के बिना होगा भुगतान

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने 'फोनपे रूपे ऑन-द-गो कार्ड' पेश करने की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन कार्ड (एनसीएमसी) है। इससे मेट्रो, बस, ट्रेन, टोल और पार्किंग जैसी सभी एनसीएमसी-सक्षम सेवाओं पर त्वरित 'स्पर्श कर भुगतान' (टैप एंड पे) के माध्यम से लेन-देन किया जा सकेगा। इस कार्ड की शुरुआत फिलहाल हैदराबाद मेट्रो से की जा रही है। उपयोगकर्ता इस कार्ड में अधिकतम 2,000 रुपये तक की राशि जमा कर सकते हैं जबकि एक बार में बिना इंटरनेट के भुगतान की अधिकतम सीमा 500 रुपये है।

### ताकेशी हिरानो बने इसुजु मोटर्स इंडिया के डिप्टी एमडी

**नयी दिल्ली।** इसुजु मोटर्स इंडिया ने ताकेशी हिरानो को कंपनी का उप प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। जापान की इसुजु मोटर्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ने बताया कि हिरानो, तोरू किशिमोतो का स्थान लेंगे। किशिमोतो अब मूल कंपनी में नई जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी के अनुसार हिरानो के पास वैश्विक बाजारों में वितरण एवं विपणन के क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इसुजु के लिए विभिन्न भूमिकाओं में काम करते हुए अलग-अलग बाजारों में संचालन का नेतृत्व किया है।

### अशोक लेलैंड बैटरी पैक विनिर्माण में करेगी 500 करोड़ का निवेश

**नयी दिल्ली।** हिंदुजा समूह की वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने बुधवार को चेन्नई के पास एक नयी बैटरी पैक विनिर्माण सुविधा में 500 करोड़ रुपये तक के निवेश की घोषणा की। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि कंपनी ने चेन्नई के पास पिल्लैपक्कम में नई बैटरी पैक विनिर्माण सुविधा के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना पर 400-500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह सितंबर, 2025 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत हिंदुजा समूह के निवेश का हिस्सा है।

### सेल ने पहले 11 महीने की बिक्री का बनाया नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-फरवरी के दौरान उसने 1.82 करोड़ टन इस्पात की बिक्री की जो किसी भी वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में सबसे अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 14 प्रतिशत ज्यादा है।

### मेटा प्लेटफॉर्म्स करेगी 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** मेटा प्लेटफॉर्म्स ने 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण करने की योजना की जानकारी दी है। मोल्टबुक एक ऐसा सामाजिक नेटवर्क है जिसे विशेष रूप से कृत्रिम मेधा एजेंट के लिए बनाया गया है, जहां वे संदेश प्रकाशित कर सकते हैं और एक-दूसरे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

# घरेलू प्राकृतिक संसाधनों के प्रोत्साहन की जरूरत: वेदांता

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है भारत की भूगर्भीय संरचना

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि देश की ऊर्जा और खनिज सुरक्षा को मजबूत करने के लिए घरेलू प्राकृतिक संसाधनों की क्षमता का पूर्ण उपयोग करने की जरूरत है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होने और भारत के ऊर्जा आयात पर असर पड़ने के बीच उन्होंने यह बात कही। अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा है कि वैश्विक संघर्ष का सीधा असर उन देशों पर पड़ता है जो आयात पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को विदेशी संसाधनों पर निर्भरता कम कर घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि भारत उस युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव झेल रहा है, जिससे उसका कोई संबंध नहीं है। अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। देश लगभग 90 प्रतिशत तेल, 95 प्रतिशत तांबा और 99.5 प्रतिशत सोना आयात करता है जबकि भारत की भूगर्भीय संरचना प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। खनिज, धातु एवं तेल उद्योग में चार दशकों से अधिक के अनुभव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन संसाधनों का कुशलता से विकास किया जाए तो आयात निर्भरता कम हो सकती है। साथ ही रोजगार, उद्योग एवं निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# डिजिटल लुटेरा: यूपीआई सुरक्षा को चकमा दे रहे साइबर ठग

## साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक ने रिपोर्ट में किया दावा-टेलीग्राम पर सक्रिय हैं 20 ग्रुप

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऑनलाइन ठग नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अनुप्रयोगों की सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर वित्तीय लेनदेन को अंजाम दे रहे हैं। साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। कंपनी ने संदेश भेजने से जुड़े मंच टेलीग्राम पर कम से कम 20 सक्रिय समूहों की पहचान की है। प्रत्येक समूह में 100 से अधिक सदस्य हैं जहां 'डिजिटल लुटेरा' नामक टूलकिट पर चर्चा कर उसे शेयर और उसका उपयोग भी किया जा रहा है।

क्लाउडसेक के अनुसंधानकर्ता (खतरा) शोभित मिश्रा ने कहा कि यह केवल यूपीआई से जुड़ा एक और हानिकारक सॉफ्टवेयर नहीं है। डिजिटल लुटेरा उपकरण प्रणाली पर भरोसे की संरचना पर हमला करता है। जब संचालन तंत्र ही प्रभावित हो जाता है तो 'सिम-बाइंडिंग' और हस्ताक्षर जांच जैसी पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्थाएं भरोसेमंद नहीं रहतीं। यदि इसे नहीं रोका गया तो यह डिजिटल भुगतान प्रणाली में बड़े पैमाने पर खातों पर पकड़ बनाने की घटनाओं को बढ़ावा दे सकता है।

'सिम बाइंडिंग' एक ऐसी सुरक्षा प्रौद्योगिकी है जो व्हाट्सऐप, टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप को केवल उसी रजिस्टर्ड सिम कार्ड से चलाने की अनुमति देती है जो फोन में लगा हो। क्लाउडसेक ने बताया कि उसने ऐसे ही एक समूह के विश्लेषण में पाया कि केवल दो दिन में करीब 25 से 30 लाख रुपये के लेनदेन किए गए। इससे पता चलता है कि धोखाधड़ी



का यह तरीका कितनी तेजी से फैल रहा है और कितने लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस संबंध में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। 'सिम-बाइंडिंग' को इस बात का प्रमाण माना जाता रहा है कि कोई बैंक खाता किसी विशेष उपकरण से सुरक्षित रूप से जुड़ा हुआ है। यूपीआई अनुप्रयोग लेनदेन से पहले उस फोन नंबर के सिम का सत्यापन करते हैं जिसके साथ खाता मोबाइल फोन में पंजीकृत होता है। क्लाउडसेक ने बताया कि यह हमला आमतौर पर तब शुरू होता है जब उपयोगकर्ता अनजाने में एक हानिकारक एपीके फोन में डाल लेते हैं, जो किसी सामान्य सूचना (जैसे यातायात चालान या शादी के निमंत्रण) के रूप में दिखाई देती है।

एक बार इसके फोन में आ जाने पर यह हानिकारक सॉफ्टवेयर पीड़ित के फोन में संदेश पढ़ने की अनुमति प्राप्त कर लेता है। 'डिजिटल लुटेरा' टूलकिट स्थापित होने के बाद हमलावर अपने उपकरण पर एक विशेष एंड्रॉयड ढांचे के उपकरण का उपयोग कर प्रणाली स्तर की पहचान एवं संदेशों के हेरफेर करते हैं। इसके बाद बैंक के लिए भेजे जाने वाले पंजीकरण संदेशों को बीच में ही पकड़ लिया जाता है और 'वन टाइम पासवर्ड' चुपचाप हमलावरों द्वारा नियंत्रित टेलीग्राम ग्रुप पर भेज दिए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि फोन के संदेश अभिलेख में 'भेजा गया' जैसे नकली संदेश भी जोड़ दिए जाते हैं ताकि सब कुछ सामान्य दिखाई दे।

इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित का यूपीआई खाता किसी दूसरे उपकरण पर पंजीकृत और नियंत्रित किया जा सकता है जबकि असली सिम कार्ड पीड़ित के फोन में ही रहता है। साइबर खुफिया कंपनी ने कहा कि एंड्रॉयड उपकरण में इस प्रकार की हेरफेर के बाद यूपीआई अनुप्रयोग को यह विश्वास हो जाता है कि सत्यापन के लिए भेजे गए संदेश वास्तव में उसी फोन से भेजे गए हैं।

# कच्चा तेल उछलने से फिसला बाजार, सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, 5.14 लाख करोड़ डूबे

## निफ्टी भी 24000 से नीचे आया, विदेशी निवेशकों की निकासी और बैंकों के शेयरों की बिकवाली से बना दबाव

मुंबई, एजेंसी




- बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक में रही गिरावट
- सेंसेक्स मंगलवार को 639.82 अंक चढ़कर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ था और निफ्टी भी 233.55 अंक बढ़कर 24,261.60 अंक पर रहा था

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स ने 1,342 अंक का गोता लगाया और एनएसई निफ्टी फिसलकर 24,000 अंक के नीचे आ गया। यह गिरावट एक दिन की बढ़त के बाद आई है। इसके चलते निवेशकों की पूंजी में बुधवार को 5.14 लाख करोड़ रुपये की कमी आई

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी।

बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये में कमजोर रुख ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को और कम कर दिया है।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ केवल दो शेयर सन फार्मा और एनटीपीसी लाभ में रहे।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा किपिछले सत्र में उछाल के बाद बाजार में फिर से गिरावट शुरू हो गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और बैंक, वित्तीय सेवाओं और वाहन शेयरों में बिकवाली के चलते मानक सूचकांक पर दबाव रहा।

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले समय में, बाजार में सतर्क रुख अपनाये जाने संभावना है।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.76 प्रतिशत बढ़कर 92.86 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,333.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए। जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिका बाजार मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए थे।

# सिंगापुर एयरलाइंस की सेल किराया 5,800 रुपये से शुरू

नयी दिल्ली, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइंस की सहायक कंपनी स्कूट ने ''मार्च थीमैटिक सेल'' की घोषणा की है जो 15 मार्च तक चलेगी। ऑफर के तहत भारत से सिंगापुर के लिए इकोनॉमी क्लास का एक तरफ का किराया मात्र 5,800 रुपये से शुरू होता है। सिंगापुर से आगे एशिया-पैसिफिक और अन्य लोकप्रिय शहरों के लिए भी कनेक्टिंग उड़ानें उपलब्ध हैं। ऑफर के तहत हर गंतव्य के लिए अलग-अलग अंतराल होंगे जो 01 अप्रैल से 16 दिसंबर के बीच हैं।

किफायती विमान सेवा कंपनी स्कूट एयर ने बताया कि चेन्नई से सिंगापुर का किराया 5,800 रुपये से शुरू हो रहा है।

तिरुचिरापल्ली से फुकेट का किराया 8,500 रुपये से, तिरुवनंतपुरम से सिडनी का 15,000 रुपये से और विशाखापत्तनम से बैंकॉक का 7,900 रुपये से शुरू होगा। अमृतसर से सेबू का टिकट 11,500 रुपये से और कोयंबटूर से ना त्रांग का 10,500 रुपये से मिलेगा।

अमृतसर और चेन्नई से यात्रा करने वाले यात्री अब स्कूट के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में 'स्कूटप्लस' का बेहतर अनुभव भी ले सकते हैं। इसके लिए टिकट मात्र 12,900 से शुरू हो रहा है। 'स्कूटप्लस' के अंतर्गत यात्रियों को कई अतिरिक्त सुविधाएं मिलती हैं, जिनमें प्राथमिकता के आधार पर चेक-इन और बोर्डिंग, ज्यादा लेगरूम वाली आरामदायक सीटें, 15 किलोग्राम केबिन बैगेज और 30 किलोग्राम चेक-इन बैगेज की अनुमति शामिल है। अमृतसर से जाने वाले यात्रियों को ऑफर का लाभ 27 अप्रैल से 04 जून और बाद में 06 जुलाई से 24 अक्टूबर तक की यात्रा पर मिलेगा।

### मलेशिया एयरलाइंस की भारतीयों के लिए विशेष पेशकश

**नयी दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस ने भारत के यात्रियों के लिए विशेष किराये का घोषणा की है। एयरलाइंस की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ऑफर के तहत 10 मार्च से 23 मार्च तक बुकिंग करायी जा सकती है। यह बुकिंग 18 दिसंबर 2026 तक की यात्रा के लिए होगी। ऑफर के तहत इकोनॉमी क्लास का रिटर्न किराया 20,599 रुपये से शुरू होगा। यात्री मलेशिया एयरलाइंस के नेटवर्क पर कुआलालंपुर, सिंगापुर, ऑकलैंड, सिडनी और अन्य गंतव्यों के लिए टिकट बुक करा सकेंगे।

# एआईएफ के लिए नियामक मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाने को रुपरेखा बना रहा सेबी: पांडेय

मुंबई, एजेंसी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के लिए एक नए नियामकीय ढांचे पर विचार किया जा रहा है। इससे एआईएफ योजनाओं की पेशकश में तेजी आ सकती है। प्रस्तावित 'लॉज एंड लॉन्च' मॉडल के तहत कुछ एआईएफ योजनाओं को मर्चेंट बैंकर द्वारा जारी जांच-परख प्रमाणपत्रों के आधार पर पेश किया जा सकेगा, जिससे नियामक मंजूरी में लगने वाला समय कम होगा। पांडेय ने आईवीसीए कॉन्क्लेव-2026 में कहा कि इस ढांचे का उद्देश्य कारोबार को सुगम बनाना,



एआईएफ पेशकश में तेजी लाना और निजी पूंजी के तेजी से जुटाने में सहायता करना है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रणाली के तहत, कुछ विशिष्ट एआईएफ योजनाएं जांच-परख प्रमाणन के लिए मर्चेंट बैंकर पर निर्भर हो सकती हैं, जबकि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए योजनाओं को लाकर, एआईएफ प्रबंधक खुलासा संबंधी जांच-परख सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। नियामक ने कहा कि वह इस प्रस्ताव पर उद्योग जगत से परामर्श करेगा।

भारत में एआईएफ उद्योग का हाल के वर्षों में तेजी से विस्तार हुआ है। देश में अब 1,700 से अधिक पंजीकृत एआईएफ हैं, जिनकी कुल प्रतिबद्धताएं लगभग 15.74 लाख करोड़ रुपये और निवेश लगभग 6.45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह दिसंबर, 2025 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 30 प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि है। साथ ही, सेबी प्रमुख ने उद्योग के लिए प्रमुख चुनौतियों के रूप में 'गलत बिक्री' और 'उपयुक्त उत्पाद' का जिक्र किया।

# एफएसीटी को मिल जल्दी सकता है 'मिनी रत्न' का दर्जा

कोच्चि (केरल), एजेंसी। आजादी से पहले गठित देश की प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनी, उर्वरक और रसायन त्रावणकोर (एफएसीटी) को जल्द 'मिनी रत्न' का दर्जा मिल सकता है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 66 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (सीपीएसयू) बनी एफएसीटी को मिनी रत्न का दर्जा मिलने में सिर्फ 'प्रक्रियात्मक जरूरतें' बाकी रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन (फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग) का काम भी प्रगति पर है, जिसके पूरा होते ही से उसे यह दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

# भर्ती के समय अंग्रेजी दक्षता के आकलन से बढ़ती है कार्यक्षमता: रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत में 98 प्रतिशत मानव संसाधन (एचआर) प्रमुखों का मानना है कि यदि भर्ती के दौरान अंग्रेजी कौशल का बेहतर आकलन किया जाए, तो संगठन अधिक कुशल होंगे। एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विसेज (ईटीएस) की टीओईआईसी ग्लोबल इंग्लिश स्किल्स रिपोर्ट यह भी कहती है कि कृत्रिम मेधा (एआई) खराब अंग्रेजी दक्षता की भरपाई नहीं कर सकता। टोफेल और जीआरई जैसी परीक्षाएं आयोजित करने वाली प्रिंसटन स्थित संस्था ईटीएस ने यह रिपोर्ट भारत में 87 शीर्ष एचआर अधिकारियों के सर्वेक्षण के आधार




पर तैयार की है। यह शोध 17 देशों के 1,325 एचआर अधिकारियों पर किए गए व्यापक सर्वेक्षण का हिस्सा है, जिसमें ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, भारत, जापान, मेक्सिको, मोरोक्को, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ताइवान, थाइलैंड, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और वियतनाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ज्यादातर नियोक्ताओं का मानना है कि पांच साल पहले की तुलना में अब अंग्रेजी दक्षता अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, हालांकि इसके मूल्यांकन की गुणवत्ता और लागत जैसी बाधाएं अब भी बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश एचआर प्रमुखों का मानना है कि एआई खराब अंग्रेजी दक्षता का विकल्प नहीं हो सकता, जिससे विश्वसनीय मूल्यांकन की जरूरत और बढ़ जाती है। भारत में 94 प्रतिशत एचआर प्रमुखों का कहना है कि बढ़ते वैश्विक सहयोग ने अंग्रेजी की आवश्यकता को बढ़ा दिया है, जबकि 84 प्रतिशत का मानना है कि अंग्रेजी की कमी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने का कारण बनती है।

# युवा उद्यमी योजना : जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनने का मौका

युवा अब जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनकर देश के विकास में सक्रिय सहभागिता करना चाहता है। युवा अब उद्यमी बनना चाहता है। युवाओं की इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे युवाओं की मदद करना है जो पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर पा रहे हैं। यदि जानते हैं इस योजना से जुड़ी सभी जरूरी बातें-

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** इसके तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए बिना गारंटी और ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अगले दस वर्षों में लगभग 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके तहत हर वर्ष करीब एक लाख युवाओं को इस योजना का लाभ देने की योजना बनाई गई है।

**दो चरणों में मिलेगी वित्तीय सहायता:** योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण में अधिकतम 5 लाख रुपये की परियोजना के लिए करीब 4.5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। खास बात यह है कि ऋण चुकाने की प्रक्रिया में शुरुआती छह महीने तक राहत दी जाती है।

यदि लाभार्थी पहले चरण का ऋण समय पर चुका देता है, तो दूसरे चरण में उसे 10 लाख रुपये तक का ऋण मिल सकता है। इस चरण में ब्याज पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान भी है।

जानकारी



### किसे मिलेगा योजना का लाभ

1- आवेदक उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2- उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3- कम से कम आठवीं कक्षा पास होना आवश्यक है।
4- कोई स्किल सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री होना चाहिए।

इसके अलावा योजना में लाभार्थी को अपनी श्रेणी के अनुसार कुछ अंशदान भी करना होता है। सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 12.5 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति-जनजाति और दिव्यांग वर्ग के लिए 10 प्रतिशत योगदान तय किया गया है।

### कैसे और कहां करें आवेदन

सीएम युवा उद्यमी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक पोर्टल msme.cmyuva.org.in पर किया जा सकता है।

**वेबसाइट पर जाएं:** उत्तर प्रदेश (CMYUVA) के आधिकारिक उद्यमी पोर्टल पर जाएं।

**पंजीकरण:** पंजीकरण/लॉग इन पर क्लिक करें और आधार नंबर दर्ज करके पासवर्ड बनाएं।

**फॉर्म भरें:** व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक जानकारी (जैसे परियोजना रिपोर्ट) सही-सही भरें।

**दस्तावेज अपलोड करें:** आधार, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), 8वीं पास मार्कशीट, पैन कार्ड, फोटो, और बैंक पासबुक की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें।

**सबमिट और ट्रैकिंग:** फॉर्म को 'फाइनल सबमिट' करें और आवेदन संख्या यानी एप्लीकेशन नम्बर को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

**प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी देगी सरकार:** सरकार इस योजना के तहत केवल वित्तीय सहायता ही नहीं देती, बल्कि व्यवसाय शुरू करने और उसे सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था भी करती है। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के जिला उद्योग केंद्र से संपर्क करें।

# भारत में गूगल क्रोम में मिलेंगी अंतर्निहित एआई सुविधाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए 'गूगल क्रोम' में अंतर्निहित कृत्रिम मेधा (एआई) सुविधाओं को जोड़ने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे इंटरनेट पर खोज का अनुभव उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सहज, सुरक्षित एवं उपयोगी बनेगा। ये 50 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध होंगी जिनमें हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु और तमिल जैसी भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं।गूगल आज क्रोम की कई नवीनतम कृत्रिम मेधा सुविधाओं (जिनमें क्रोम में जेमिनी भी शामिल है) को भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने की घोषणा करता है। इसमें कहा गया कि ये सुविधाएं कंपनी के नवीनतम जेमिनी 3.1 मॉडल पर आधारित हैं।

# राजकोषीय घाटे के मानकों का पालन करें राज्य : नीति आयोग

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग ने बुधवार को राज्यों से राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत राजकोषीय घाटे से संबंधित मानकों का पालन करने का आग्रह किया। इसके लिए व्यय प्रबंधन में अनुशासन, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आधार बढ़ाने और कर क्षमता बढ़ाने को कहा गया है। नीति आयोग की ''राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2026'' रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों का राजस्व घाटा बढ़ रहा है उन्हें अपने राजस्व व्यय को टिकाऊ राजस्व वृद्धि के अनुरूप रखना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट के मुताबिक, राजकोषीय स्थिति के आधार पर शीर्ष 10 राज्यों में ओडिशा, गोवा, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश शामिल हैं।

वहीं बिहार, कर्नाटक एवं तेलंगाना ने मामूली सुधार दर्ज किया जबकि पंजाब, पश्चिम बंगाल एवं केरल इस सूचकांक में निचले स्थान पर रहे हैं। पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में अरुणाचल प्रदेश शीर्ष पर रहा। इसके बाद उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय, असम और मिजोरम का स्थान रहा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के आर्थिक झटके आते हैं, इसलिए मजबूत राजकोषीय स्थिति बनाए रखना जरूरी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### स्विट्जरलैंड : बस में लगाई आग, छह की मौत, तीन गंभीर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न के पश्चिम में स्थित एक शहर में बस में आग लग जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फ्राइबर्ग क्षेत्र के पुलिस प्रवक्ता फ्रेडरिक पापो ने बताया कि बर्न से लगभग 25 किलोमीटर पश्चिम में स्थित केर्जर्स शहर में मंगलवार शाम हुई यह घटना जानबूझकर किया गया कृत्य हो सकती है। यह क्षेत्रीय परिवहन बस पोस्टबस द्वारा संचालित की जाती है जो राष्ट्रीय डाक सेवा से संबद्ध है। मीडिया में प्रसारित घटनास्थल की तस्वीरों में बस आग की लपटों से घिरी नजर आ रही है। क्षेत्रीय सरकार ने कहा, मौके पर पहुंचे बचाव दलों ने पाया कि वाहन आग की लपटों में घिरा हुआ था। हेलीकॉप्टर दलों ने तीन गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### अमेरिका : पत्नी के हत्यारोपी भारतीय पर 10 लाख डॉलर इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पत्नी की हत्या के आरोपी भारतीय नागरिक के बारे में सूचना देने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। उस पर पहले 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम घोषित था। भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल (35) पर आरोप है कि उसने 12 अप्रैल 2015 को मैरीलैंड के हैनोवर में चाकू से कई बार वार कर अपनी पत्नी पलक पटेल (21) की हत्या कर दी। यह वारदात उस दुकान में हुई जहां दोनों काम करते थे। जांचकर्ताओं का मानना है कि पटेल ने देर रात दुकान के पिछले कमरे में अपनी पत्नी पर कई बार चाकू से वार किया और फिर पीछे के दरवाजे से भाग गया। भद्रेश एफबीआई की 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल है।

### सूडान : स्कूल पर ड्रोन हमले में 17 की मौत अधिकतर छात्राएं

**काहिरा।** दक्षिणी सूडान के एक माध्यमिक विद्यालय और एक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को एक विस्फोटक से भरे ड्रोन हमले में 17 से ज्यादा लोग मारे गए। मरने वालों में अधिकतर स्कूली छात्राएं थीं। अस्पताल के एक अधिकारी और एक चिकित्सा समूह ने यह जानकारी दी। गांव के सबसे नजदीक स्थित प्रमुख चिकित्सा सुविधा केंद्र दुइम अस्पताल के निदेशक डॉ. मूसा अल-मजेरी के अनुसार, हमले में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराकर चिकित्सीय सुविधा दी जा रही है। अभी यह साफ नहीं किया गया है कि हमला किसने किया। अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाल: आरएसपी को पीआर श्रेणी में भी सर्वाधिक वोट

- एक करोड़ से ज्यादा वोटों में से पार्टी को मिले 50% से ज्यादा

**काठमांडू।** नेपाल में आनुपातिक प्रतिनिधित्व श्रेणी (पीआर) के तहत मतों की गिनती बुधवार को समाप्त हो गई, जिसमें राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को सबसे अधिक मत मिले। निर्वाचन आयोग की बुधवार को इस संबंध में आंकड़े साझा किए गए।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा में 275 सीट हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली और 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चुने जाते हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, मतगणना पूरी हो चुकी है। हालांकि, अंतिम परिणाम अभी प्रकाशित नहीं किए गए हैं क्योंकि आंकड़े दर्ज किए जाने का काम अभी जारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,07,85,876 मतों की गिनती हुई। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 51,57,130 वोट मिले, जबकि नेपाली कांग्रेस को 17,55,872 मत प्राप्त हुए। सीपीएन (यूएमएल) को 14,52,758 मत जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 8,09,577 मत मिले। श्रम संस्कृति पार्टी को 3,85,741 मत और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,30,268 मत मिले। नेपाल में पांच मार्च को हुए प्रत्यक्ष मतदान में आरएसपी ने 165 में से 125 सीट जीतकर इतिहास रच दिया। नेपाली कांग्रेस ने 18, सीपीएन (यूएमएल) ने नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने सात, श्रम संस्कृति पार्टी ने तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने एक और निर्दलीय ने एक सीट जीती।

## सफेद फॉस्फोरस का युद्ध में प्रयोग

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के बीच इजराइल की ओर से लेबनान में सफेद फॉस्फोरस के इस्तेमाल दुनिया भर में युद्धों में बढ़ती क्रूरता को लेकर फिर नई चिंता पैदा की है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी कर युद्धों में क्रूरता दिखाने के मामले नए नहीं हैं। इसी युद्ध में ईरान के मिनाब शहर में बच्चियों के एक स्कूल पर मिसाइल हमला भी ऐसी ही क्रूरता का एक उदाहरण है, जिसमें पांच से 12 साल की 165 बच्चियों की मौत हो गई थी। अतीत में भी सैन्य संघर्षों के दौरान कई बार क्रूरता की हदें पार करके मानवता को शर्मसार किया गया है। विडंबना यह है कि क्रूरता को रोकने और इसके लिए जिम्मेदार देशों की जवाबदेही तय करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का प्रभाव भी हाल के वर्षों में काफी कम हुआ है। इन परिस्थितियों ने दुनिया के सामने एक नए तरह का खतरा पैदा किया है।

## युद्धों में बढ़ती क्रूरता



### सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग

- सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में 'कन्वेंशन ऑन सर्टेन कन्वेंशनल वेपन्स' के प्रोटोकॉल के तहत कड़ाई से नियंत्रित है।
- इसका प्रयोग पहले भी कई और सैन्य संघर्षों में हुआ है और दुनिया के मानवाधिकार संगठनों ने समय-समय पर इस पर गंभीर चिंता जताई है।
- सफेद फॉस्फोरस रासायनिक पदार्थ है जो ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर स्वतः जल उठता है और बहुत उच्च तापमान पैदा करता है।
- इसके संपर्क में आने पर गहरे घाव हो सकते हैं, आंतरिक अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका धुआं फेफड़ों-आंखों के लिए खतरनाक।

### क्रूरता के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय ढांचा

- जिनेवा कन्वेंशन युद्ध के दौरान घायलों, बीमारों, युद्धबंदियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए बुनियादी नियम निर्धारित करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही तय करता है।
- रासायनिक हथियार कन्वेंशन युद्ध में उन हथियारों के उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं जो अनावश्यक पीड़ा का कारण बनते हैं।
- रोम स्टैच्यूट संधि युद्ध अपराधों को परिभाषित करती है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न्याय सुनिश्चित करने का आधार प्रदान करती है।
- संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय जैसी संस्थाएं काम करती हैं, दोषियों पर युद्ध अपराध का मुकदमा चलाती हैं।

### अमानवीय

महिलाओं-बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा को युद्ध की रणनीति के रूप में इस्तेमाल करना। सार्वजनिक रूप से हत्या करना और प्राचीन स्मारकों, पुस्तकालयों, धार्मिक स्थलों को नष्ट करना।

### युद्ध में नए प्रयोग

- सीरिया, यूक्रेन, गाजा में अस्पतालों स्कूलों पर हवाई हमले जो नागरिकों के लिए अंतिम शरणस्थली थे।
- सीरिया में सरीन गैस का इस्तेमाल या घनी आबादी वाले क्षेत्रों में क्लस्टर बम, सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग।
- भोजन, पानी, दवाइयों की आपूर्ति काट देना ताकि भुखमरी को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

### दुनिया में ऐतिहासिक नरसंहार

- द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी ने लाखों यहूदियों और अल्पसंख्यकों का कत्लेआम किया, जो क्रूरता का सबसे वीभत्स उदाहरण माना जाता है।
- जापान की सेना ने 1937 में चीनी नागरिकों के साथ अत्यधिक बर्बरता के साथ सामूहिक हत्याएं की थीं जो नानजिंग के नरसंहार के नाम से मशहूर है।
- वर्ष 1994 में हुआ रवांडा नरसंहार जिसमें मात्र 100 दिनों के भीतर 8 लाख लोगों की नृशंस हत्या की गई, पड़ोसियों ने ही एक-दूसरे पर हमला किया।

# एलपीजी : कमी न होने के दावों के बीच देश भर में हाहाकार

## सिलेंडर के लिए कहीं लंबी कतारें तो कहीं ब्लैक के आरोप, विपक्ष ने लगाए सरकार पर गुमराह करने के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार की ओर से घरेलू गैस (एलपीजी) और पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी न होने के लगातार दावों के बीच देश भर में हाहाकार मचा हुआ है। एलपीजी संकट के कारण एक तरफ होटल और रेस्टोरेंट उद्योग ठप होने के कगार पर पहुंच गया है तो दूसरी तरफ घरेलू सिलेंडरों के लिए गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। लोग घरेलू गैस की ब्लैक के भी आरोप लगा रहे हैं।

भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां एसोसिएशन ने कहा है कि दिल्ली में नियमित एलपीजी आपूर्ति न होने से कुछ रेस्टोरेंट पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति और इंडक्शन कुकिंग जैसे विकल्प अपना रहे हैं। कई रेस्तरां ऐसे व्यंजन को बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें कम गैस खपत होती है। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई शहरों में बुधवार को रसोई गैस एजेंसियों के कार्यालयों और ऑटो के लिए एलपीजी गैस भरवाने वाले केंद्रों पर लंबी कतारें नजर आईं। रांची समेत झारखंड के भी कई जिलों में यही हाल है। गैस एजेंसियों के ऑफिस में सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। यहां सुबह से ही लंबी कतारें लग गई थीं। गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसी और उपभोक्ताओं के बीच नोकझोंक भी हो रही है।

केरल में कई शहरों में होटलों को बंद कर दिया गया है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को एलपीजी वितरकों और डीलरों को कालाबाजारी या उपभोक्ताओं को 'ब्लैकमेल' करने के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। दरअसल, सरकार को शिकायतें मिली हैं कि कुछ एलपीजी डीलर डिलीवरी में देरी करके हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिए कि राज्य में एलपीजी संकट न होने दिया जाए।



प्रयागराज में एक गैस एजेंसी के बाहर बुधवार को सिलेंडर रिफिल कराने वालों की कतार।

### देश में एकाएक कई गुना बढ़ी बिजली के चूल्हों और केतलियों की बिक्री

**नई दिल्ली।** रसोई गैस के संकट के बीच देश में बिजली के चूल्हों (इंडक्शन) और इलेक्ट्रिक केतली की बिक्री में भारी उछाल आया है। टाटा समूह की कंपनी क्रोमा ने पिछले कुछ दिनों में चूल्हों की मांग में तीन गुना वृद्धि दर्ज की है, जबकि 'पिजन' ब्रांड बनाने वाली कंपनी स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड की औसत साप्ताहिक ऑनलाइन बिक्री चार गुना बढ़ गई है। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ और एमडी शिबाशीष रॉय ने कहा, पिछले कुछ दिन में बिजली के चूल्हों की मांग में अचानक तेजी आई है जो लगभग तीन गुना बढ़ गई है ग्राहक एक बार में कई चूल्हे खरीद रहे हैं। इलेक्ट्रिक केतली की मांग भी लगभग दोगुनी हो गई है। अमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो दिन में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री 30 गुना बढ़ गई है, जबकि चावल पकाने वाला कुकर और इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर की बिक्री में चार गुना उछाल आया है। एयर फ्रायर और इलेक्ट्रिक केतली की बिक्री भी दोगुनी हो गई है।



रांची में बच्चे के साथ सिलेंडर लेने आई महिला।

### चेन्नई में होटलों-रेस्तरां ने छुट्टी घोषित की

**चेन्नई।** चेन्नई और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में संचालित होटलों और रेस्तरां के एक वर्ग ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति न होने के कारण बुधवार को छुट्टी घोषित कर दी। सुबह-सुबह चाय-कॉफी के लिए पहुंचे ग्राहक होटलों के बंद होने पर निराश हो गए। शहर के एक लोकप्रिय होटल में बुधवार को लगे नोटिस में लिखा था, एलपीजी आपूर्ति न होने के कारण 11 मार्च 2026 को छुट्टी घोषित की गई है। वहां कॉफी पीने आए एक निवासी ने तियागराया नगर स्थित होटल में छुट्टी घोषित होने के बाद कहा, अगर वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की यही स्थिति रही तो घरेलू एलपीजी आपूर्ति पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### पुडुचेरी के होटलों में शुरू हुआ लकड़ी का चूल्हा

**पुडुचेरी।** एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण पुडुचेरी में होटलों के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है क्योंकि इस पर्यटन केंद्र में वैकल्पिक कदम हालात से निपटने में मददगार नहीं हो सकते। होटल्स एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब असहाय स्थिति हो गई है। अधिकतर होटल ने या तो लकड़ी जलाकर खाना बनाना शुरू कर दिया है या कामकाज के घंटे कम कर दिए हैं और कुछ होटल इलेक्ट्रिक कुकर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा हो, प्रधानमंत्री जवाब दें: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार के नकली सूत्र आधारित आश्वासन उसकी पूर्ण अक्षमता को उजागर करते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के बारे में पूर्वानुमान था। फिर भी सरकार ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए कुछ नहीं किया। अब संकट गहराता जा रहा है और आम लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईंधन की कमी से कृषि और उर्वरक आपूर्ति प्रभावित होने से सबसे पहले किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, रसोई गैस सिलेंडर का सीमित वितरण, गैस भरवाने के लिए लंबी कतारें, वाणिज्यिक सिलेंडर की भारी कमी और घरेलू सिलेंडर के लिए 25 दिन तक की प्रतीक्षा की स्थिति पैदा हो गई है।

### ममता ने कहा- योजना बनाए बगैर केंद्र ने लगाए प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार को ऊर्जा आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों के मद्देनजर पाबंदी लगाने से पहले देश में एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार को पहले एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने स्थिति से निपटने के लिए उचित योजना बनाए बिना प्रतिबंध लगा दिए हैं। केंद्र ऊर्जा संकट को सुलझाने के बजाय राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है।

### एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का खतरा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत है और इस वजह से एक करोड़ से ज्यादा लोगों के बेरोजगार होने का खतरा है। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश बहुत गंभीर संकट से गुजर रहा है। पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत हो गई है। हमारे देश में एलपीजी के उत्पादन में 50 फीसदी की कमी आ गई है। देश में एलपीजी का 60 फीसदी आयात होता है। इसमें 90 फीसदी एलपीजी स्टेट ऑफ हॉर्मुज से आती है जो भारत के लिए बंद कर दिया गया है। इस संकट का सबसे बड़ा खामियाजा रेस्टोरेंटों, होटलों को भुगतना पड़ रहा है।

# विपक्ष अब ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए देगा नोटिस

## लोकसभा के 120, राज्यसभा के 60 सदस्यों ने किए हस्ताक्षर, पक्षपात और भेदभाव का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पक्षपात और भेदभाव करने सहित कई आरोपों को लेकर पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस के लिए विपक्ष ने आवश्यक हस्ताक्षर एकत्र किए हैं और अगले एक-दो दिन में संसद के दोनों सदनों में इसे पेश करने की तैयारी है।

एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर एकत्र करने का काम पूरा कर लिया गया है और नोटिस बृहस्पतिवार को दिए जाने की संभावना है। विपक्ष के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि नोटिस बृहस्पतिवार या शुक्रवार को दोनों सदनों में दिया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम तक लगभग 120 सांसदों ने लोकसभा में दिए जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं और लगभग 60 सांसदों ने उच्च सदन में दिए जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नोटिस और राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर नोटिस देना होता है।

सूत्रों ने बताया कि नोटिस पर 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि वह अब आधिकारिक तौर पर इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है।



- इंडिया गठबंधन में शामिल न होने के बावजूद आप ने भी किए हस्ताक्षर

### किसी सीईसी को हटाने के लिए पहली बार प्रस्ताव

यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए कोई नोटिस दिया जा रहा है। विपक्षी दलों ने कई मौकों पर सीईसी पर सत्तारूढ़ भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। विपक्ष एसआईआर की कवायद को लेकर पिछले कुछ महीनों से उन पर लगातार निशाना साधता रहा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर का उद्देश्य भाजपा की मदद करना है। सीईसी को पद से हटाने का नोटिस संसद के किसी भी सदन में दिया जा सकता है और इसे अवश्य ही विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिए, जो सदन की कुल सदस्यता का बहुमत और उपस्थित एवं मतदान में हिस्सा लेने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए।

# अमेरिका में 300 अरब डॉलर की पहली रिफाइनरी में साझेदार होगी रिलायंस

- ट्रंप ने कहा- अमेरिका फर्स्ट के एजेंडे के तहत ऐतिहासिक डील

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह साझेदार होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है।

उन्होंने कहा, इस ज़बरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद। ट्रंप ने कहा, अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील है, अमरीकी इतिहास की सबसे बड़ी, अमेरिकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत।

उन्होंने कहा, यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके काम अपेक्षाकृत तीव्र गति से पूर्ण होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला** – आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद न करें। आलस्य के कारण काम बिगड़ सकते हैं। शुगर के रोगी अपने खानपान पर ध्यान दें।

**वृष** – आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम सा हो सकता है। सफलता प्राप्त करने हेतु शॉर्टकट अपना सकते हैं। कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। अपनी मेहनत और क्षमताओं पर विश्वास रखें। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है।

**मिथुन** – आज आप काफी नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। विवाह संबंधी चर्चाएं कर सकते हैं। बैंकिंग से जुड़े लोगों को प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु** – आज आपकी आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आपके ऊपर काम का अत्यधिक दबाव रहेगा।

**कर्क** – आज आपके काम की गुणवत्ता बढ़ेगी। नई विधाओं को सीखने का प्रयास करें। पुराने लंबित मामलों में जीत मिल सकती है।

**मकर** – आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी से अधिक बहस न करें। अटका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**सिंह** – आज कारोबार में बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। अधिकारों में वृद्धि होगी। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली हैं। किसी समस्या का समाधान मिलेगा। दूसरों पर निर्भर न रहे।

**कन्या** – आज लेखन व मीडिया से जुड़े कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। काम की बारीकियों में ध्यान देंगे।

**मीन** – आज नए व्यवसाय पर धन निवेश कर सकते हैं। अपने कर्म पर विश्वास रखें। आय और व्यय में संतुलन रहेगा।

# उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**प्योंगयांग, एजेंसी**

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के नए युद्धपोत से किए गए क्रूज मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू किया है।

उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का कड़ा विरोध कर रहा है। सरकारी मीडिया के अनुसार, मिसाइलों का प्रक्षेपण नए 5,000 टन वर्ग के ''चोए ह्योन'' विध्वंसक युद्धपोत से नाम्पो तट के पास किया गया, जहां जहाज के प्रदर्शन परीक्षण चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइलें करीब 2 घंटे 50 मिनट तक तय मार्ग पर उड़ती रहीं और कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के पास पीले सागर के ऊपर से गुजरते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेद दिया। समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम जोंग उन ने अपनी किशोर बेटी के साथ एक गुप्त स्थान से वीडियो लिंक के जरिए इस परीक्षण को देखा।



- अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास पर नाराजगी

क्रूज मिसाइलें पीले सागर के ऊपर निर्धारित उड़ान मार्ग से गुजरते हुए अपने तय लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक पहुंचीं। एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि देश की युद्ध प्रतिरोध क्षमता के विभिन्न घटकों को अब लगातार और तेज गति से एक अत्याधुनिक परिचालन प्रणाली में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की परमाणु ताकत अब बहुआयामी संचालन के नए चरण में प्रवेश कर चुकी है।

# बाल से 10 गुना पतला, स्टील से 10 गुना मजबूत फाइबर

- चीन ने बेहद शक्तिशाली कार्बन फाइबर पेश किया

**बीजिंग।** चीन ने घरेलू स्तर पर विकसित और बेहद शक्तिशाली टी1200 कार्बन फाइबर बना लिया है। इसका अंतरिक्ष और मानव रोबोट क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाएगा।

इस फाइबर का व्यास मानव बाल के दसवें हिस्से से भी कम है, फिर भी इसकी मजबूती स्टील की तुलना में 10 गुना अधिक है और इसका घनत्व स्टील के घनत्व का एक-चौथाई है। हाई-टेक उद्योगों में इसे अपनाने की गति तेज होने की उम्मीद है। इसके निर्माता 'चीन नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, कंपनी इस केबल के सौ टन की वार्षिक उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है। इसके साथ ही चीन इस स्तर के फाइबर का इतने बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाला पहला देश बन गया है।

**ऐतिहासिक फैसला** वर्ष 2013 में चौथी मंजिल से गिरकर घायल हुए थे 32 वर्षीय हर्ष, कोमा में हैं 12 साल से

# देश में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक मौत हो सके।

### एम्स को निर्देश, मृत्यु की गरिमा बरकरार रहे

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

इस फैसले के साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया ताकि इससे उन मामलों में स्पष्टता मिलेगी जो बेहद व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं। कोर्ट ने कहा कि कानून के अभाव के कारण, उसे हस्तक्षेप करने और दिशानिर्देश देने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि यह संस्थागत वरीयता का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक आवश्यकता का मामला है, ताकि मौलिक अधिकारों की शुचिता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। गाजियाबाद निवासी हर्ष राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गए थे और तभी से कोमा में हैं। दुर्घटना के वक्त हर्ष राणा पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र थे।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी पूर्ण रात्रि तक।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मूल 13 मार्च 00.43 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

### सुडोकू - 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |

### सुडोकू -86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |



“मुझे फीफा ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति देगा, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। ऐसे में ईरान को रोकना गलत होगा।

– जियानी इन्फेंटिनो


# स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 12 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**ढाका, एजेंसी :** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई। एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। र सालेह अकरम सम्राट हैं। कमेटी शिकायतों से जुड़े डॉक्यूमेंट और सबूत इकट्ठा करेगी और चुनाव प्रक्रिया में शामिल संबंधित लोगों और ऑर्गनाइज़ेशन से बयान लेगी। यह जांच करेगी कि क्या काउंसलर नॉमिनेशन प्रक्रिया बीसीबी संविधान और लागू कानूनों और नियमों के अनुसार की गई थी।

### देवेंद्र फडणवीस ने सूर्यकुमार- शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, एजेंसी :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को शरण

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने बुधवार को कहा कि ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। बर्क ने कैनबरा में पत्रकारों को बताया कि ईरान की पांच खिलाड़ियों को पहले ही मानवीय आधार पर वीजा दिया गया था। अब इन महिला सदस्यों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। उन्होंने कहा कि टीम की जिन नयी दो सदस्यों को शरण दी गई है उनमें एक खिलाड़ी और एक सहयोगी स्टाफ की सदस्य है। इन दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी। टीम के बाकी सदस्य सिडनी से ईरान जाने वाली उड़ान में मंगलवार देर रात सवार हुए। इस बीच टीम के होटल में काफी गहमागहमी रही। यहां बता दें कि ट्रंप नें कुछ दिन पहले आस्ट्रेलिया से इरान की इच्छुक महिला खिलाड़यों को शरण देने के लिए कहा था।

# टी-20 रैंकिंग : अभिषेक और किशन बल्लेबाजी में पहले दो स्थान पर, वरुण गेंदबाजी में शीर्ष से हटे

## अफगानिस्तान के राशिद खान 753 अंकों के साथ विश्व के नंबर एक गेंदबाज बने

**दुबई, एजेंसी**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने वाले ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को जारी की गई खेल के छोटे प्रारूप की अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और वह शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा से केवल चार अंक पीछे हैं।

टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक दुनिया के पहले नंबर के बल्लेबाज बने हुए हैं। उनके साथी बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में 317 रन बनाने के बाद दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

अब वह अभिषेक के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। किशन (871 अंक) ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और अब वह अभिषेक (875 अंक) से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और इंग्लैंड के जैकब बेथेल (17 पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) ने भी टी20 विश्व कप में कुछ शानदार पारियों के दम पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन (सात पायदान की छलांग से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ जिन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक बनाकर पुरुष टी20 विश्व कप में अब तक के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर संजू सैमसन (18 पायदान की छलांग से 22वें स्थान पर) और शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर 27वें स्थान पर) ने भी टूर्नामेंट में शानदार पारियों की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में काफी सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग में हालांकि बदलाव आया है। टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। चक्रवर्ती के 740 रेटिंग अंक है और वह राशिद (753) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिनकी टीम अफगानिस्तान ग्रुप चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इसके बावजूद वह चक्रवर्ती की जगह पहला स्थान हासिल करने में सफल रहे।



टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम की धमाकेदार जोड़ी ईशान किशन और अभिषेक शर्मा। ● एजेंसी

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं। टी20 में ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी मुकाबला काफी कड़ा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और भारत के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और वे पहले दो स्थान पर काबिज हैं। शिवम दुबे दो पायदान नीचे खिसककर 11वें स्थान पर आ गए हैं।

### भारत को मिली 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**दुबई, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों के टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपये) मिला। उपविजेता न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपये) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपये और 8.96 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए। सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए। कनाडा, नामीबिया और ओमान प्रत्येक को 2,25,000 अमेरिकी डॉलर मिले।

### यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में

**इंडियन वेल्स, एजेंसीः** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की।

## केर की हैट्रिक, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे का किया सूपड़ा साफ

**डुनेडिन, एजेंसी**

अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल ज़िमुनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



अमेलिया केर ने फिर गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक लगाकर जिम्बाब्वे के पांच विकेट झटके। पिछले मैच में उन्होंने शानदार सात विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 27.1 ओवर में 103 रनों पर समेट कर 200 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 3.1 ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिये। रोजमेरी मैयर को दो विकेट मिले। जेस केर और ब्री इलिंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। कुल मिलाकर, केर महिला एकदिवसीय इतिहास में हैट्रिक लेने वाली 14वीं गेंदबाज बन गईं। इससे पहले इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की चार्ली डीन ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ ऐसा किया था, और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन ने 2025 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ यह कारनामा किया था।

## बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड की बड़ी जीत, लिवरपूल हारा, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

**पेरिस, एजेंसी**

बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी। बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के शीर्ष गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। इस सत्र में अब तक 47 गोल करने वाले केन इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए।





सर्ज ग्नाब्री, निकोलस जैक्सन, जोसिप स्टैनिसिक और जमाल मुसियाला ने एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से पराजित किया।

टॉटनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने पहले नंबर के गोलकीपर गुगिलएल्मो विकारियो को बाहर रखने का फैसला किया जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि एटलेटिको ने 15 मिनट के भीतर ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। लिवरपूल को गैलाटासराय ने 1-0 से हराया। उसे अब अगले सप्ताह एनफील्ड में होने वाले दूसरे चरण के मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बार्सिलोना की टीम भी जूझती हुई नजर आईं। उसने खेल के अंतिम क्षणों में लामिन यामल के पेनल्टी पर किए गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## ओसाका को परास्त कर आर्यना सबालेंका क्वार्टरफाइनल में

**कैलिफ़ोर्निया, एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुकाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट ओपनिंग सर्विस गेम से की। हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला। मुझे पूरा यकीन है कि हम और भी कई मैच खेलेंगे। वह शानदार टेनिस खेलकर वापस आ रही है। मैं नतीसे से बहुत खुश हूं। पिछली बार से बहुत बेहतर। मुझे खुशी है कि मैंने आज उन पर इतना प्रेशर डाला, कि मैं कोर्ट में वैरायटी लेकर आई। मेरी सर्विस ने अच्छा काम किया। रिटर्न पर मैंने सच में बहुत अच्छा टेनिस खेला। ऑस्ट्रेलिया की टालिया गिब्सन ने इटली की दुनिया की नंबर सात जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की,। 21 साल की गिब्सन, जो दुनिया में 112वें नंबर पर हैं और अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 मेन ड्रॉ खेल रही हैं, 11 साल में टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर भी बनीं।



## अफगानिस्तान-श्रीलंका के बीच सीरीज स्थगित

**काबुल, एजेंसी**

- सैन्य विवाद के कारण फैसला लिया गया
- दोनों टीमों के बीच सीरीज 13 मार्च से शुरू होनी थी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फ़र्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के ख़िलाफ अपनी आने वाली सीरीज़, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है। दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी20 खेलने थे। एसीबी के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां श्रीलंका के ख़िलाफ़ व्हाइट-बॉल सीरीज़ स्थगित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं। हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतज़ाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

उन्होंने आगे कहा कि यह (सीरीज़) इस साल के आखिरी क्वार्टर में खेली जाएगी। इस टी20 सीरीज से उम्मीद थी कि यह सबसे छोटे फॉर्मेट में इब्राहिम ज़दरान की कप्तानी के दौर की शुरुआत होगी, क्योंकि उन्हें हाल ही में राशिद खान की जगह टी20 कप्तान बनाया गया था।

## बाबर पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था।



वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

मन की बात

भारतीय कप्तान ने कई खिलाड़यों के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में भी चर्चा की

## टीम भावना ने पर्दे के पीछे निभाई अहम भूमिका :सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई खिलाड़यों की कहानियां काफी प्रेरणा देने वाली रहीं

आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजयी अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया। हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियाँ बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फ़ोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य भाई, क्या आप मज़ाक कर रहे हैं? यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा कि छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे। उन्होंने कहा कि सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो। जिस तरह से इशान ने अपनी बात पर अमल किया है, वह एक प्यारी कहानी है।



संजू सैमसन ने टूर्नामेंट शुरू नहीं किया था। वह बीच में आए और एक बात कही कि तुम बस मुझे बताओ कि मैं टीम के लिए क्या कर सकता हूं। यही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। स्काई ने जियोस्टार पर कहा कि ऐसे खिलाड़ी, नंबर 1 से 15 तक, हर किसी की एक अलग कहानी होती है। और जसप्रीत बुमराह, मैंने उन्हें नेशनल ट्रेजर कहा है। वह हर दिन यही काम करते हैं। बुमराह जानते हैं कि वह इस फील्ड में बेस्ट हैं। लेकिन फिर भी, वह किसी भी तरह की लापरवाही को अंदर नहीं आने देते। मुझे लगता है कि इससे उनका कैरेक्टर दिखता है। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप जीतने के इमोशनल महत्व के बारे में भी बात की, वही जगह जहां से उनके इंटरनेशनल करियर की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा किअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास एहसास है। इंटरनेशनल क्रिकेट में मेरा सफर 2021 में यहीं से शुरू हुआ था। जैसे ही यह शुरू हुआ, वहां से बहुत मज़ा आया। फिर 2026 में यहां आना और भारत के लिए एक लीडर के तौर पर टी20 वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास एहसास है। उसी स्टेडियम में होना अच्छा लगता है जिसके बारे में इतने सारे लोग बात कर रहे थे। यहां जीतना पूरी टीम के लिए बहुत खास था।

### जिन्हें मौका नहीं मिलता, उनकी फिक्र होती है

भारतीय कप्तान ने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की कप्तानी करने की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पर भी ज़ोर दिया- पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्लेइंग इलेवन के बाहर के खिलाड़ियों को मोटिवेटेड और मेंटली तैयार रखना। इस टी20 वर्ल्ड कप कैंपेन में, मेरे लिए सबसे मुश्किल काम उन प्लेयर्स को संभालना था जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने के ज़्यादा मौके नहीं मिलते। जिन्हें मौके नहीं मिलते, या बहुत कम मिलते हैं, मुझे हमेशा लगता था कि मुझे उनके साथ ज़्यादा समय बिताना चाहिए। जो खेलते रहते हैं वे ऑटोपायलट मोड में होते हैं। उन्हें पता होता है कि क्या करना है। लेकिन जो कभी भी खेल सकते हैं लेकिन हर गेम में नहीं खेल पाते, उनके लिए स्विच ऑन और स्विच ऑफ करना मुश्किल होता है। इसलिए उनके साथ समय बिताना और लगातार बातें करना बहुत जरूरी था।